आषाढ़ कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


सोमवार, 24 जून 2024
वर्ष 5, अंक 218, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com


टीम कर रही है बेहतर प्रदर्शन : रोहित 13

72 वर्ष के हुए बॉलीवुड अभिनेता राज बब्बर 14


# नक्सली हमले में कानपुर का लाल बलिदान

सुकमा, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को नक्सलियों ने एक ट्रक को परिष्कृत विस्फोटक यंत्र (आईईडी) से उड़ा दिया, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की विशेष इकाई कोबरा के दो जवान बलिदान हो गए। इनमें एक कांस्टेबल शैलेंद्र कानपुर नगर के रहने वाले थे।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह विस्फोट राज्य की राजधानी रायपुर से 400 किलोमीटर दूर सुरक्षा बलों के सिलगेर और टेकलगुडेम शिविरों के बीच टिम्मापुरम गांव के पास अपराह्न करीब तीन बजे किया गया। उन्होंने बताया कि कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) की 201वीं इकाई के एक अग्रिम दल ने टेकलगुडेम की ओर सड़क सुरक्षा ड्यूटी के तहत जगरगुंडा पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत सिलगेर शिविर से गश्त शुरू की थी। सुरक्षाकर्मी एक ट्रक और मोटरसाइकिल पर सवार थे।

### पुलिस ट्रक को उड़ाया



शैलेंद्र

- छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को आईईडी से किया गया धमाका
- बम धमाके में कांस्टेबल शैलेंद्र और चालक विष्णु आर बलिदान

नक्सलियों ने ट्रक को निशाना बनाकर आईईडी धमाका किया, जिसमें कांस्टेबल शैलेंद्र (29) और वाहन चालक विष्णु आर (35) की जान चली गई। कांस्टेबल शैलेंद्र कानपुर नगर जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र स्थित नौगवां गौतम गांव के रहने वाले थे। बेटे के शहीद होने की सूचना पर घर में कोहराम मच गया।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी घर पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी ने बताया कि धमाके की सूचना मिलने के बाद अतिरिक्त सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गए हैं तथा शवों को जंगल से बाहर निकाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

### मुख्यमंत्री साय ने जवानों के बलिदान होने पर जताया शोक

**रायपुर/जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुकमा जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में दो कोबरा जवानों के बलिदान होने पर गहरा दु:ख व शोक व्यक्त किया है। साय ने रविवार को ईश्वर से दिवंगत जवानों की आत्मा की शांति और परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं, विचलित होकर ऐसी कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं।

**इसरो का एक और कीर्तिमान : 4.5 किमी ऊंचाई से छोड़ा गया पंखों वाला पुष्पक यान**

# आरएलवी का तीसरा सफल लैंडिंग परीक्षण

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पुनः काम आने वाले प्रक्षेपण यान (आरएलवी) के लैंडिंग प्रयोग (एलईएक्स) को लगातार तीसरी बार सफलतापूर्वक पूरा कर नया मील का पत्थर स्थापित किया है। कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) पर एलईएक्स श्रृंखला के एलईएक्स-03 का अंतिम परीक्षण रविवार सुबह 07:10 बजे हुआ। पिछले आरएलवी एलईएक्स -01 और एलईएक्स -02 मिशनों की उपलब्धियों के आधार पर, आरएलवी एलईएक्स -03 परीक्षण ने अधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आरएलवी की स्वायत्त लैंडिंग क्षमताओं को फिर से प्रदर्शित किया। इसरो ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि इसमें 500 मीटर की क्रॉस-रेंज शामिल है, जो एलईएक्स -02 के 150 मीटर से काफी अधिक और अधिक तेज हवा की स्थिति में है।



कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज पर लैंड करता पुष्पक। ● एजेंसी

पुष्पक नाम के इस पंखों वाले यान (आरएलवी) को वायु सेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर छोड़ा गया। इस रिलीज़ बिंदु से पुष्पक ने स्वायत्त रूप से क्रॉस-रेंज सुधार में निष्पादित किया, यह रनवे के पास पहुंचा और रनवे केंद्र रेखा पर एक सटीक क्षैतिज लैंडिंग की।

निम्न लिफ्ट-टू-ड्रैग अनुपात की विशेषता वाले इसके वायुगतिकीय विन्यास के परिणामस्वरूप लैंडिंग वेग 320 किमी प्रति घंटे से अधिक हो गया, जबकि वाणिज्यिक विमानों के लिए 260 किमी प्रति घंटे और सामान्य लड़ाकू जेट के लिए 280 किमी प्रति घंटे होता है।












# नीट-यूजी में अनियमितताओं को लेकर सीबीआई ने दर्ज की रिपोर्ट

## बिहार और गुजरात भेजे गए विशेष दल, गुजरात ने भी एजेंसी को सौंपी जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने पांच मई को आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) में अनियमितताओं के सिलसिले में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक संदर्भ के आधार पर रविवार को प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारियों ने बताया कि मंत्रालय ने एजेंसी को दी गई एक शिकायत में आरोप लगाया है कि परीक्षा के दौरान कुछ राज्यों में कुछ छिटपुट घटनाएं हुईं। शिकायत अब प्राथमिकी का हिस्सा है। सीबीआई ने विशेष दल गोधरा (गुजरात) और पटना (बिहार) भेजे हैं, जहां प्रश्नपत्र लीक के मामले दर्ज हैं।

गुजरात सरकार ने भी रविवार को मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी। अतिरिक्त मुख्य सचिव एके राकेश ने आठ मई को गोधरा तालुका थाने में दर्ज मामले को सीबीआई को सौंपने की अधिसूचना जारी की। अधिकारियों ने कहा कि एजेंसी दोनों राज्यों में दर्ज मामलों की जांच अपने हाथ में लेने की योजना बना रही है। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने अभ्यर्थियों, संस्थानों और बिचौलियों द्वारा अनियमितताओं के सम्पूर्ण पहलुओं की व्यापक जांच करने का अनुरोध किया है। एजेंसी ने धारा 120-बी और 420 के तहत नया मामला दर्ज किया है।

वहीं, नीट-यूजी में जिन 1,563 अभ्यर्थियों को पहले कृपांक दिए गए थे, उनमें से 813 अभ्यर्थी रविवार को दोबारा परीक्षा में शामिल हुए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सात केंद्रों पर दोबारा परीक्षा आयोजित की गई थी।

### बिहार में जांच करने पहुंची सीबीआई टीम पर हमला, चार लोग गिरफ्तार



सीबीआई टीम से मारपीट में गिरफ्तार आरोपी।

**नवादा।** यूजीसी नेट पेपर लीक मामले की जांच करने दिल्ली से बिहार के नवादा पहुंची सीबीआई टीम पर हमला करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी अम्बरीष राहुल ने बताया कि सीबीआई टीम से शनिवार को नवादा जिले के रजौली थाना के कसियाडीह गांव में मारपीट हुई थी। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में रविवार को पांच और संदिग्धों को गिरफ्तार किया। इन्हें एक दिन पहले झारखंड के देवघर से हिरासत में लिया गया था। इस मामले में अब तक 18 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं।

### हैक नहीं हुई एनटीए की वेबसाइट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के अधिकारियों ने रविवार को दावा किया कि उनकी वेबसाइट तथा अन्य सभी वेब पोर्टल पूरी तरह से सुरक्षित हैं और इनके हैक होने की खबरें गलत और भ्रामक हैं। एनटीए का यह स्पष्टीकरण नीट-यूजी और यूजीसी-नेट सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर जारी विवाद के बीच आया है।

### एटीएस ने दो शिक्षकों से की पूछताछ

**मुंबई।** महाराष्ट्र के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने नीट-यूजी, 2024 में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में लातूर जिले में एक निजी कोचिंग सेंटर चलाने वाले दो शिक्षकों से पूछताछ की। एटीएस की नांदेड़ इकाई ने शनिवार रात दोनों को हिरासत में लिया और कुछ घंटों तक पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया। इनमें से एक शिक्षक लातूर जिले के एक सरकारी स्कूल में काम करता है।

## परीक्षा सुधारों पर उच्च स्तरीय समिति की बैठक आज

**नई दिल्ली।** परीक्षा सुधारों पर सुझाव देने और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के कामकाज की समीक्षा के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की उच्च स्तरीय समिति की सोमवार को बैठक होगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर उठे विवाद के बीच शिक्षा मंत्रालय ने एनटीए के माध्यम से परीक्षाओं का पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष आयोजन सुनिश्चित करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख के. राधाकृष्णन के नेतृत्व में विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। एक सूत्र ने बताया कि शीघ्र कार्रवाई करते हुए, समिति की पहली बैठक सोमवार को होगी। समिति दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। जिन सुधारों की सिफारिश की गई है, उन्हें अगले परीक्षा चक्र तक लागू किया जाएगा। समिति परीक्षा कैलेंडर पर भी गौर करेगी और सुझाव देगी।

समिति परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए की संरचना और कार्यप्रणाली को लेकर सिफारिशें करेगी।

# परीक्षा केंद्र और प्रेस से लीक हुआ था आरओ एआरओ का प्रश्नपत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मामले में प्रयागराज से पकड़े गए छह अन्य आरोपी
- पूर्व में एक दर्जन से अधिक आरोपी हो चुके गिरफ्तार

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने रविवार को आरओ-एआरओ परीक्षा (2023) का प्रश्नपत्र लीक कराने वाले गिरोह के छह अन्य सदस्यों को प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में से एक प्रिंटिंग प्रेस में कार्यरत बताया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा का प्रश्नपत्र बीती 11 फरवरी को सुबह परीक्षा शुरू होने से पूर्व ही परीक्षा केन्द्र बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज प्रयागराज से आउट कराया गया था।

एसटीएफ ने गिरोह का खुलासा करते हुए बिशप जॉनसन कॉलेज में परीक्षा संबंधी कार्य देखने वाले अर्पित विनीत यशवंत (जिसने प्रश्नपत्र आउट कर गिरोह को उपलब्ध कराया था) के साथ-साथ गिरोह के अन्य सदस्यों को पूर्व में अलग-अलग दिनों में गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा था। इस मामले में बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज के प्रबन्धक व प्रधानाचार्य की भूमिका को लेकर भी जांच की जा रही है।

एसटीएफ (वाराणसी) के इंस्पेक्टर अमित श्रीवास्तव को जांच के दौरान जानकारी मिली कि प्रश्नपत्र परीक्षा केन्द्र से ही नहीं, प्रिन्टिग प्रेस से भी आउट कराया गया। इस संबंध में जानकारी करने पर पता चला कि प्रश्नपत्र लोक सेवा आयोग द्वारा प्रिंटिंग प्रेस भोपाल में छपवाया गया था। इस संबंध में जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सुनील रघुवंशी (प्रिंटिंग प्रेस कर्मी) निवासी बिलखिरिया भोपाल, सुभाष प्रकाश निवासी जयनगर मधुबनी बिहार, विशाल दुबे निवासी मेजा प्रयागराज, संदीप पाण्डेय निवासी करछना प्रयागराज, अमरजीत शर्मा निवासी फतेहपुर, गया बिहार और विवेक उपाध्याय निवासी बैरिया बलिया शामिल हैं।

# मायावती ने भतीजे आकाश को फिर बनाया उत्तराधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने रविवार को भतीजे आकाश आनंद को फिर से अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। उन्होंने आकाश को पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर के पद पर भी बहाल कर दिया है। ऐसे में आकाश आनंद फिर देश में पार्टी के मूवमेंट को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।

मायावती ने रविवार को पार्टी कार्यालय में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भतीजे को लेकर निर्णय साझा करने के साथ आकाश को दूसरे राज्यों में भी बसपा को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने अन्य प्रांत समेत उप्र. में होने वाले विधानसभा उपचुनाव में सभी 10 सीटों पर प्रत्याशी उतारने की भी घोषणा की। बसपा प्रमुख ने कहा कि आकाश के भाषण के दौरान आप लोग भीड़ लेकर मंच पर पहुंच गए थे। कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रखने के लिए ही आकाश को पद से हटाया गया था।



- बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर का पद भी सौंपा

## प्रज्वल रेवन्ना का भाई सूरज अप्राकृतिक यौनाचार में गिरफ्तार



**होलेनरासीपुर (हासन)।** कर्नाटक के हासन में कई महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) नेता प्रज्वल रेवन्ना के भाई एवं पार्टी विधायक सूरज रेवन्ना को पुलिस ने पार्टी के एक पुरुष कार्यकर्ता के साथ कथित तौर पर अप्राकृतिक यौनाचार करने के आरोप में रविवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि शिकायत अर्कलगुड तालुक के एक युवक की ओर से दर्ज कराई गई। सूरज रेवन्ना ने आरोपों को खारिज करते हुए राजनीति से प्रेरित बताया है।

# प्रोटेम स्पीकर को लेकर हंगामा होने के आसार

नई दिल्ली, एजेंसी

18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है, जिसमें नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। 24 जून से 3 जुलाई तक के चलने वाले 10 दिन के इस सत्र में कुल आठ बैठकें होंगी। 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा और 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। भाजपा नेता एवं सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को संसद के निचले सदन का अस्थायी अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) नियुक्त किए जाने के कारण सदन में हंगामा होने के आसार हैं।

महताब को अस्थायी अध्यक्ष बनाए जाने की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की है और आरोप लगाया है कि सरकार ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के. सुरेश के दावे की अनदेखी की। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा है कि महताब लगातार सात बार के लोकसभा सदस्य हैं, जिससे वह इस पद के लिए उपयुक्त हैं। राष्ट्रपति मुर्मू महताब को लोकसभा के अस्थायी अध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाएंगी।

### संसद सत्र आज से



- नवनिर्वाचित सदस्य लेंगे शपथ सरकार साबित करेगी बहुमत

### इन 10 दिनों के दौरान संसद में क्या-क्या होगा ?

- प्रधानमंत्री संसद को संबोधित करेंगे
- लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण
- प्रधानमंत्री कैबिनेट का देंगे परिचय
- राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा
- प्रधानमंत्री 2 या 3 जुलाई को इस चर्चा पर अपना जवाब देंगे

### नीट-यूजीसी नेट मुद्दे पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

संसद संत्र के दौरान राहुल गांधी नीट और यूजीसी नेट परीक्षा में कथित अनियमितता के मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरेंगे, तो दूसरी तरफ सेना में अग्निवीर योजना को लेकर भी सरकार पर हल्ला बोल करेंगे। इसके अलावा, कांग्रेस और टीएमसी ने तीन नए कानूनों पर भी मोदी सरकार को घेरने का संकेत दे दिया है।

### विपक्ष पीठासीन पैनल से अपने सदस्यों को हटाने पर अड़ा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति ने लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाने में प्रोटेम स्पीकर की सहायता के लिए कोडिकुन्निल सुरेश (कांग्रेस), टीआर बालू (द्रमुक), राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते (भाजपा) तथा सुदीप बंदोपाध्याय (टीएमसी) को नियुक्त किया था। इंडिया गठबंधन ने कहा कि सुरेश, बालू और बंदोपाध्याय पीठासीन अधिकारियों के पैनल में शामिल नहीं होंगे।

## एक हफ्ते में बिहार में तीसरा पुल गिरा

**मोतिहारी।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन प्रखंड में अमवां कुंडवा चांदपुर मार्ग पर शनिवार रात एक निर्माणाधीन पुल ढह गया। बिहार में एक सप्ताह के अंदर अररिया और सीवान के बाद यह तीसरा पुल ढहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रहा 18 मीटर लंबा पुल शनिवार रात अपने दो स्पैन में से एक की ढलाई के कुछ ही घंटों बाद ढह गया। ढाका में तैनात आरईएस के कार्यपालक अभियंता एसएन. मंडल ने दावा किया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने पुल के नए बने हिस्से के सेंट्रिंग को बिगाड़ दिया था, जिससे पुल ढह गया। जबकि स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पुल के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था।

# ईटानगर में बादल फटने से भूस्खलन, बाढ़ से असम में 4 लाख प्रभावित, 37 की मौत

ईटानगर/गुवाहाटी, एजेंसी

- भारी बारिश के मद्देनजर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह

अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में रविवार सुबह बादल फटने से कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ और बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग 415 के कई हिस्सों में जलभराव हुआ।

राज्य की राजधानी के लोगों की जीवनरेखा माने जाने वाले राजमार्ग पर कई वाहन फंसे हुए हैं। जिला प्रशासन ने लोगों से नदियों के किनारे और भूस्खलन के खतरे वाले क्षेत्रों में न जाने को कहा है। आपदा प्रबंधन विभाग ने भारी बारिश के मद्देनजर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है। जिला प्रशासन ने सात स्थानों पर राहत शिविर लगाए हैं। असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। करीब एक हफ्ते से हो रही बारिश के कारण आई बाढ़ से 19 जिलों में करीब 4 लाख लोग प्रभावित हैं।

बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों का आंकड़ा 37 हो गया है। बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए सरकार ने 134 रिलीफ कैंप लगाए हैं। जहां कुल 17,661 लोगों ने शरण ले रखी है। बराक के करीमगंज में कुशियारा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। असम राज्य के आपदा प्रबंधन प्राधिकारी के अनुसार रविवार को दो लोगों की मौत हो गई। 3995.33 हेक्टेयर कृषि भूमि बाढ़ के पानी से जलमग्न है।


### एमपी समेत 11 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश समेत 11 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इनमें मध्य प्रदेश के मालवा इलाके के अलावा गोवा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। अगले 3-4 दिनों में इन राज्यों को मानसून पूरी तरह कवर कर लेगा।

# जुलाई से सक्रिय होने लगेंगे नए थर्मल पॉवर स्टेशन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**660 मेगावॉट की जवाहरपुर-2, 561 की घाटमपुर-1 और 660 मेगावॉट की पनकी यूनिट हो जाएंगी चालू**



- 2027 तक 10 पॉवर प्लांट होंगे पूरे, बनेगी 5255 मेगावॉट बिजली
- 2030 तक और तीन बड़े बिजली घरों की क्षमता में भी होगी बढ़ोत्तरी

**अमृत विचार :** आने वाले समय में बिजली की बढ़ती मांग के मद्देनजर अगले माह से ही नए थर्मल पॉवर प्लांट क्रियाशील होने लगेंगे। दरअसल, शासन की योजना इसी साल 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को जमीन पर उतारने की है। इसके बाद बड़े स्तर पर बिजली की मांग बढ़ेगी। इसे देखते हुए राज्य सरकार अगले तीन साल में 10 नए थर्मल पॉवर प्लांट के जरिए लगभग 5255 मेगावॉट बिजली उत्पादन में बढ़ोतरी करेगी। वहीं, 2030 तक तीन इकाइयों की क्षमता बढ़ाकर 5120 मेगावॉट अतिरिक्त बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा।

राज्य में जिन नए थर्मल पॉवर स्टेशन को शुरू करने की कवायद चल रही है उनमें 660 मेगावॉट की जवाहरपुर यूनिट-2, इस साल जुलाई तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-1, जुलाई तक, 660 मेगावॉट की पनकी यूनिट जुलाई तक जबकि, 660 मेगावॉट की ओबरा सी यूनिट-2, इस साल सितंबर तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-2, दिसंबर तक, 561 मेगावॉट की घाटमपुर यूनिट-3, मार्च 2025 तक, 396 मेगावॉट की खुर्जा एसटीपीपी यूनिट-1 और 396 मेगावॉट की यूनिट-2, मई 2025 तक, 400 मेगावॉट की सिंगरौली स्टेज थ्री यूनिट-1 अगस्त 2027 तक और 400 मेगावॉट की सिंगरौली स्टेज थ्री, यूनिट-2 अगस्त 2027 तक क्रियाशील हो जाएगी। इनके शुरू होने से उप्र. में अतिरिक्त 5255 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होने लगेगा। इसके अतिरिक्त 2030 तक बिजली उत्पादन क्षमता में 5120 मेगावॉट की बढ़ोत्तरी की जाएगी। इसके तहत मौजूदा तीन इकाइयों की क्षमता में वृद्धि की जाएगी। इसमें ओबरा डी-2 को 1600 मेगावॉट, अनपरा ई-2 को 1600 मेगावॉट और मेजा 2 को 1920 मेगावॉट उत्पादन क्षमता तक विस्तारित करना है।

### बिजली खपत और उत्पादन में बड़ा अंतर

राज्य में स्थापित सभी थर्मल पॉवर प्लांट्स के जरिए लगभग साढ़े 6 हजार मेगावॉट बिजली का उत्पादन होता है। इसके अलावा हाइड्रो, विंड और सौर ऊर्जा सहित अन्य स्रोतों से भी बिजली का उत्पादन होता है, मगर बीते दशकों में बिजली उत्पादन को लेकर बरती गई उदासीनता के कारण वर्तमान में बिजली की खपत और उत्पादन के बीच बड़ा अंतर दिखाई देता है। इस साल गर्मियों में बिजली की मांग 30 हजार मेगावॉट से भी अधिक रही है।

**आज का मौसम**

तेज हवा के साथ बारिश का अनुमान



36.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

## तेज हवा के साथ बारिश से मिली राहत मगर उमस ने किया परेशान

**बरेली,अमृत विचार :** प्री मानसून की बारिश से लोगों को गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली है लेकिन उमस परेशान कर रही है। रविवार को भी कुछ इलाकों में बारिश हुई लेकिन उसके बाद गर्मी बढ़ गई। दिन और रात के तापमान में भी वृद्धि हुई है। मानसून की बारिश सोमवार से शुरू हो जाएगी। मौसम विभाग ने 27 से 30 जून तक झमाझम बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस अधिक 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री अधिक 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान करीब डेढ़ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। तीन दिन पहले वातावरण में नमी सिर्फ 43 फीसदी रह गई थी लेकिन वह रविवार सुबह बढ़कर 84 फीसदी दर्ज की गई। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह के मुताबिक बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आने वाली मानसूनी हवाएं दिल्ली में आकर मिल गई हैं। इसकी वजह से प्री मानसून बारिश हो रही है। 24 और 25 जून को पांच-पांच मिलीमीटर बारिश होने की संभावना है।

## नालियां बंद कर दीं अब सड़क पर बह रहा पानी

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट के नकटिया में चेतना कॉलोनी में लोगों ने घरों के आगे नालियां बंद कर दी हैं। ऐसे में बारिश का पानी सड़क पर बह रहा है। इसकी वजह से लोगों को निकलने में परेशानी हो रही है। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है। यहां की नालियों की भी सफाई कई महीने से नहीं हुई है।

## डिवाइडर पर रखे गमलों में सूख गए पौधे

**बरेली, अमृत विचार :** सेटेलाइट से इन्वर्टिस तिराहा तक सड़क चौड़ीकरण के दौरान पौधरोपण भी किया गया था। सेटेलाइट से नकटिया तक डिवाइड पर गमलों में पौधे रखे गए थे लेकिन धीरे-धीरे पौधे सूखते चले गए। इसके अलावा गई गमले भी टूट गए हैं। अब तक इनकी किसी ने सुध नहीं है।

# और समझना क्या है बाकी... सांसद ने नगर निगम को उद्योग कह तो दिया है

सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने वैसे तो यह कहकर साफगोई तो दिखाई है कि नगर निगम को उद्योग की तरह चलाया जा रहा है लेकिन सिर्फ इतना कह देना काफी नहीं था कि नगर निगम को उद्योग किसने बनाया। जाहिर है कि सांसद ऐसा बोल रहे हैं तो यह सरकार की नीति तो नहीं होगी। ऐसे में सवाल उठता है कि शहर की जनता के हितों को दांव पर लगाकर नगर निगम को उद्योग कौन बना रहा है, अफसर या जनप्रतिनिधि। और इस पर कोई जवाबदेही क्यों तय नहीं हो रही।


उद्योग की तरह चल रहा है नगर निगम हाउस टैक्स में गड़बड़ियों पर बोले सांसद

## एक तरफ टैक्स पर बवाल...

## तो अब न हाउस टैक्स जमा होगा न शहर में जरूरत के काम होंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में लोगों का हजारों में निर्धारित हाउस टैक्स लाखों में पहुंच जाने के लिए शासन की ओर से जीआईएस सर्वे के लिए चुनी गई एजेंसी को जिम्मेदार बताकर अफसर पल्ला जरूर झाड़ रहे हैं लेकिन इतना साफ है कि इसका भारी खामियाजा नगर निगम के साथ जनता को उठाना पड़ेगा। नए वित्तीय वर्ष में एक भी पैसे का हाउस टैक्स जमा न होने से निगम की खराब माली हालत और दयनीय होने का अंदेशा है। इसके बाद शहर में जरूरत के काम भी नहीं हो पाएंगे।

नगर निगम के अफसर और जनप्रतिनिधि शहर में सड़क और नाली जैसे काम न करा पाने के लिए काफी समय तक खराब माली का हवाला देते रहे हैं। अब तक शहर के ज्यादातर इलाकों में पहले से प्रस्तावित काम अधर में लटके हुए हैं। अब हाउस टैक्स जमा न होने से स्थिति और खराब होने का अंदेशा है।

नए वित्तीय वर्ष में एक भी पैसा हाउस टैक्स की मद में जमा नहीं हुआ है। जीआईएस सर्वे पर पांच करोड़ से ज्यादा धनराशि खर्च की गई थी और साढ़े चार साल का समय लगा था। अब अनाप-शनाप ढंग से लोगों का टैक्स कई-कई गुना बढ़ जाने के बाद अफसर-नेता अपनी गर्दन बचाने में लगे हुए हैं।


कुर्सी पर विवाद

नगर आयुक्त की कुर्सी पर बैठकर मीटिंग हॉल मे प्रेसवार्ता नहीं करनी चाहिए थी। वह अधिकारियों का मीटिंग हॉल है। आयुक्त की कुर्सी पर बैठना बहुत गलत और अशोभनीय है। सपा की मानसिकता ही है कब्जा करने वाली। – **शालिनी जौहरी**, पार्षद उप नेता भाजपा

मीटिंग हॉल में नगर आयुक्त की कुर्सी या सीट नही होती। उनकी सीट उनके चैंबर में पड़ी है। वहां कोई विधायक आ जाए तो वहीं बैठेगा। मीटिंग हॉल मे कहां लिखा है कि यह नगर आयुक्त या अपर आयुक्त की कुर्सी है। हम भी तो माननीय पार्षद है। – **गौरव सक्सेना**, पार्षद सपा

### नहीं सुलझा मामला तो कोर्ट जाएंगे

पार्षद राजेश अग्रवाल ने बताया कि गलत तरीके से बढ़ाए हाउस टैक्स को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। बोर्ड बैठक में समस्या का निदान नहीं हुआ तो मामले को कोर्ट ले जाएंगे। नगर निगम के नियमों की अनदेखी कर नई कर प्रणाली लागू की गई है। सपा के पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना और भाजपा के पार्षदों ने भी कर निर्धारण की गलतियों को सुधारने के लिए नगर आयुक्त से शिकायत की है। कुछ पार्षदों का कहना है कि कार्यकारिणी की बैठक में भी जीआईएस सर्वे को स्थगित करने का मुद्दा उठाया जाएगा।

जीआईएस सर्वे में बहुत ज्यादा गड़बड़ियां हुई हैं। पहले से जनता महंगाई की मार झेल रही है। टैक्स बढ़ने से लोगों को और आर्थिक शोषण का शिकार होना पड़ेगा। पहले जो छूट दी जाती थी, उसे भी बंद कर दिया गया है। – **सुप्रिया ऐरन**, पूर्व महापौर

चुनाव के बाद नगर निगम के हाउस टैक्स बढ़ाने से लोगों में गुस्सा है। गलत बिल रद्द कर टैक्स में पुरानी छूट बहाल होनी चाहिए। आय बढ़ाने के लिए शहर के लोगों पर टैक्स की ये अनावश्यक मार है। – **संजीव मेहरोत्रा**, ट्रेड यूनियन फेडरेशन के महामंत्री

## दूसरी तरफ ये हाल...

### पैर फिसल सकते हैं और जिंदगी भी








सेठ दामोदर स्वरूप पार्क और चौकी चौराहे पर खुले पड़े तार हर पल परीक्षा ले रहे हैं कि आप कितने सावधान हैं। ● मोहित कुमार सिंह

### 76 लाख पानी में... अब नाथ कॉरिडोर बनेगा

सुभाषनगर पुलिया के नीचे जलभराव दूर करने के लिए सीसी रोड बनाकर 76 लाख रुपये फूंके गए थे। पहले तो ये सड़क डेढ़ महीने बाद ही उखड़ने लगी। अब शनिवार को बारिश के बाद यहां भरा पानी बता रहा है कि 76 लाख का खर्च अनुपयोगी साबित हुआ है। ठेकेदार पर जुर्माना लगाया जा चुका है। अब ये सड़क नाथ कॉरिडोर योजना में भी बननी है।




चौपुला से स्टेशन रोड



### नाले नहीं, सिर्फ बजट हुआ है साफ... बता देगी बारिश

नगर निगम 76 फीसदी नालों की सफाई कराने का दावा कर रहा है लेकिन चोक नाले बारिश से पहले ही उफना रहे हैं। जल्द जब बारिश शुरू होगी तो यह भी बता देगी कि नाले नहीं नगर निगम ने सिर्फ बजट साफ किया है। नगर निगम अफसरों का दावा है कि शहर में 228 नालों में से 175 नालों को साफ किया जा चुका है। हालांकि असल में आवास विकास, सुभाष नगर, मलूकपुर, जगतपुर, पीलीभीत बाईपास समेत कई नाले साफ नहीं हुए हैं। यह तस्वीर सर्वाधिक जलभराव वाले क्षेत्र सुभाषनगर के नाले की है, जहां अभी से पानी बाहर उफान मार रहा है।

● अमृत विचार

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact : 7906732664, 8445507002

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
Estd. 2000
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
B.Sc. Nursing | G.N.M.
M.Sc. Nursing | A.N.M.
P.B.B.Sc. Nursing | D.P.T.
College Code: 2430244 | D.R. Optometry
ADMISSION OPEN
D.Pharma | M.Ed.
D.M.L.T. | B.Ed
Budaun Office: Malgodam Road, Civil Lines, Near Railway Station, Budaun- Mob.: 7906222523, 9837997770
Bisalpur Office: Govt. Degree College Raod, Bisalpur, Pilibhit- Mob.: 9105495531
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Head Office: Gurah Compound, Macnair Road, Behind PNB Bank, Prem Nagar, Bareilly
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

# वह बच्ची से छेड़छाड़ का आरोपी है... सदस्य नहीं बन सकता... आपने प्रधान बना दिया

## आर्य उप प्रतिनिधि सभा के पूर्व मंत्री ने चुनाव प्रभारी को लिखा पत्र, कई सवालों का मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कहा- फर्जीवाड़े के आरोप के बाद भी अब तक नहीं दिखाई है अपनी डिग्री
- तीन साल की स्थाई सदस्यता के बिना कैसे हुआ जिला सभा के लिए नामित

**अमृत विचार :** करीब 360 करोड़ की जमीन को खुर्दबुर्द करने के शक के बीच संविधान और नियमावली के विरुद्ध आर्य समाज अनाथालय को बंद करने की घोषणा कर चुके उसके प्रधान ओमकार पर आर्य उप प्रतिनिधि सभा के पूर्व मंत्री ने कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने चुनाव प्रभारी को पत्र लिखकर पूछा है कि बच्ची से छेड़खानी के जिस आरोपी की सदस्यता रद्द की जानी चाहिए थे, उसे दोबारा प्रधान कैसे बना दिया गया। वह भी तब जब फर्जीवाड़े के कई बार आरोप लगने के बाद वह अब तक अपनी डिग्री तक नहीं दिखा सका है।

आर्य उप प्रतिनिधि सभा के पूर्व मंत्री रामपाल आर्य ने पत्र में कहा है कि संस्था के किसी भी पद पर चरित्रवान और बेदाग व्यक्ति का चयन होना चाहिए। यह प्रावधान आर्य समाज की नियमावली में दिया ऐसे में ओमकार आर्य को आठ साल की बच्ची से छेड़खानी




के आरोप से मुक्त होने तक दोबारा प्रधान नहीं चुना जा सकता लेकिन साठगांठ के तहत अवैध रूप से चुन लिया गया। उन्होंने मांग की है कि यह चुनाव तत्काल रद्द कर दोबारा चुनाव कराया जाए।

पूर्व मंत्री ने चुनाव प्रभारी को भेजे पत्र में यह जिक्र भी किया है कि कई बार आरोप लग चुका है कि प्रधान चुने गए ओमकार आर्य की आचार्य की डिग्री फर्जी है। इसके बाद उन्हें कई बार अपनी डिग्री दिखाने को कहा जा चुका है लेकिन उन्होंने अब तक अपनी डिग्री सार्वजनिक नहीं की है। यह भी बेहद गंभीर है। उसकी डिग्री की तत्काल जांच कराई जानी चाहिए। पूर्व मंत्री ने कहा कि ओमकार को तीन साल की स्थाई सदस्यता भी प्राप्त नहीं है, इसके बावजूद बिहारीपुर आर्य समाज ने उसे जिला सभा के लिए नामित कर दिया। उन्होंने कहा है कि ओमकार पद के योग्य है या नहीं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि नौ जून को आयोजित बैठक में वह सदस्यों को अपने मूल आर्य समाज का नाम भी नहीं बता पाया था।

पूर्व मंत्री का पत्र चुनाव के दिन ही प्राप्त हुआ था। उन्होंने जो शिकायतें कीं, वे सभी जिला स्तरीय समिति से संबंधित हैं। मुझे पारदर्शी ढंग से चुनाव कराने के लिए ही नामित किया गया था।

–**गंगाराम**, चुनाव प्रभारी

### बंद नहीं होना चाहिए अनाथालय, यह उसकी नियमावली के खिलाफ

आर्य उप प्रतिनिधि सभा के पूर्व मंत्री रामपाल आर्य ने अनाथालय बंद न होने देने का भी आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि अनाथालय को बंद किया जाना उसकी नियमावली के खिलाफ है। सभी को इस फैसले का विरोध करना चाहिए। दूसरी तरफ, अनाथालय बंद करने की घोषणा के बाद भी उसके नाम पर दान लिया जा रहा है। यह भी आर्य समाज की नियमावली के विरुद्ध है। बता दें कि शहर के बीच 140 साल पुराने आर्य समाज अनाथालय की करीब 42 बीघा जमीन है जिसकी अनुमानित कीमत 360 करोड़ रुपये है। काफी समय से इस जमीन पर भूमाफिया की नजर है। इसी बीच कुछ समय पहले से प्रबंध कमेटी ने अनाथालय को बंद करने का एलान कर दिया और इसमें रह रही लड़कियों को निकालना शुरू कर दिया। प्रबंध कमेटी ने अनाथालय की जगह गुरुकुल बनाने का एलान किया है लेकिन इसका उसके पास बजट ही नहीं है।

# देहरादून और आनंद विहार स्पेशल घंटों देरी से पहुंची

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ट्रेनों के इंतजार में पूरे दिन परेशान होते रहे यात्री
- 26 से भुज-बरेली एक्सप्रेस बदले हुए मार्ग से चलेगी
- मुरादाबाद रेल मंडल में दुगनपुर रेल यार्ड में चल रहा कार्य

**अमृत विचार :** मुरादाबाद रेल मंडल में दुगनपुर रेल यार्ड में चल रहे नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से चौथे दिन रविवार को देहरादून, आनंद विहार स्पेशल समेत कई ट्रेनें घंटों देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंचीं। इससे यात्रियों को परेशानी हुई। वहीं, 26 जून से भुज-बरेली एक्सप्रेस बदले हुए मार्ग से चलेगी।

रविवार को 20506 नई दिल्ली-डिबरुगढ़ राजधानी एक्सप्रेस को नई दिल्ली से ही सवा घंटा देरी से चलाया गया। अमृतसर-सहरसा गरीबरथ एक्सप्रेस अमृतसर से सवा घंटा देरी से चली। देहरादून स्पेशल 10 घंटा 22 मिनट, 12369 कुंभ एक्सप्रेस 2 घंटा 45 मिनट, आंनदविहार स्पेशल और 04067 दिल्ली समर स्पेशल 6-6 घंटे की देरी से यहां पहुंचीं। ट्रैक मरम्मत के चलते कैंट, परसाखेड़ा, नगरिया सादात स्टेशन पर कुछ ट्रेनों को रोका गया। 05531 रक्सौल-आनंदविहार स्पेशल को एक घंटा, 04624 श्रीवैष्णो देवी-वाराणसी स्पेशल को दो घंटा रास्ते में रोका गया।

12369 हावड़ा दून, 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ को रामपुर बरेली जंक्शन से न निकालकर चंदौसी वाया रामगंगा-कैंट से निकाला गया। 26 जून को बरेली-भुज एक्सप्रेस ट्रेन परिवर्तित मार्ग से चलेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल में अलवर-रेवाड़ी सेक्शन के अनाज मंडी रेवाड़ी में क्रॉसिंग पर अंडरपास के निर्माण के चलते यह निर्णय लिया गया है। वहीं, ब्लॉक के चलते ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। उन्हें राहत नहीं मिल रही है।

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL
Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2024-25
LL. B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40% (in Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
8630182679, 7983811321
9411472001, 9690263708 & 9837485855
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar, 12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

आवश्यकता है
अमृत विचार को
● एचआर /एडमिन
● मार्केटिंग मैनेजर, डिप्टी मार्केटिंग मैनेजर व अकाउंटेंट की
अनुभवः- किसी दैनिक अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव हो
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## रोडवेज बस पर टूटकर गिरी पीपल की मोटी डाल, बाल-बाल बचा हादसा



**बरेली, अमृत विचार :** पुराने बस अड्डे पर शनिवार रात पीपल का पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से दिल्ली गेट के आसपास खड़ी बसें दब गई। इसकी वजह से रास्ता बंद हो गया। रविवार शाम तक पेड़ न हटाने की वजह से बसों के निकलने में दिक्कत हुई और जाम की स्थिति बनी रही। बसों को बदायूं गेट से गुजारा गया। बरेली डिपो के एआरएम संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि बस पर पेड़ गिरने से किसी को चोट नहीं आई है। पेड़ को हटवाकर बस को वर्कशॉप में भेज दिया है।

www.anacollege.org
ANA Group of Institutions
●BAMS ●B.Sc.Nur. ●GNM
●B.Pharma ●D.Pharma
●Polytechnic ●M.Tech
●B.Tech ●M.B.A.
●B.B.A. ●B.C.A.
ADMISSION OPEN 2024-25
Best Placements in the Region
Campus: 13.5 Km. Bareilly-Delhi Highway, Near Rubber Factory, Agras Road, Bareilly U.P. (243501)
8937002800/8937002805

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# पुलिस और माफिया की साठगांठ से बदलता बरेली..! 30 लाख में तय हुआ था 15 करोड़ कीमत के प्लॉट पर कब्जे का सौदा

## किराए पर इकट्ठे किए गए थे गुंडे, माफिया के बढ़ते हौसले और ताकत के खुले प्रदर्शन के पीछे थी कई दिनों की तैयारी



कार्यालय संवाददाता, बरेली

- हिस्ट्रीशीटर केपी यादव ने अपने दोस्त के जरिए तय कराया था पूरा सौदा
- पुलिस ने दिखाई जरूरत से ज्यादा दिलचस्पी, पर गैंगवार का नहीं था अंदाजा

**अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास पर करीब 15 करोड़ कीमत के प्लॉट पर कब्जे के लिए शनिवार को सड़क पर डेढ़ घंटे तक फायरिंग की जिस घटना ने बरेली में अपराध का नया इतिहास बना दिया, उसे अंजाम देने के लिए 30 लाख रुपये कीमत अदा कर किराए के गुंडे बुलाए गए थे। कथित रूप से कोर्ट के एक आदेश के साथ राजीव राणा पक्ष पुलिस को लेकर सुबह छह बजे प्लॉट पर कब्जा लेने पहुंचा तो वहां हथियारों से लैस ये गुंडे भी मौजूद थे। इज्जतनगर पुलिस ने इस मामले में जरूरत से ज्यादा दिलचस्पी तो दिखाई लेकिन माना जा रहा है कि यह अंदाजा उसे भी नहीं था कि मौके पर गैंगवार की भी पूरी तैयारी पहले ही की जा चुकी है।

एंटी भूमाफिया और अपराधियों के पलायन कर जाने के दावों बीच शनिवार को बरेली में जो माफिया के बढ़ते हौसले और ताकत का खुला प्रदर्शन किया गया, उसके पीछे कई दिनों की लंबी तैयारी बताई जा रही है। इस मामले में गिरफ्तार एक आरोपी के मुताबिक प्लॉट पर कब्जा करने के लिए 30 लाख रुपये में सौदा तय हुआ था। यह सौदा हिस्ट्रीशीटर केपी यादव ने अपने एक दोस्त के जरिए तय कराया था। इसके बाद अवैध हथियारों के साथ शहर से देहात तक के किराए के तमाम गुंडों को बुलाया गया था। राजीव राणा पक्ष की ओर से इन गुंडों के साथ शहर से कुछ दूर की गई पार्टी में पहले ही पूरी प्लानिंग भी समझा दी गई थी।

### कॉल डिटेल और लोकेशन..! आरोपियों को पता था हमले के बाद यही सब करेगी पुलिस

पुलिस अधिकारियों ने इस मामले के आरोपियों की हफ्ते भर की कॉल डिटेल निकालने के साथ और उनकी लोकेशन का पता लगाने का निर्देश दिया है, हालांकि आरोपियों ने जो तैयारी की थी, उससे जाहिर है कि वे लोग पहले ही इससे बचाव की तैयारी कर चुके थे। बताया जा रहा है कि भाड़े के बदमाशों के साथ जब पार्टी की गई थी तो उन्हें समझा दिया गया था कि हमले से पहले उन्हें क्या करना है ताकि बाद में पुलिस छानबीन करे तो यह पुष्टि न हो सके कि वे मौके पर थे। रविवार को आरोपी राजीव राणा ने अपना पक्ष साफ करते हुए जो वीडियो जारी किया, उसमें भी वह पुलिस को अपनी और अपने लोगों की लोकेशन का पता लगाने की चुनौती देता दिख रहा है।

इस प्लानिंग के बाद शुक्रवार देर रात ये सभी शहर के एक होटल में इकट्ठे हो गए थे। कुछ घंटे यहीं काटे और फिर योजना के तहत शनिवार सुबह पीलीभीत बाईपास पर पहुंचकर प्लॉट पर कब्जा शुरू कर दिया गया।काफी तोड़फोड़ होने के बाद जब आदित्य उपाध्याय पक्ष को इसका पता चला तो विरोध हुआ और फिर ताबड़तोड़ गोलियां चलनी शुरू हो गईं।



पुलिस ने रविवार को भी छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। • अमृत विचार

## शासन ने तलब की घटना की रिपोर्ट, अफसरों में मची खलबली

- पुलिस ने नौ आरोपियों को जेल भेजा, छह और गिरफ्तार, तीन का अस्पताल में चल रहा इलाज
- बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के बनाई गईं पांच टीमें, दहशत से बंद हुईं दुकानें दूसरे दिन खुलीं

**बरेली, अमृत विचार :** प्लॉट पर कब्जे के लिए बीच सड़क दो घंटे तक फायरिंग, बवाल और आगजनी के वायरल वीडियो बरेली के पूरे सिस्टम की धज्जियां उड़ा रहे हैं। शासन ने इनका संज्ञान लेकर अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की है। इस बीच पुलिस ने नौ आरोपियों को जेल भेज दिया है। तीन आरोपियों का पुलिस अभिरक्षा में इलाज चल रहा है। रविवार को छह और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग पांच टीमें बनाई गई हैं।

बीच सड़क सरेआम फायरिंग की घटना पर शासन ने नाराजगी जताते हुए रिपोर्ट तलब की है। पुलिस ने अब तक इस मामले में टाइल्स की दुकान के मालिक अभिराज उपाध्याय और उसके बेटे आदित्य के साथ शिवओम कुमार, रविंद्र यादव, सनोज, संदेश, पंकज गुप्ता और ओमकार को गिरफ्तार किया है। रोहित ठाकुर, रोहित और ललित सक्सेना का अस्पताल में पुलिस हिरासत में इलाज चल रहा है। फरार बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें बनाई गई हैं। घटनास्थल पर पुलिस तैनात कर दी गई है। शनिवार को ताबड़तोड़ फायरिंग के बाद आसपास की दुकानें पूरे दिन बंद रही थीं जो रविवार को खुलीं। हालांकि लोग अब भी खौफजदा हैं और कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं।

रविवार को पुलिस ने छह और को गिरफ्तार किया। इनमें हाफिजगंज के अर्जुन कश्यप, संजीव, अनिल उर्फ सनी, राजेन्द्र नगर के शैलेश प्रताप, इज्जतनगर के विशाल और हाफिजगंज के मुनाजिर अली उर्फ मुन्ना शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक इन सब पर करीब दो दर्जन केस दर्ज हैं। मुनाजिर के पास से एक तमंचा, दो कारतूस और बाकी आरोपियों से एक-एक चाकू बरामद हुआ है।


### कुर्क होगी आरोपियों की संपत्ति, गैंगस्टर लगेगा : आईजी



आईजी डॉ. राकेश सिंह ने कहा है कि पुलिस इस मामले में सख्त रवैया अपनाएगी। सभी आरोपी जेल भेजे जाएंगे। उन पर गैंगस्टर लगाने के साथ उनकी संपत्तियों की जांच कराकर अवैध रूप से अर्जित की गईं संपत्तियां कुर्क की जाएंगी। आईजी ने कहा कि बदमाशों ने जिस दुस्साहस के साथ वारदात को अंजाम दिया है, उसे देखते हुए ऐसी सख्त कार्रवाई की जाएगी जो नजीर के रूप में याद की जाए। उनकी कमर तोड़ दी जाएगी।

## फंसा राजीव राणा, उसी के होटल में ठहरे थे किराए के गुंडे, पुलिस ने तलाशे सबूत

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस ने प्लॉट पर कब्जे के लिए पीलीभीत बाईपास पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाने वाले बदमाशों और मुख्य आरोपी राजीव राणा के बीच लिंक ढूंढ लिया है। पुलिस के मुताबिक गोलियां चलाने वाले किराए के बदमाश रिठौरा में देर रात तक दारू-मुर्गा उड़ाने के बाद सीएआरआई के पास मुंशीनगर में राजीव राणा के सीके वैली होटल में पहुंचे थे, जहां उनके लिए हिस्ट्रीशीटर केपी ने पहले ही 22 जून की रात साढ़े दस से सुबह छह बजे तक के लिए 206 से 210 तक पांच कमरे बुक करा रखे थे। केपी ने एक कमरे में करीब 10 लोगों के ठहरने का बंदोबस्त कर रखा था। बताया जा रहा है कि छह बजे से पहले ही ये लोग होटल से निकलकर योजना के तहत प्लॉट पर पहुंचे जहां उस पर कब्जा करने के लिए तोड़फोड़ शुरू करा दी। विरोध हुआ तो जमकर गोलीबारी की। इंस्पेक्टर इज्जतनगर राधेश्याम ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में बताया है कि केपी ने सभी को पहले ही बताया था कि अगर मामला खराब होता दिखे तो फौरन गोलियां चलाना शुरू कर देना। वह पूरा मामला संभाल लेगा।




- होटल में हिस्ट्रीशीटर केपी की ओर से बुक कराए गए थे पांच कमरे

### फरार राणा ने कहा- यह पप्पू गिरधारी की साजिश



केस में नामजद होने के बाद फरार हुए राजीव राणा ने भी रविवार को वीडियो जारी किया। इसमें वह कह रहा है कि वह निर्दोष है। बीडीए से अप्रूव्ड प्लॉट उसी का है, जो उसने डॉ. भारती गुप्ता से खरीदा था। इस पर गिरधारी पप्पू कब्जा करना चाहते हैं। घटना के पीछे उन्हीं की प्लॉट छीनने की साजिश थी। पप्पू गिरधारी जैन दंपती हत्याकांड के आरोपी हैं। बरेली में जमीनों पर कब्जों के तमाम केस उनके खिलाफ दर्ज हैं।

## एक नजर

### निर्धारित समय में नहीं बन रहे हैसियत प्रमाण पत्र, दो राजस्व निरीक्षक को जारी किया नोटिस

**बरेली, अमृत विचार :** सदर तहसील में हैसियत प्रमाण पत्र समय से जारी नहीं हो पा रहे हैं। इस वजह से आवेदन करने वालों को परेशानी हो रही है। दो राजस्व निरीक्षक के पास 38 आवेदन लंबित हैं। इसपर एसडीएम सदर ने दोनों राजस्व निरीक्षकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। पिछले दिनों एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव ने ऑनलाइन हैसियत प्रमाण पत्र के आवेदनों की समीक्षा की थी। जिसमें पाया कि ठिरिया निजावत खां और नवादा जोगियान का चार्ज संभाल रहे राजस्व निरीक्षक ओमकार सिंह के पास 19 आवेदन लंबित हैं। जबकि प्रमाण पत्र जारी करने की समयावधि पूरी हो चुकी है। लंबित आवेदन पोर्टल पर डिफाल्टर की श्रेणी में प्रदर्शित हो रहे हैं। विलवा और रिठौरा के राजस्व निरीक्षक हरिप्रकाश के पास भी हैसियत प्रमाण पत्र के 19 आवेदन लंबित हैं। एसडीएम ने बताया कि लंबित आवेदनों पर राजस्व निरीक्षकों से जवाब मांगा गया है। इसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### नीचे लटकी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से ट्रक चालक की मौत

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** राजस्थान से रजऊ परसपुर स्थित फैक्ट्री से फिटकरी लेने आए ट्रक चालक की नीचे लटक रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक ट्रक ड्राइवर 27 वर्षीय पुरुषोत्तम धौलपुर (राजस्थान) के गांव हतियापुर के रहने वाले थे। रविवार शाम करीब 7 बजे वह ट्रक लेकर रजऊ परसपुर स्थित फैक्ट्री से फिटकरी लेने पहुंचे थे। पुलिस के अनुसार ट्रक का परिचालक फैक्ट्री गेट पर एंट्री कराने चला गया। इसी बीच ड्राइवर पुरुषोत्तम तिरपाल संभालने के लिए ट्रक के ऊपर चढ़े। इसी दौरान वह 11 हजार केवी बिजली के तार की चपेट में आ गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। लोगों ने बताया कि हाईटेंशन लाइन काफी समय से नीचे लटकी हुई है। फैक्ट्री में आने वाले ट्रकों से उसकी ऊंचाई तीन-चार फुट ही ज्यादा थी। इसी खतरे को देखते हुए इस बारे में बिजली विभाग के अफसरों से शिकायत भी की गई थी। लेकिन उस पर ध्यान नहीं दिया गया। इसी वजह से हादसा हो गया और ट्रक ड्राइवर की जान चली गई।

# पप्पू भरतौल और पप्पू गिरधारी, गूंज रहा है भाजपा के दो दिग्गजों का नाम

- सत्ताधारी पार्टी से तार जुड़ने के बाद पुलिस के लिए कड़ी चुनौती बनी कठोर कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे के लिए डेढ़ से दो घंटे तक ताबड़तोड़ गोलियां चलाए जाने के मामले में भाजपा के दो दिग्गजों का नाम गूंज रहा है। एक तो पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल हैं और दूसरे उत्तराखंड की मंत्री रेखा आर्य के पति गिरधारी पप्पू। पप्पू भरतौल इस मामले में नामजद हो गए हैं, जबकि रविवार को आरोपी राजीव राणा ने वीडियो जारी कर इस घटना में गिरधारी पप्पू का हाथ होने का आरोप लगाया है।

दोनों दिग्गजों के इस मामले में आमने-सामने होने की वजह से पुलिस अफसरों के लिए यह बड़ी चुनौती मानी जा रही है कि महकमे की फजीहत कराने वाली इस घटना में कठोर कार्रवाई कर पाए। मुख्य आरोपी राजीव राणा को पूर्व विधायक पप्पू भरतौल का आदमी बताया जा रहा है। गिरधारी पप्पू की पत्नी रेखा आर्य उत्तराखंड सरकार की कैबिनेट मंत्री हैं। बताया जा रहा है कि राजीव राणा के साथ प्लॉट पर काबिज आदित्य उपाध्याय भी कभी पप्पू भरतौल का खास था लेकिन बाद में उनमें दो फाड़ हो गए। आदित्य उपाध्याय पप्पू भरतौल से टूटकर गिरधारी पप्पू का खास बन गया।

### घटना के अगले दिन बोले पप्पू भरतौल- मैं उज्जैन में



पूर्व भाजपा विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया जिसमें वह उज्जैन जंक्शन के बाहर दिख रहे हैं। वीडियो में वह कह रहे हैं कि वह बाबा महाकाल के दर्शन करने आए हैं। उनका इस घटना से कोई लेना-देना नहीं है। साजिश के तहत उनका नाम एफआईआर में लिखाया गया है जबकि शुक्रवार शाम ही वह बरेली से वृंदावन चले आए थे। वृंदावन से उज्जैन पहुंचे हैं।

### दोषी पाए गए तो पूर्व विधायक भी जाएंगे जेल : एसएसपी

एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। तीन का पुलिस अभिरक्षा में इलाज कराया जा रहा है। पूर्व विधायक पप्पू भरतौल का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह बाहर होने का दावा कर रहे हैं। पुलिस जांच कर रही है। जांच में वह दोषी पाए गए तो उन्हें भी जेल भेजा जाएगा। इस मामले में निष्पक्ष जांच होगी, जो दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी आरोपियों की कॉल डिटेल चेक करने के साथ और लोकेशन का भी पता लगाया जा रहा ताकि साफ हो सके कि कौन कहां था और इस घटना में उसकी क्या भूमिका है।

# सवाल: किसके आदेश पर कानूनी प्रक्रिया को अनदेखा कर कब्जा दिलाने पहुंची पुलिस

- सिविल मामलों में कोर्ट के अमीन को दिलाना होता है कब्जा
- जरूरत पड़ती है तभी लिया जाता है पुलिस का सहयोग

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्य आरोपी राजीव राणा के मुताबिक कोर्ट के आदेश पर उसके पक्ष के लोग पुलिस को साथ लेकर प्लॉट पर कब्जा लेने पहुंचे थे लेकिन बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि कब्जा लेने के मामले में कानूनी प्रक्रिया का पालन क्यों नहीं किया गया और दूसरे पक्ष को बगैर सूचना दिए सुबह छह बजे अचानक तोड़फोड़ शुरू कर कब्जा लेने की कोशिश क्यों की गई।

दीवानी मामलों के अधिवक्ता अंतरिक्ष सक्सेना के मुताबिक किसी सिविल वाद में अंतिम निर्णय के बाद कब्जा लेने के लिए सिविल प्रक्रिया संहिता के तहत निष्पादन वाद प्रस्तुत करने का प्रावधान होता है। इसमें कोर्ट के अंतिम आदेश के बाद कोर्ट अमीन को दखल परवाना जारी होता है। इस आदेश के बाद कोर्ट अमीन दखल परवाना लेकर डिक्री पाने वाले के साथ मौके पर जाते हैं। वहां अगर कोई विवाद होता है तो वापस आकर कोर्ट को रिपोर्ट देते हैं और कब्जा दिलाने के लिए पुलिस बल की मांग करते हैं। कितनी फोर्स चाहिए, रिपोर्ट में यह भी जिक्र होता है।

इसके बाद कोर्ट की ओर से एसएसपी को पुलिस बल मुहैया कराने का आदेश दिया जाता है। डिक्रीधारक को इसकी फीस भी जमा करनी पड़ती है। इसके बाद पुलिस फोर्स के साथ कोर्ट अमीन कब्जा दिलाते हैं। इस दौरान अगर कोई व्यवधान उत्पन्न होता है तो पुलिस उसका निपटारा करती है। पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जा दिलाने के लिए ऐसी कोई प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। सवाल उठ रहा है कि अगर वाकई कोर्ट ने आदेश जारी किया था, पुलिस ने इस कानूनी प्रक्रिया की अनदेखी क्यों की और किसके आदेश पर दूसरे पक्ष को सूचना दिए बगैर सीधे कब्जा दिलाने पहुंच गई।

यह और ज्यादा दिलचस्प है कि राजीव राणा का पक्ष बुलडोजर लेकर पहुंचा था जो पुलिस वालों के सामने ही करीब आधे घंटे तक तोड़फोड़ करता रहा। कानूनी तौर पर कब्जा दिलाने की प्रक्रिया में बगैर कोर्ट के आदेश के तोड़फोड़ क्यों की गई, इस सवाल पर भी पुलिस साफ घिरती नजर आ रही है। इसे साफ प्रमाण माना जा रहा है कि भूमाफिया के साथ पुलिस की भी न सिर्फ साठगांठ थी बल्कि यह भी तय हो चुका था कि कब्जा किस तरह दिलाना है। पूरी घटना इस तरह के तमाम सवालों में घिरी हुई है। उधर, थाना इज्जतनगर के नए प्रभारी राधेश्याम का दावा है कि फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। उनका तीन दिन में वारंट जारी कराया जाएगा और संपत्ति कुर्क कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

# संकट बरकरार, बारिश के बाद और बढ़े फाल्ट, कई जगह शटडाउन भी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बारिश में शहर में लोकल फाल्ट से भी बिजली हुई गुल
- सुभाषनगर सब स्टेशन के बाहर जलकर फटी केबल

**अमृत विचार :** बारिश के बाद उमस भरी गर्मी में बिजली न आने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। शहर में रविवार को भी कहीं लोकल फाल्ट तो कहीं केबल जलने से बिजली संकट हो गया। इसके अलावा कुछ जगहों पर मरम्मत कार्य की वजह से शटडाउन लिया गया।

मुख्यमंत्री के सख्त आदेश के बाद भी लोगों को बेहतर बिजली सप्लाई नहीं मिल रही है। वनमंत्री और अधिकारी भी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं लेकिन कोई सुधार नहीं हो रहा है। रविवार को किला उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में पूरे दिन लोकल फाल्ट की समस्या रही। ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या भी रही। किला उपकेंद्र के तीन नंबर फीडर पर केबल बदलने की वजह से तीन घंटे तक क्षेत्र में बिजली गुल रही। इसके अलावा जसोली, बाकरगंज, गढ़ी चौकी, मलूकपुर, किला फाटक, हुसैन बाग में भी ट्रिपिंग हुई।

शाम साढ़े पांच बजे सुभाषनगर उपकेंद्र के बाहर केबल जलकर फट जाने से कई इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो गई। अवर अभियंता सुभाषनगर चंद्रमा प्रसाद ने बताया कि केबल फटने के बाद उसे ठीक कराकर बिजली आपूर्ति को बहाल कराया गया। इसके अलावा हरुनगला के सुपर सिटी फीडर पर काम की वजह से रविवार दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक आपूर्ति बाधित रही। इससे पीलीभीत बाईपास, सुरेश शर्मा नगर, ग्रीन पार्क, गोल्डन ग्रीन पार्क, गणेश पार्क, रामगंगानगर, महेंद्र नगर, डोहरा रोड, बीसलपुर रोड प्रभावित हुए। वहीं शाहदाना, जगतपुर, कोहाडापीर, सीबीगंज और सिविल लाइंस में भी लोकल फाल्ट से बिजली आपूर्ति बाधित रही।



किला क्षेत्र में फाल्ट ठीक करता कर्मचारी।

### नकटिया क्षेत्र में आज चार घंटे गुल रहेगी बिजली

नकटिया उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में सोमवार को चार घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। एसडीओ नकटिया अमित सक्सेना ने बताया कि 33 केवी नकटिया उपकेंद्र पर पिछले दिनों आंधी के दौरान टूटे हुए और टेढ़े हुए पोल को सही करने का काम किया जाएगा, जिसकी वजह से नकटिया, मोहनपुर, सैदपुर खजुरिया, बिथरी चैनपुर आदि क्षेत्र में सोमवार सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

## ओपीडी से गायब मिले डॉक्टर तो होगी कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने शनिवार को डॉक्टरों के साथ बैठक कर चेतावनी दी कि ओपीडी के दौरान कोई डॉक्टर गायब मिला तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। वह इसके लिए नियमित रूप से निरीक्षण करेंगी। बीते दिनों डीएम को अस्पताल के निरीक्षण में महिला डॉक्टर अनुपस्थित मिली थी। इस पर उन्होंने कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

# सिरफिरे बैंक मैनेजर पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पत्नी का आरोप, 12 लाख रुपये न देने पर दी जलाने की धमकी

**अमृत विचार :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर अमर्यादित टिप्पणी करने और बैंक ऑफ बड़ौदा के अंचल कार्यालय में आग लगाने वाले पूर्व बैंक मैनेजर अंकित गोयल के खिलाफ अब उसकी पत्नी ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पत्नी का आरोप है अंकित दहेज में 12 लाख रुपये की मांग की और न देने पर जलाकर मारने की धमकी दी। एसएसपी के आदेश पर थाना प्रेमनगर पुलिस ने अंकित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मैनपुरी की रहने वाली मेधा दुबे ने एसएसपी से की शिकायत में बताया कि वह बरेली में ट्यूलिप ग्रेस टॉवर में रहती हैं। उनका विवाह अंकित गोयल से 18 अप्रैल 2017 को हुआ था। अंकित बैंक आफ बड़ौदा की इज्जतनगर शाखा में मैनेजर था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही अंकित उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। परेशान होकर वह पति से अलग रहने लगीं। अंकित उनसे फोन और एसएमएस कर 12 लाख रुपये की मांग कर रहा है और पैसे न देने पर जिंदा जलाने की धमकी दे रहा है।

अंकित गोयल को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर अमर्यादित टिप्पणी करने के कारण निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद अंकित ने 12 जून को बैंक आफ बड़ौदा के अंचल कार्यालय में आग लगा दी थी। उसने विकास भवन में सीडीओ कार्यालय में आग लगाने की कोशिश की थी। मेधा का आरोप है कि अंकित ने ही पार्किंग में खड़ी उनकी कार में आग लगा दी थी। इस मामले में उस पर पहले ही रिपोर्ट दर्ज है। अब एसएसपी के आदेश पर प्रेमनगर पुलिस ने अंकित गोयल के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अंकित को 17 जून को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद बरेली पुलिस उसे यहां ले आई थी।

# बुखार में बेपरवाही से कम हो सकती है सुनने की क्षमता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तीन सौ बेड अस्पताल में ईएनटी की ओपीडी में ऐसे हर रोज तीन से चार मामले आ रहे
- बुखार में संक्रमण कान की नस पर करता है अटैक, इस वजह से आती है समस्या

**अमृत विचार :** लगातार बुखार की अनदेखी आपकी सुनने की क्षमता को प्रभावित कर सकती है। तीन सौ बेड अस्पताल में नाक, कान व गला की ओपीडी में हर रोज ऐसे तीन से चार मरीज आ रहे हैं, जिनकी हियरिंग लॉस यानी सुनने की क्षमता प्रभावित हुई है। विशेषज्ञों के अनुसार सुनने में दिक्कत होने पर तीन दिन के अंदर इलाज बेहद जरूरी होता है। लापरवाही करने पर समस्या गंभीर हो सकती है।

परामर्श के दौरान ऐसे मरीजों ने डॉक्टरों को बताया कि उन्हें कई दिन तक बुखार आया। वे मेडिकल स्टोर से दवा खरीद कर खाते रहे। चिकित्सक के पास नहीं गए। तीन से चार दिन के बाद अचानक कान में सनसनाहट हुई, फिर सुनाई कम देने लगा।

तीन सौ बेड अस्पताल के ईएनटी सर्जन डॉ. जितेंद्र के मुताबिक बुखार के दौरान संक्रमण होने की काफी आशंका रहती है। कोई भी संक्रमण कान की नर्व यानी नस पर हमला करता है, जिससे नर्व में सूजन आ जाती है, जिससे सुनने की क्षमता पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। हालांकि, समय से इलाज होने पर बीमारी पूरी तरह ठीक हो सकती है। लेकिन इसमें काफी समय लग सकता है इसलिए बुखार को हल्के में नहीं लेना चाहिए।

### ज्यादा देर तक न लगाएं ईयर फोन

हर दूसरा व्यक्ति आज कल कान में ईयर फोन लगाकर घूमता नजर आ रहा है, सबसे अधिक इसका इस्तेमाल युवा कर रहे हैं, लेकिन अधिक समय तक इसका उपयोग करने से कान संबंधी दिक्कत हो सकती है।

### इन बातों का रखें ध्यान

हेडफोन को तेज आवाज में 20 मिनट से अधिक न लगाएं, डीजे, क्लब, कॉन्सर्ट आदि में ज्यादा देर न रहें, तेज आवाज वाली जगह पर इयर प्रोटेक्शन का प्रयोग करें, कान में दिक्कत होने पर ईएनटी विशेषज्ञ को दिखाएं

## दबंगों ने ट्रैक्टर से पांच बीघा गन्ने की फसल पलटी

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव अल्लापुर निवासी जगदीश गिरी ने अपने खेत में गन्ने की फसल बोई है जिसे दबंगों ने ट्रैक्टरों से पलट कर बर्बाद कर दिया। पीड़ित ने जब विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया, जिसमें जगदीश गिरी उनकी पत्नी पद्मा गिरी घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टरों को कब्जे में ले लिया और घायलों को मेडिकल के लिए भेज दिया। गंभीर घायल पद्मागिरी को जिला अस्पताल में रेफर किया गया है।

## जयंती पर कबीर दास को किया नमन

**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कोली-कोरी समाज की ओर से रविवार को कबीर दास की 626 वी जयंती मनाई गई। नई बस्ती में आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ब्रह्मानंद गांधी ने उनकी मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान उपस्थित लोगों ने एक बनें, नेक बनें का संकल्प लिया। कार्यक्रम में 12 नवंबर को सामूहिक विवाह कराने का भी निर्णय लिया गया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष कृष्ण कुमार कोरी, उपाध्यक्ष परमेश्वर दयाल, प्रदीप कोरी, किशन लाल कोरी, सौरभ कोली, सुमन कोली आदि उपस्थित रहे।

## हर्बल गार्डन के लिए उद्यान विभाग देगा प्रोत्साहन राशि

- औषधीय पौधों की 10 से 15 प्रजातियों को लगाना होगा

**बरेली, अमृत विचार :** औषधीय गुण वाले पौधे लगाने पर उद्यान विभाग प्रोत्साहन राशि देगा। योजना के तहत 500 वर्ग मीटर में हर्बल गार्डन में औषधीय पौधों की 10-15 प्रजातियों को लगाना होगा। हर्बल गार्डन की स्थापना के लिए 25 हजार, रखरखाव के लिए सात हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा।

वहीं, कॉलेज, विश्वविद्यालय, अस्पताल में हर्बल गार्डन के लिए पैदल पाथ, साइनेज, डेटा संग्रह, फसल और कटाई के बाद प्रबंधन, बुनियादी रोपण सामग्री के लिए भी प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

हर्बल गार्डन में तुलसी, अश्वगंधा, एलोवेरा, नीम, पुदीना, ब्राह्मी, गिलोय जैसे औषधीय पौधों की खेती की जा सकती है। इस संबंध में जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक ने बताया कि अनुदान प्राप्त करने के लिए कार्यालय में आवेदन करना होगा। चयनित आवेदकों को अनुदान की राशि सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी।

## जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में पहुंचे 2376 मरीज

**बरेली, अमृत विचार :** रविवार को जिले के 71 स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में मरीजों की संख्या कम रही। अन्य दिनों में जहां मेले में तीन हजार से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंचते थे, वहीं रविवार को यह संख्या 2376 ही रही।

डॉक्टरों के अनुसार इस दौरान भीषण गर्मी के कारण डायरिया और बुखार के मरीज अधिक पहुंचे। आंख और त्वचा के रोगी भी बड़ी संख्या में आए। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह के अनुसार जिले में मलेरिया का प्रकोप चल रहा है। ऐसे में मेले में आने वाले रोगियों में लक्षण होने पर मलेरिया की जांच करने के भी आदेश दिए गए हैं। लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए।

# गलत तरह से पुल का ठेका हथियाने वाली फर्म दो साल के लिए डिबार

## पुल बनाने का अनुभव ही नहीं था, तत्कालीन मुख्य अभियंता को भी माना दोषी

- बदायूं की फर्म के खिलाफ पीडब्ल्यूडी के प्रमुख अभियंता कार्यालय से कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सड़क के अनुभव प्रमाण पत्र पर पुल का ठेका देने का मामला सही निकला। कई स्तर पर हुई जांच के बाद बदायूं के सतीश चंद्र दीक्षित की फर्म को दो साल के लिए डिबार कर दिया गया है। प्रमुख अभियंता कार्यालय ने आदेश दिया है कि फर्म को किसी भी निविदा प्रक्रिया में शामिल न किया जाए। फर्म के पंजीकरण के समय अनुभव प्रमाण पत्रों का संज्ञान न लेने पर तत्कालीन मुख्य अभियंता को भी आंशिक रूप से दोषी माना गया है।

बदायूं के सतीश चंद्र दीक्षित की फर्म को पीडब्ल्यूडी के तत्कालीन अफसरों ने सड़क निर्माण का ही अनुभव होने के बाद भी पुल निर्माण में ए क्लास का पंजीकरण कर बदायूं की अरिल नदी पर पुल बनाने का काम दे दिया था।

इस फर्म ने पीलीभीत में भी कई पुलों की टेंडर प्रक्रिया हिस्सा लिया था। अनुभव न होने की वजह से ही अरिल नदी पर जो पुल छह महीने में बनना था, वह ढाई साल में पूरा हो पाया। पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार समेत कई लोगों ने इस फर्म को नियमविरुद्ध ढंग से ठेका देने समेत कई गंभीर आरोप लगाते हुए शासन से शिकायत की थी। इसके बाद प्रमुख अभियंता जांच शुरू कराई। इसी साल सात मई को सतीश चंद्र को नोटिस देकर आरोपों पर जवाब मांगा गया।

असंतोषजक जवाब दिए जाने पर 24 मई को चीफ इंजीनियर बरेली को पत्र भेजकर रिपोर्ट मांगी। इसके बाद 10 जुलाई 2024 को मुख्यालय पत्र भेजकर अवगत कराया गया कि मुरादाबाद और लखनऊ के मुख्य अभियंता की संयुक्त जांच रिपोर्ट फरवरी में ही भेज दी गई थी। इसमें फर्म को पूरी तरह और तत्कालीन मुख्य अभियंता को पंजीकरण में गड़बड़ी पर आंशिक रूप से दोषी करार दिया गया था। इसके बाद फर्म को दो साल के लिए डिबार कर दिया गया।

### समझौता नहीं किया, इसलिए की कार्रवाई

ठेकेदार सतीश चंद्र का कहना है कि लोकायुक्त की जांच में उन पर लगे सभी आरोप निराधार मिले थे। तत्कालीन मुख्य अभियंता समेत आठ अधिकारियों को ही दोषी ठहराया गया था। इन अधिकारियों पर अब तक कार्रवाई न होने पर उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट ने तीन महीने में कार्रवाई करने का आदेश दिया तो अफसरों समझौता करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। समझौता न करने पर उन पर कार्रवाई की गई है। यह साजिश रचने वाले ठेकेदार और अफसरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए वह फिर कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
जांचों पर विशेष छूट
~~1499/-~~ ONLY 799/-
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ़ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
नाक, कान व गला एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय (सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 07:30 बजे से 9 बजे तक
हर मंगलवार फ्री परामर्श रजिस्ट्रेशन ₹50/-
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी–स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB MNAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

SRI SUPRABHA GI VENUS NURSING HOME
WE CURE WITH CARE
13 वर्षों का अनुभव
डॉ. सरिता शर्मा
MBBS, (Gold Medalist) DGO
प्रसूति, स्त्री रोग एवं बाँझपन रोग विशेषज्ञ
समय 10 बजे से 3 बजे तक, शाम 6 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सुविधायें ● नार्मल डिलीवरी को प्राथमिकता ● दवाईयों द्वारा गर्भपात एवं नसबन्दी की सुविधा ● दर्द रहित प्रसव की सुविधा ● बच्चेदानी की रसौली ● माहवारी की समस्यायें ● बांझपन का इलाज ● गर्भाशय में कैंसर की जाँच एवं प्राथमिक इलाज
सनराईज एन्क्लेव (निकट एलिस ग्रीन बैंकेट हॉल), डोहरा रोड, बरेली
फोन : 0581-7963213, 9568303926

## तय लक्ष्य के अनुसार की जाए राजस्व वसूली

- अपर आयुक्त न्यायिक ने दिए आदेश

**बरेली, अमृत विचार :** अपर आयुक्त न्यायिक प्रीति जायसवाल ने मंडल के सभी जिलों को कर एवं करेत्तर राजस्व में लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत वसूली का आदेश दिया है। उन्होंने बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत जिलों को पत्र लिखकर प्रत्येक महीने की 15 तारीख को वसूली की सूचना ईमेल से मांगी है।

अप्रैल में लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली पर निदेशालय ने शत प्रतिशत वसूली कराने की अपेक्षा की। उन्होंने वसूली में तेजी लाने के लिए सभी एडीएम प्रशासन, उप महानिरीक्षक स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी उपायुक्त, अपर आयुक्त वाणिज्य कर, वन संरक्षक एवं प्रभागीय निदेशक, अधीक्षण अभियंता बिजली, अधीक्षण अभियंता सिंचाई, उप निदेशक मंडी, क्षेत्रीय अधिकारी खनन को भी पत्र भेजा गया है।

# अब ई-ऑफिस में बैठेंगे अफसर फाइलों के ढेर से मुक्त होगी टेबल

- शासन ने पेपरलेस ऑफिस करने के लिए कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश
- सचिवालय की तर्ज पर ऑनलाइन अफसरों की लॉगिन पर पहुंचेंगी फाइलें

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** सचिवालय की तर्ज पर जिले में भी सरकारी दफ्तरों में कामकाज ऑनलाइन होगा। कार्यालयों को ई-ऑफिस बनाकर पेपरलेस किया जाएगा। शासन के आदेश पर काम शुरू हो गया है। यह व्यवस्था लागू होने से अफसरों की टेबल पर फाइलों के गट्ठर नजर नहीं आएंगे। एक अफसर की लॉगिन से दूसरे अफसर के पास फाइल जाएगी और हस्ताक्षर भी डिजिटल होंगी। इसकी शुरुआत राजस्व विभाग से होगी।

सरकारी कार्यालयों में इस व्यवस्था को लागू करने के आदेश वर्ष 2023 में दिए गए थे लेकिन बीच में चुनाव की वजह से काम रुक गया। अब चुनाव के बाद शासन ने ई-ऑफिस बनाने पर जोर दिया है। दो दिन पहले अपर मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कार्यालयों को पेपरलेस करने की तैयारियों में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। कॉन्फ्रेंसिंग में सीडीओ जगप्रवेश और एडीएम प्रशासन दिनेश भी शामिल हुए थे। इसके बाद प्रशासन ने प्रक्रिया तेज कर दी है। एक महीने के अंदर व्यवस्था को पेपरलेस करने के लिए कहा गया है। हालांकि जानकारों का मानना है कि इसमें समय लगेगा। प्रत्येक यूजर की सरकारी ई मेल आईडी, मास्टर डाटा शीट, डिजिटल सिग्नेचर और प्रशिक्षण का कार्य एनआईसी और यूपीएलडी (यूपी इलेक्ट्रॉनिक कारपोरेशन) कराएगा।

> कार्यालयों को ई-ऑफिस बनाने का आदेश हुआ है। इस पर काम शुरू हो गया है। अधिकारियों-कर्मचारियों की सरकारी ई-मेल आईडी बनेगी। प्रशिक्षण भी दिलाया जाएगा।
> –दिनेश, एडीएम प्रशासन

**लखनऊ में रहेगा डाटा सेंटर:** जानकारों के मुताबिक कार्यालयों को पेपरलेस बनाने के लिए सभी विभागों को सरकारी अभिलेखों को स्कैन करते हुए ई-ऑफिस वेबसाइट पर अपलोड करना होगा, ताकि पूरा डाटा ऑनलाइन हो सके। कुछ समय तक अभिलेखों को भी सुरक्षित रखा जाएगा, ताकि जरूरत पड़ने पर मदद ली जा सके। वहीं, विभागों का डाटा सेंटर लखनऊ में बनाया जाएगा।

**ये होंगे फायदे :** ई-ऑफिस बनने से कामकाज में पारदर्शिता और कार्यों में तेजी आएगी। कोई भी फाइल लंबे समय तक एक ही जगह नहीं लटकी रहेगी। ऐसा होने पर जवाबदेही, जिम्मेदारी तय होगी। कागज रहित व्यवस्था से पर्यावरण संरक्षण में भी फायदा मिलेगा।

### मुख्यमंत्री कार्यालय से होगी निगरानी

ई-ऑफिस बनाने के कार्यों की निगरानी मुख्यमंत्री कार्यालय से हो रही है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अपर मुख्य सचिव ने अफसरों से कहा है कि 15 दिन बाद सीएम योगी आदित्यनाथ खुद समीक्षा कर सकते हैं। ई-ऑफिस की शुरुआत सबसे पहले राजस्व विभाग से हो रही है। इसके बाद सभी विभागों में यह व्यवस्था लागू होगी। शासन ने सभी राजस्व विभाग के कार्यालयों का नोडल एडीएम प्रशासन को बनाया गया है, जबकि जिले के अन्य विभागों के नोडल अफसर सीडीओ रहेंगे।

## नैनीताल रोड पर टोल प्लाजा की लाइन में फंस रहे मरीज



भोजीपुरा इंडस्ट्रियल एरिया में समस्याओं पर चर्चा करते उद्यमी।

**बरेली, अमृत विचार :** भोजीपुरा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की ओर से रविवार को इंडस्ट्रियल एरिया में बैठक की गई, जिसमें स्थानीय और टोल प्लाजा से संबंधित समस्याओं को उठाया गया।

बैठक में उद्यमियों ने कहा कि नैनीताल रोड पर पीएनसी की ओर से संचालित टोल प्लाजा से उद्यमी और मेडिकल कॉलेज में इलाज कराने आ रहे लोगों को लंबी लाइनों से जूझना पड़ रहा है। नैनीताल जाने वाले पर्यटक भी परेशान हो रहे हैं। टोल कर्मी मशीन अपडेट नहीं कर रहे हैं।टोल पर पांच लेन में से तीन ही संचालित हैं। ये भी भीड़ का एक कारण है। साथ ही फास्टैग न होने से भी अतिरिक्त समय लगता है। सभी लेन से ट्रक निकलने से भी छोटी गाड़ियों को समस्या होती है। वहीं, औद्योगिक क्षेत्र की गाड़ियों के पास की अवधि 25 दिन से बढ़ाकर 30 दिन की जाए। अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने की।

## प्रो. सूर्य प्रकाश को मिला अटल साहित्य सम्मान




**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत की ओर से रविवार को सिविल लाइंस स्थित चंद्रकांता सभागार में अटल साहित्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष व वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर डॉ. सूर्य प्रकाश दीक्षित को अटल साहित्य सम्मान से विभूषित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, कार्यक्रम अध्यक्ष राष्ट्रधर्म के प्रबंध निदेशक डॉ. पवन पुत्र बादल, विशिष्ट अतिथि राजश्री ग्रुप की चेयरपरसन डॉ. मोनिका अग्रवाल, डॉ. नवल किशोर गुप्ता, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. सुरेश बाबू मिश्रा, प्रांतीय महामंत्री डॉ. शशि बाला राठी ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। प्रोफेसर सूर्य प्रसाद दीक्षित, डॉ. सीपी शर्मा, डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, रणधीर प्रसाद गौड़, रोहित राकेश, प्रवीण शर्मा, वीसी दीक्षित, राजबाला धैर्य, मोहन चंद्र पांडेय, उमेश चंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. स्वाति गुप्ता ने किया ।

## सार-संक्षेप

### हज से लौटने पर किया हाजियों का स्वागत



**बरेली, अमृत विचार :** हज पूरा होने के बाद हाजियों के लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। बरेली हज सेवा समिति द्वारा हाजियों का स्वागत किया गया। हाजियों ने बताया कि उन्होने हज के दौरान देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ की। स्वागत करने वालों में अनीस अहमद खां, पम्मी वारसी, कदीर अहमद, हाजी यासीन कुरैशी, मोहम्मद दानिश खान, हाजी शोएब खान, हाजी अजीम हसन, हाजी साकिब रजा खां, हाजी यासीन खान, नजमुल खान, मोहम्मद बिलाल और मोहम्मद मुजम्मिल खान उपस्थित रहे।

### नागरिक सुरक्षा कोर ने राहगीरों को शरबत बांटा



**बरेली, अमृत विचार :** नागरिक सुरक्षा कोर की ओर से वार्डन पोस्ट नवादा शेखान में सबील लगाकर शरबत वितरण किया गया। इस दौरान उधर से गुजर रहे तमाम लोगों ने शरबत पीकर प्यास बुझाई। वार्डन रंजीत वशिष्ठ, प्रभागीय वार्डन शिवलेश पाण्डेय, कमलेश वर्मा, जगदीश प्रसाद, विकास पाठक आदि उपस्थित रहे।

### सबील लगाकर राहगीरों को पिलाया शरबत



**बरेली, अमृत विचार :** शनिवार को पीलीभीत बाईपास पर दिशा वेलफेयर सोसाइटी और समेशन कोचिंग की ओर से सबील लगाया गया। इस दौरान राहगीरों को शरबत, जलजीरा और ठंडा जल पिलाया गया। समिति के अध्यक्ष सुमित कुमार प्रजापति, कोचिंग संचालक यमन कुमार, समिति उपाध्यक्ष शिवम शर्मा, मंत्री हर्षित प्रजापति, नत्थू लाल और ओमपाल प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

### कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में योगाभ्यास किया



**बरेली, अमृत विचार :** शिव गार्डन स्थित संदीप कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में शुक्रवार को योग शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें इंस्टिट्यूट संचालिका कशिश कुशवाहा, छात्र और शिक्षकों ने योगाभ्यास किया। दीपिका कुशवाहा, रूचि रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### नेशनल सेस्टोबॉल में पंजाब ने जीती चैंपियनशिप



**बरेली, अमृत विचार :** पद्मावती सीनियर सेकंड्री स्कूल में दो दिवसीय 5वीं फेडेरेशन कप नेशनल सेस्टोबॉल चैंपियनशिप का रविवार को समापन हो गया। इस दौरान महिला और पुरुष वर्ग में पंजाब की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। एनईआर की हॉकी टीम की खिलाड़ी रहीं मुख्य अतिथि गीता शर्मा ने विजयी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। चैंपियनशिप में पुरुष वर्ग में यूपी की टीम दूसरे स्थान पर रही। तीसरे स्थान पर राजस्थान और हरियाणा की टीम ने संयुक्त रूप से जीत दर्ज की। महिला वर्ग में हरियाणा की टीम को दूसरा स्थान मिला। तीसरे स्थान पर यूपी ओर विदर्भ की टीम रहीं । पुरुष वर्ग में पंजाब के हैरी और महिला वर्ग में पंजाब की मुस्कान बेस्ट शूटर रहीं। बेस्ट डिफेंडर यूपी के जीतू और हरियाणा की अंतिमा रहीं। स्कूल के चेयरमैन पारुष अरोरा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कपिल भाटिया, सुमित शर्मा, यति ग्रोवर आदि उपस्थित रहे।

### बरेली श्री बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 29 को



**बरेली, अमृत विचार :** इंडो बॉडी बिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन (यूपी) की ओर से यूपी 25 क्लासिक बरेली श्री बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 29 जून को रघुकुल धाम, राम गंगा चौबारी में आयोजित होगी। आईबीएफए के प्रदेश अध्यक्ष नदीम खान ने बताया जिला स्तरीय प्रतियोगिता सात वर्ग में होगी। नए खिलाड़ियों के लिए नेचुरल वर्ग में प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण मिस्टर इंडिया (मुंबई) सर्वेश साहू का बॉडी शो रहेगा। प्रतियोगिता की तैयारियों की एक बैठक हुई, जिसमें कौशल सिंह, अमित चौहान, मनमोहन सिंह तनेजा,आलम सिद्दीकी, मो. कमर सुमित बालाजी, हाजी अब्दुल परवेज, अरहान अहमद, आशु बालाजी, अंकित चौहान, पंकज सिंह, अरुण चौहान, कृष्ण सिंह, लक्ष्य सिंह आदि मौजूद रहे।

### सब पापों का नाश कर देता है श्रीराम का नाम



**बरेली, अमृत विचार :** श्रीहरि मंदिर में चल रही श्रीराम कथा में कथा व्यास पं. आशीष मिश्रा ने कहा कि प्रभु के नाम और मां गंगा में यह सामर्थ्य है कि आपके समस्त पापों का अंत कर देते हैं। भौतिकता की दौड़ में लोग इस तरह डूबे हैं कि कथा पंडालों से दूरी बनाने लगे हैं ।कलिकाल में पाखंड का ही बोलबाला होने लगा है। उन्होंने आगे कहा कि श्रीरामचरितमानस कोई साधारण सी पुस्तक नहीं, बल्कि वह पावन ग्रंथ है, जो ग्रंथियों को खोल देता है। राम को मानने के साथ ही उनके चरित्र का भी अनुसरण करना चाहिए। उनके पदचिह्नों पर आज के युवा चलने लगें तो देश की तस्वीर ही बदल जाएगी। कथा के मध्य में भजनों की धुन पर श्रद्धालु भावरस में सराबोर हो झूमते रहे। अंत में आरती, भोग उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष सतीश खट्टर, सचिव रवि छावड़ा, सुशील अरोड़ा, संजय आनंद, गोविंद तनेजा, दीपक साहनी, राजीव गुप्ता, कपिल साहनी, रेनू छावड़ा, नेहा आनंद आदि उपस्थित रहे।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अर्पित की श्रद्धांजलि



**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा महानगर के नौ मंडलों में रविवार को पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कि हमें श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के लिए समर्पित कर दिया। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने कहा कि वह हम सब के लिए प्रेरणास्रोत हैं। हमें उनकी बातों को अपने जीवन में आत्मसात कर आगे बढ़ना चाहिए। गुलशन आनंद, बंटी ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### इनरव्हील बरेली ग्लो ने किया पौधरोपण



**बरेली, अमृत विचार :** इनरव्हील बरेली ग्लो की ओर से रविवार को चार्टर प्रेसिडेंट डॉ. चारु मेहरोत्रा के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। इस दौरान उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। क्लब मेंबर्स ने रजऊ रोड स्थित गौसगंज में बरगद और पीपल के साथ ही कई फलदार वृक्षों के पौधे भी लगाए। क्लब की अध्यक्ष डॉ. अलका मेहरोत्रा ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधों का होना बहुत आवश्यक है। आईएसओ बरखा गुप्ता, रेनू शर्मा, शिवानी रस्तोगी, रामनाथ, सुनील, संजय, मनोज आदि उपस्थित रहे।

# बाबा क्रिकेट क्लब को हराकर गज ग्रीन ने जीता फाइनल

## बरेली टी-20 क्रिकेट लीग सीजन-2 की ट्रॉफी पर किया कब्जा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



विजेता ट्राफी के साथ गज ग्रीन टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सेक्रेड हार्ट क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित बरेली टी-20 क्रिकेट लीग सीजन-2 में शनिवार को फाइनल में गज ग्रीन ने बाबा क्रिकेट क्लब को छह विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया।

टॉस जीतकर बाबा क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में आठ विकेट खोकर 128 रन बनाए। इसमें शादाब ने 40, यश खन्ना ने 35 और जगदीश तिवारी ने 30 रनों का योगदान दिया। गज ग्रीन के गेंदबाज दर्शन कथूरिया, आकाश और लक्ष्य ने दो-दो और प्रशांत गंगवार व सार्थक ने एक-एक विकेट लिया। गज ग्रीन की टीम ने 16.5 ओवरों में चार विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। जिसमें रोहित चौहान ने नाबाद 66 , शशांक रस्तोगी ने 32 और सार्थक ने 27 रन बनाए । बाबा क्रिकेट क्लब अमन बजाज, शादाब, ऋषभ ने एक-एक विकेट लिया। इस मैच के प्लेयर ऑफ द मैच रोहित चौहान रहे।

इस दौरान प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रोहित चौहान, बेस्ट बैटर रोहित चौहान, बेस्ट बॉलर गोपाल, बेस्ट फील्डर आकाश, बेस्ट विकेट कीपर मो. फहीम रहे। मैच में अंपायरिंग जितेंद्र शाह, शादाब खान ने और स्कोरिंग हरिओम मिश्रा ने और कमेंट्री राजू खरे ने की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. प्रमेन्द्र महेश्वरी, अमन बजाज, राधा सिंह बेनीवाल, निर्भय सिंह बेनीवाल, डॉ. अंकुर सक्सेना, रवि भदौरिया, राज ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। टूर्नामेंट सचिव दानिश खान और अजय गुप्ता ने दोनों टीम को बधाई दी ।



श्री सनातन धर्म मंदिर में भजनों से राधारानी का गुणगान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### रजत जयंती महोत्सव : राधारानी को हल्दी लगा भावमग्न हुए श्रद्धालु

**बरेली, अमृत विचार :** श्री सनातन धर्म मंदिर में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा रजत जयंती महोत्सव में रविवार को राधारानी का हल्दी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पीले रंग के परिधानों में सजे श्रद्धालुओं ने भजनों के माध्यम से श्रीजी का सुमधुर गुणगान किया। श्रद्धालुओं ने लाडली जू को विधिवत हल्दी लगाई। इस दौरान सभी आया है सारा परिवार किशोरी... हल्दी लगाओ रे मेरी राधा रानी को... आदि भजनों को गाते रहे। शाम को मौज फकीरा दी संकीर्तन मंडल के भजन गायक मनीष और दीपेश सुनेजा ने एक शाम राधा रानी के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत नाम रस की गंगा प्रवाहित की। भावमग्न हो श्रद्धालु भजनों की धुन पर देर तक थिरकते रहे। इस अवसर पर प्रेम धवन, प्रेमलता, ममता बांगा, डॉली गुलाटी, सुनीता मानिकतला, चंचल अरोरा, मधु कथूरिया, सोनिया भसीन, सीमा पुरषार्थी और राशि धमीजा आदि उपस्थित रहे।

### राहगीरों को पिलाया शरबत

**बरेली, अमृत विचार :** रोशनी जन कल्याण विकास सेवा समिति की ओर से गुसाई गौटिया में सबील लगाया गया। समिति के संस्थापक अध्यक्ष केके सिंह ने अन्य सदस्यों के साथ, तपती धूप में सड़क से गुजरते राहगीरों को शरबत पिलाया। प्रबंधक राजेश गंगवार, उपाध्यक्ष मनोज गंगवार, मुनीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

## जीव और ब्रह्म का मिलन ही है महारास

**बरेली, अमृत विचार:** मीरा की पैठ स्थित ठाकुर जी महाराज मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मणि विवाह का वर्णन किया गया। इस अवसर पर कथाव्यास आचार्य मुकेश मिश्रा ने बताया कि देवी रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं। वह नारायण से दूर रह ही नहीं सकतीं। यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को प्रभु सेवा और परमार्थ के कार्यों में लगाए तो ठीक वरना वह धन चोरी, बीमारी या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है।



कथा व्यास मुकेश मिश्रा

रास पंचाध्यायी का वर्णन करते हुए आचार्य ने कहा कि जीव और ब्रह्म का मिलन महारास है। ठाकुरजी के गीतों को गाने से सहज भक्ति की प्राप्ति होती है। महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी भक्त ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, उसे श्रीवृंदावनधाम की भक्ति सहज ही प्राप्त हो जाती है।

इस अवसर पर श्रीकृष्ण और रुक्मणी के स्वरूप तैयार कर विवाह संपन्न कराया गया। इस दौरान राजेश गुप्ता, प्रभाव मिश्रा, गिरिजा किशोर गुप्ता, राहुल गुप्ता, वेद प्रकाश गुप्ता, नरेश मिश्रा, मुरारी लाल गुप्ता, राहुल गुप्ता, विष्णु गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## गुरुद्वारा में 32 श्रद्धालुओं ने किया अमृतपान



जनकपुरी स्थित गुरु हरगोबिंद साहिब सिंह सभा गुरुद्वारे में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** जनकपुरी स्थित गुरु हरगोबिंद साहिब सिंह सभा गुरुद्वारे में प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में अमृत संचार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लखीमपुर खीरी, बदायूं, शाहजहांपुर, बिजनौर आदि विभिन्न जिलों से पधारे 32 श्रद्धालुओं ने अमृत पान कर खालसा पंथ में प्रवेश किया। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी की ओर से पहुंचे पंच प्यारों ने लोंगों को विधिवत अमृत पान कराया।

इस दौरान 10 वर्षीय प्रभजोत सिंह और 11 वर्षीय मनकीरत सिंह ने भी श्रद्धापुर्वक अमृत पान किया। इस दौरान विधिवत अरदास की गई। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरनाम सिंह खालसा, सचिव रमिंदर सिंह सोनी, निर्माण सिंह, रविंद्र सिंह बग्गा, परमजीत सिंह दुआ, कुलदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मोती मियां निजामी के कुल में शामिल हुए अकीदतमंद



मोती मियां निजामी के कुल में मौजूद अकीदतमंद। ● अमृत विचार

- देश में अमन और भाईचारे के लिए दुआ की, दिनभर चला चादरपोशी का सिलसिला

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली रामपुर रोड स्थित दरगाह पर मुर्तजा हुसैन मोती मियां निजामी के कुल शरीफ की रस्म अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। रविवार सुबह कुरान ख्वानी का आयोजन हुआ। गुस्ल के बाद मजार पर संदल पेश किया गया। दरगाह पर दिनभर चादरपोशी का सिलसिला चलता रहा। दोपहर बाद एक महफिल आयोजित की गई।

मुर्तजा हुसैन मोती मियां निजामी के कुल शरीफ के मौके पर शाहदाना वली वेलफेयर सोसाइटी ने दरगाह पर चादरपोशी की। शाम साढ़े छह बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की गई, जिसमें देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ की गई। उर्स के सभी कार्यक्रम में खानकहे निजामिया के गद्दीनशीन पाशा मियां की सरपरस्ती में हुए।

मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी के अनुसार सोमवार को शाम 6 बजे गौस अली शाह जलाली उर्फ कोड़ा शाह बाबा के कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। इस मौके पर शमीम खां सुल्तानी, वसी अहमद, सलीम सुब्हानी, अहमद, राजू, शाहजेब ,डॉ. कादिर, परवेज खान, शादाब कुरैशी आदि मौजूद रहे।

## स्थानांतरण के लिए शिक्षकों को पहले पंजीकरण कराना जरूरी

**बरेली, अमृत विचार :** महानिदेशक स्कूल शिक्षा व राज्य परियोजना की ओर से राजकीय माध्यमिक स्कूलों में ऑनलाइन स्थानांतरण के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। इस विषय में जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी स्कूलों को पत्र भी जारी कर दिया है। इस पत्र के अनुसार स्थानांतरण के लिए आवेदकों को पहले पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। इसके बाद ही वो आवेदन कर पाएंगे। प्रधानाचार्य की संस्तुति के बाद डीआईओएस कार्यालय से बाकायदा रसीद भी दी जाएगी।

30 जून तक प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य, प्रवक्ता, सहायक अध्यापक का स्थानांतरण आदेश अपर शिक्षा निदेशक (राजकीय) की ओर से जारी किया जाएगा। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि राजकीय हाईस्कूल व इंटर कॉलेज, जिनका पिछले तीन वर्षों के रिजल्ट का औसत 60 फीसदी से अधिक है, उन स्कूलों के शिक्षक ही आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा स्थानांतरण के लिए शिक्षकों की मैरिट भी तैयार कराई जाएगी। उनसे 5-5 विकल्प भी मांगे गये हैं । शिक्षकों की पूरी तबादला प्रक्रिया ऑनलाइन संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि शिक्षक यदि कैंसर, एचआईवी, किडनी और लिवर आदि गंभीर रोगों से ग्रस्त हैं तो 50 अंक मिलेंगे। इसके लिए एम्स, पीजीआई, राज्य चिकित्सा विश्वविद्यालय व महाविद्यालय या चिकित्सा बोर्ड की ओर से जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना जरूरी है। जिनके परिवार में पति, पत्नी व बच्चे किसी दुर्घटना में दिव्यांग हो गए हों या गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं, उन्हें 50 अंक मिलेंगे।

## मुस्लिम नौजवान शिक्षा के साथ व्यापार पर भी दें ध्यान

कार्यालय संवाददाता, बरेली





तालीमी कांफ्रेंस में बोलते वक्ता और मंचासीन पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- तंजीम पैगाम ए इंसानियत की 17 वीं तालीमी कांफ्रेंस आयोजित
- प्रतियोगी और बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को किया सम्मानित

**अमृत विचार :** तंजीम पैगाम ए इंसानियत की ओर से रविवार को आईएमए हॉल में 17 वीं तालीमी कांफ्रेंस का आयोजन हुआ, जिसमें कौम की शिक्षा और तरक्की पर चर्चा की गई। इस दौरान वक्ताओं ने मुस्लिम नौजवानों को शिक्षा के साथ हुनर और व्यापार पर भी ध्यान देने को कहा।

मुख्य वक्ता रिफाह चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कर्नाटक के अध्यक्ष इंजीनियर मुमताज मंसूरी ने कहा कि पूरी दुनिया में व्यापार करने के तौर तरीके बदल रहे हैं, लिहाजा मुसलमानों को चाहिए कि वे अपने बच्चों में बचपन से ही शिक्षा, हुनर के साथ व्यापारिक सोच को पैदा करें। अतिथि वक्ता शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक अब्दुल कदीर ने छात्रों से कहा कि नीट को लेकर जो भी विवाद है, उससे वे बचें और परीक्षा के लिए हमेशा तैयार रहें। इस मौके पर प्रतियोगी और यूपी बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

आयोजन में आईटा बरेली यूनिट के अध्यक्ष सैयद इरफान अली का सहयोग रहा। डॉ. शुमजुस जमा, डॉ शारिक वदूद, सैयद इकराम, हाफिज अब्दुल कदीर, मोहम्मद समरा, जुबैर फलाही, इमरान आजमी, जहीर, अनस, उसामा, प्रो. नकवी, अरशद तारिक शम्सी, डॉ. आरिफ शमसी, इंजीनियर समीरूद्दीन, डॉ. अय्यूब अंसारी, प्रो. ताहिर बेग आदि मौजूद रहे। संचालन पैगाम ए इंसानियत के अध्यक्ष अजीज मियां ने किया।

अमृत विचार
सूचना





प्रिय पाठक,
यदि आपका अपना प्रिय अखबार "अमृत विचार" मिलने या शुरू करने में कोई असुविधा हो रही हो तो निम्न नम्बर पर हमें सम्पर्क करें।
मो. : 9149383028, 8171573817
8218557116, 9627606999, 7017495144
9410632807
पढ़ते रहिये "अमृत विचार" सिर्फ ₹ 5/-

खबरे www.amritvichar.com पर भी पढ़े।

Bareilly International University
Dental College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
REQUIREMENT
Accountant (04)
Fresher may apply.
Qualification - B. Com, M. Com, CA trainee
CA drop candidate, CA intermediate.
Basic knowledge of Accounting software is must.
Contact Number/WhatsApp - 9568131000

## समाज से तिरस्कृत दो महिलाओं की कहानी है नाटक 'एक और सच'

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति स्मारक रिद्धिमा में रविवार को दिल्ली के रूबरू थिएटर ग्रुप ने नाटक 'और एक सच' का मंचन किया। अजीज कुरैशी की परिकल्पना और काजल सूरी के निर्देशन से सजे इस नाटक में परिवार से तिरस्कृत और समाज से बहिष्कृत बुजुर्ग महिलाओं की जिजीविषा का मंचन किया गया।

नाटक की कहानी एक साथ रहने वाली दो ऐसी बुजुर्ग महिलाओं के इर्दगिर्द घूमती है, जिन्हें समाज ने छोड़ दिया है। दोनों लड़ती- झगड़ती हैं, लेकिन एक-दूसरे के बिना रह भी नहीं सकतीं। नाटक में यह भी दिखाया गया कि झूठ और अंधविश्वास इंसान की हार के सबसे बड़े दुश्मन हैं। द्वंद्व के चलते वे अंत में सभी से एक मार्मिक अपील करते हुए कहती हैं कि सबसे बड़ा दोषी



रिद्धिमा में मंचन करते कलाकार।

- रिद्धिमा में रुबरू थिएटर दिल्ली के कलाकारों ने किया शानदार मंचन

यह पुरुष समाज है, जो कदम-कदम पर महिलाओं को खिलौना समझता है। उसकी भावनाओं से लगातार खिलवाड़ करता है।

दोनों औरतों की नोकझोंक नाटक को हास्य प्रधान भी बनाती है। नाटक में मुख्य पात्र बानो की भूमिका निर्देशक काजल सूरी ने निभाई। दूसरी मुख्य पात्र महिला सलमा और सास की दोहरी भूमिका में जसकीरण चोपड़ा ने अभिनय किया।

शुभम शर्मा ने (समय और बाबा नाड़े शाह), कृष बब्बर (चेला), तनिषा गांधी (भूरी और खैरन), आशा खन्ना (सास), प्रवीण (नेता जी), हर्षित (मास्टरजी), गीता सेठी (बहु और चाची), नीरज तिवारी (लल्ला) ने अपनी-अपनी भूमिकाओं को बखूबी निभाया। मेकअप मोहम्मद रशीद ने किया। प्रोडक्शन मैनेजर रोहित कुमार और प्रेसिडेंट रुबरू समीर रहे। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डॉ. रजनी अग्रवाल, सुभाष मेहरा, एयरमार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार आदि उपस्थित रहे।

## मानवीय संबंधों और भावनाओं की गहराइयों को छूती है इल्हाम की कहानी

**बरेली, अमृत विचार :** रंगालय एकडेमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर सोसाइटी की ओर से चल रहे 15 दिवसीय थिएटर फेस्ट में रविवार को नाटक इल्हाम का मंचन किया गया। लोक खुशहाली सभागार में कथाकार नाट्य मंडली दिल्ली द्वारा मंचित नाटक का लेखन मानव कौल ने और निर्देशन रुद्रप्रताप सिंह ने किया।



- थिएटर फेस्ट में नाटक का किया गया मंचन

नाटक एक विचारोत्तेजक कथा पर आधारित है। इसका कथानक मानवीय संबंधों, भावनाओं और आस्थाओं की गहराइयों को छूता है। नाटक की शुरुआत में भगवान नाम का व्यक्ति बैंक कर्मचारी के रूप में साधारण जीवन बिता रहा होता है। उसके परिवार में पत्नी पूनम और बेटी पिंकी हैं। एक दिन अचानक भगवान को एक दिव्य अनुभव (इल्हाम) होता है, जिसमें उसे एक गहन आत्मिक दृष्टि प्राप्त होती है। इस अनुभव के बाद उसके मन में अपने जीवन और उद्देश्य को लेकर गहरे सवाल उठने लगते हैं। यह इल्हाम भगवान को बदल देता है और वह अपने जीवन की दिशा बदलने का निर्णय लेता है। वह अपने परिवार और समाज के लोगों को इस आध्यात्मिक अनुभव के बारे में बताता है, लेकिन कोई उसे समझ नहीं पाता। उसकी पत्नी पूनम, बेटी पिंकी और मित्र शुक्ला भी उसकी इस नई सोच से परेशान और भ्रमित हो जाते हैं। वह अपने आंतरिक संघर्षों और सवालों का सामना करते हुए अपने जीवन के उद्देश्य की खोज में जुट जाता है। नाटक के अंत में भगवान की यात्रा उसकी आंतरिक शांति और आत्मज्ञान की खोज में समाप्त होती है। नाटक में राजीव मैनी, योगेश कुमार, खुशबू सिंह, काजल पाल, रंजीत सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, राहुल शर्मा, नीरज पाल, राहुल कुमार व रानी सोनकर ने अभिनय किया। शालिनी गुप्ता, शुभि, अजय गौतम, सुशील, मोहित, सचिन श्याम भारतीय, महेंद्र पाल राही आदि उपस्थित रहे। सोमवार को नाट्यवस्तु कानपुर के कलाकार नाटक जहर का मंचन करेंगे।

## दबंगों ने कार में लगा दी आग



**भुता, अमृत विचार :** दबंगों ने मारपीट की शिकायत करने पर बिजली संविदाकर्मी की कार में आग लगा दी। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। संविदाकर्मी दिनेश कुमार के पिता पूरनलाल से गांव के ही ननका उर्फ नन्हेलाल, नीटू, नन्हे बाबू ने शराब के नशे में शनिवार दोपहर मारपीट की, जिसकी तहरीर उसने थाने में दी। जिससे नाराज दबंगों ने शनिवार शाम उनके घर जाकर दोबारा गाली दी। आरोप है देर रात उसकी नई कार में दबंगों ने आग लगा दी, जिससे वह जल गई।

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी हकलाना/तुतलाना आटिज्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर पर सवार दो दोस्तों की जान गई

## बदायूं से मिर्च बेचने देवचरा बाजार जा रहे थे दोनों

**भमोरा, अमृत विचार :** बदायूं से देवचरा मिर्च बेचने जा रहे दो दोस्तों की ट्रक की टक्कर लगने से मौत हो गई। ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर रोड के दूसरी तरफ दुकान में जा घुसा, जिससे काउंटर समेत अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया।

बदायूं के नौशारा निवासी राजवीर (50) अपने साथी शिशुपाल मौर्य (52) और गांव के ही हुजूर हसन और चमन मौर्य के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली से रविवार सुबह देवचरा बाजार मिर्च बेचने जा रहे थे। राजवीर, शिशुपाल और हुजूर हसन आगे ट्रैक्टर पर बैठे थे। वहीं चमन मौर्य ट्रॉली पर बैठे हुए थे। भमोरा थाने के गेट के बराबर में बने ब्रेकर पर ट्रैक्टर ट्रॉली धीमी करने पर पीछे से आ रहे हैं ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे शिशुपाल और राजवीर ट्रैक्टर से गिर गए और पहिए की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं हुजूर हसन व चमन मौर्य ने कूद कर अपनी जान बचाई। टक्कर लगने के बाद ट्रैक्टर सीधे आंवला रोड क्रॉस करते हुए सामने बनी भमोरा निवासी धर्मेंद्र शर्मा की मिठाई और लस्सी की दुकान में घुस गया, जिससे दुकान का काउंटर और सामान क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल भेजा जहां इलाज के दौरान उनकी सांसे थम गई, दोनों की मौत की सूचना से घर में कोहराम मच गया। राजवीर की पत्नी कमलेश का रो- रोकर का बुरा हाल था राजवीर अपने पीछे तीन लड़की और दो लड़के छोड़ गए हैं। शिशुपाल की पत्नी उषा भी बेहाल है, वह अपने पीछे पुत्र अभिषेक के साथ पांच बेटियां छोड़ गए हैं गांव में एक साथ दो मौतों की सूचना से मातम छा गया।



दुकान में ट्रैक्टर घुसने से वहां रखा सामान भी हो गया क्षतिग्रस्त। ● अमृत विचार



राजवीर मौर्य।



शिशुपाल मौर्य।

## कंप्यूटर इंजीनियर पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** हैदराबाद में तैनात कंप्यूटर इंजीनियर पति और ससुराल वालों के खिलाफ महिला डॉक्टर ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। आरोप है कि ससुराल वाले दहेज में 50 लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर थाना प्रेमनगर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शास्त्रीनगर निवासी डॉ. तेजस्विनी ने एसएसपी से की शिकायत में बताया कि 28 नवंबर 2022 को उनकी शादी शाहबाद भूड़ के रहने वाले अरुण सक्सेना से हुई थी। अरुण हैदराबाद में कंप्यूटर इंजीनियर है और 30-35 लाख रुपये सालाना कमाते हैं। शादी के बाद ससुराल वाले कम दान दहेज के लिए परेशान करने लगे और उन्हें खाने के लिए नहीं देते थे। गर्भवती होने पर वह हैदराबाद चली गईं। उन्हें पता चला कि पति के संबंध काम वाली महिला से हैं। ससुर भी हैदराबाद आ गए तो उन्होंने कहा कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। उन्होंने पति की महिला के साथ चैटिंग भी हासिल कर ली। आरोप है कि इसके बाद पति ने मारपीट शुरू कर दी और पति और ससुराल वालों ने 50 लाख रुपयों की मांग की।

# बाइक में साइड लगने के बाद दो पक्षों में पथराव



थाने पहुंचे लोगों ने की आरोपियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग। ● अमृत विचार

- लूट की रिपोर्ट न दर्ज करने पर एक पक्ष की इंस्पेक्टर से नोकझोंक
- कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पहुंचे अतरछेड़ी गांव के लोग

**आंवला, अमृत विचार :** बाइक में साइड लग जाने की वजह से दो पक्षों में बीच सड़क पर मारपीट और पथराव हो गया। एक पक्ष के 2 लोग घायल हो गए। सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण थाने पहुंचे मारपीट और लूट का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग करने लगे।

पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनकर कार्रवाई करने की बात कही, जिस पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। इसे लेकर ग्रामीणों की इंस्पेक्टर से नोकझोंक भी हुई। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा है। बिशारतगंज के गांव अतरछेड़ी निवासी उदयवीर सिंह और अरुण कुमार सिंह आंवला में बाइक ठीक कराने आए थे। लौटते समय नगरिया सतन निवासी एक बाइक सवार ने उनकी बाइक को साइड मार दी। इसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। नगरिया सतन निवासी बाइक सवार ने फोन करके अपने साथियों को बुला लिया। उन लोगों ने अतरछेड़ी गांव के बाइक सवारों को रोक लिया और उनकी बाइक की चाबी निकाल ली। इसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट और पथराव होने लगा। सरेराह उपद्रव होता देख, राहगीरों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। जिन्हें देखकर नगरिया सतन गांव के लोग फरार हो गए।

## सार-संक्षेप

### युवती पर जानलेवा हमला करने पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाष नगर थाना क्षेत्र के मढ़ीनाथ शिव मंदिर के पास रहने वाली सुनीता गिरि ने बताया कि उनकी बेटी हिमांशी गिरि 15 जून को 6.30 बजे घर आ रही थी। रास्ते में शांति विहार निवासी अरविंद कुमार ने मढ़ीनाथ पुलिया के पास उसे घेर लिया। आरोप है कि हिमांशी को जान से मारने की नीयत से मोटर साईकल से टक्कर मारी, जिससे वह गिर गई। भागने का प्रयास किया तो अरविंद व उसके साथी उसे जबरन उठाकर साथ ले जाने का प्रयास करने लगे। विरोध करने पर अरविंद ने ईंट- पत्थर से उस पर हमला कर दिया। जब इसकी शिकायत उसके घर पर की तो अरविंद की मां राधा देवी, बहन शिवानी, बड़ा भाई गौरव व एक पड़ोसी ने मारपीट शुरू कर दी। गले पर धारदार हथियार से हमला किया और सोने का कुंडल भी लूट लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### महिला से छेड़छाड़ के मामले में तीन पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाष नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि उसकी बहन ने घर में किसी को बिना बताए तिलक कॉलोनी निवासी शिवम से प्रेम विवाह कर लिया है। महिला इस शादी के खिलाफ है। इस कारण शिवम उससे खुन्नस रखता है। आरोप है कि 17 जून की रात आठ बजे सुभाष नगर पुलिया से रेलवे स्कूल आने वाले रास्ते पर शिवम ने भाई विकास और दोस्त राकेश के साथ उसे घेर लिया और खंडहर हो चुके क्वार्टर की ओर ले जाने लगा। विरोध पर उसने उसके साथ छेड़छाड़ की। इस दौरान तीनों ने उसके कपड़े फाड़ दिए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जंक्शन के सर्कुलेटिंग एरिया में युवक की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन के सर्कुलेटिंग एरिया में शनिवार रात एक युवक बेहोशी की हालत में पड़ा था। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने उसे डॉक्टर के पास भेजा। डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान जिला रामपुर के मुहल्ला हाजीपुरा निवासी अंजाम अली के रूप में हुई है। रेलवे पुलिस ने इसकी सूचना युवक के परिजनों को दी। परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव घर ले गए। बताते हैं कि युवक की दिमागी हालत ठीक नहीं थी।

### बाइक की टक्कर से दंपती घायल

**आंवला, अमृत विचार :** बाइक की टक्कर से दूसरे बाइक पर सवार दंपती घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। आंवला के मोहल्ला अनुपुरा निवासी अधिवक्ता चंद्रवती पति गौतम सिंह के साथ बाइक से किशनपुर गौंटिया गांव से लौट रही थी। आंवला रामनगर रोड के नूरपुर मढ़ी के समीप पीछे से आये एक बाइक सवार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह दोनों घायल हो गए।

### युवक को टक्कर मारने वाले बाइक सवार पर केस

**मीरगंज, अमृत विचार :** सड़क के किनारे खड़े युवक को टक्कर मारने वाले बाइक सवार के खिलाफ मीरगंज पुलिस ने तहरीर के आधार पर रविवार को आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। मीरगंज के गांव सिधौली निवासी शोएब ने बताया कि 15 जून को उनके पिता शरीफ अहमद सिधौली सीहोर मार्ग पर अपने खेत सैजना में रोड किनारे के खड़े थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता घायल हो गए। इलाज के दौरान 17 जून को उनकी मौत हो गई। अपने पिता के कफन दफन में व्यस्त रहने के चलते उसने रिपोर्ट नहीं लिखाई। इसके बाद उसने रविवार को आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### ट्यूबवेल के कमरे का दरवाजा चुरा ले गए चोर

**आंवला, अमृत विचार :** चोर एक निजी ट्यूबवेल से कमरे का दरवाजा समेत सामान चोरी करके ले गये। किसान ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। संग्रामपुर गांव निवासी सुंदरलाल ने लिखाई रिपोर्ट में बताया कि तीन दिन पूर्व रात्रि के समय उसके ट्यूबवेल पर बने कमरे से चोर प्लास्टिक की पाइप लाइन, एक बैट्री और कमरे का लोहे का दरवाजा चोरी करके ले गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# चौबारी में खूनी संघर्ष, तीन लोग घायल

संवाददाता, कैंट



मारपीट की घटना के बाद मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

- एक पक्ष की ओर से रिपोर्ट दर्ज चार दिन पहले भी एससी-एसटी एक्ट में दर्ज हुआ था मामला

**अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के चौबारी में रंजिशन रविवार को दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए। एक पक्ष के दो लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरे पक्ष के एक युवक का मेडिकल कराया गया। दोनों पक्षों ने कैंट थाने पहुंचकर अलग-अलग तहरीर दी। पुलिस ने एक पक्ष की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चौबारी निवासी अनुसूचित जाति के ओमप्रकाश ने बताया कि 17 जून को भतीजे गुड्डू को खेत पर गांव के ही शिशुपाल ठाकुर ने पानी नहीं पीने दिया। जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली दी। भतीजे और भाभी विद्या देवी से मारपीट की थी। मामले में एसएसपी के आदेश पर 20 जून को एससी-एसटी एक्ट, छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। रविवार सुबह 6 बजे उनका भाई हीरालाल भाभी विद्या देवी मनरेगा में मजदूरी करने जा रहे थे। रास्ते में घात लगाए बैठे शिशुपाल, अजय, विनीत, गुड्डू, अर्जुन व पाले सिंह के लड़के ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की। ओमप्रकाश ने डायल 112 पर फोन करके पुलिस को बुलाया। पुलिस की मदद से दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

इसके बाद भीम आर्मी के सैकड़ों पदाधिकारियों ने कैंट थाने पहुंचकर हंगामा करते हुए ओमप्रकाश की ओर से तहरीर दी। पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट तथा अन्य कई संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं दूसरे पक्ष शिशुपाल सिंह की ओर से दी गई तहरीर में बताया गया है। कि वह रविवार की सुबह 6:30 बजे खेत से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में सरकारी स्कूल के पीछे हथियारों तथा लाठी डंडों से लैस करीब आधा दर्जन लोगों ने जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। मारपीट में वह गंभीर घायल हो गए। शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। जिन्होंने ललकार कर आरोपियों को भगाया।

क्षत्रिय महासभा के सैकड़ो पदाधिकारियों की मौजूदगी में पीड़ित ने कैंट थाने में तहरीर दी। पुलिस ने घायल का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया है। इंस्पेक्टर जगनारायण पांडेय ने बताया कि मामले में दोनों ओर से तहरीर मिली है। एक पक्ष की ओर से मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। दूसरे पक्ष की ओर से भी रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। मामले की जांच चल रही है, जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## पुजारी से मारपीट के आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई

**दुनका, अमृत विचार :** पुजारी से मारपीट के मामले में शाही पुलिस ने रविवार को तहरीर के आधार पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

पीड़ित पुजारी ने तहरीर में बताया कि वह 12 जून को मंदिर जा रहे थे। रास्ते में उन्हें तीन लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। चीख-पुकार पर पहुंचे लोगों ने पुजारी को बचाया। गांव सेवा ज्वालापुर में पुष्कारानंद परमहंस की कुटिया है, वहीं पर रहकर वह पूजा -पाठ करते है। गांव के ही लालता प्रसाद, खंजन और वेदराम उनसे रंजिश मानते हैं। वह 12 जून रात 9:00 बजे महादेव के मंदिर में पूजा करने जा रहा था, रास्ते में आरोपियों ने रोककर उनके साथ गाली गलौज करने लगे विरोध पर उन्हें पीटने लगे। शोर सुनकर गांव के लोग पहुंचे और उन्हें बचाया इस दौरान दो हमलावर भाग गए लेकिन एक आरोपी दबंगई दिखाते हुए सबके सामने उनसे मारपीट करता रहा। सूचना पर डायल 112 के पहुंचने पर आरोपी वहां से भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों पर रविवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# बढ़ते तापमान को कम करने के लिए पौधरोपण जरूरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



विकास भवन में आयोजित बैठक में बोलते वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार।

- वनमंत्री ने बैठक कर पर्यावरण संबंधी समस्याओं पर की चर्चा
- औद्योगिक संस्थाओं के संचालकों से पौधे रोपने का किया आह्वान

**अमृत विचार :** वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने पर्यावरण संबंधी समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा कि बढ़ते तापमान को कम करने के लिए पौधरोपण ही उपाय है। वह रविवार को विकास भवन में आयोजित बैठक में बोल रहे थे।

उन्होंने 120 औद्योगिक संस्थाओं के संचालकों एवं प्रतिनिधियों से कहा कि वे अपने औद्योगिक इकाइयों, क्लब आदि के खाली परिसरों में पौधे लगाएं। गांव के किसानों से वार्ता करके उनके खेतों की मेड़ पर पौधे लगाएं। उद्यमियों से कहा कि पौधरोपण में वन विभाग उनका सहयोग करेगा। मुख्य वन संरक्षक रुहेलखंड जोन विजय सिंह ने कहा कि बढ़ते जलवायु परिवर्तन को देखते हुए इस साल पौधे लगाओ- पौधे बचाओ जन आंदोलन के तहत वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। जिसके लिए विभाग की नर्सरी में पर्याप्त संख्या में पौधे उपलब्ध हैं। संयुक्त आयुक्त उद्योग सर्वेश्वर शुक्ला ने कहा कि औद्योगिक इकाइयां पीलीभीत टाइगर रिजर्व के आसपास के दो तीन गांवों को गोद लें, ताकि वहां रहने वालों के जीवन स्तर को सुधार जा सके। दीक्षा भंडारी प्रभागीय वनाधिकारी, अनुराग यादव उपायुक्त उद्योग, रोहित सिंह क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भाजपा नेता अनिल कुमार एडवोकेट मौजूद रहे।

### तुलसी अभियान में हर घर पौधों का वितरण

वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि जिले में हर घर तुलसी, घर-घर तुलसी अभियान के तहत लोगों को तुलसी के पौधों का वितरण किया जाएगा। बताया कि मिशन छाया के तहत वन विभाग की ओर से छायादार पौधों का रोपण किया जाएगा।

# दो लाख की नकदी छीनी तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

- अफीम खरीदने के लिए दो लाख रुपये देकर दो घंटे में 20 हजार कमाने का दिया था झांसा
- आरोपी ने पहले दिया था अफीम और गांजा खरीद कर अच्छा मुनाफा कमाने का लालच

**आंवला, अमृत विचार :** अफीम खरीदने को दो लाख रुपये न देने पर तीन युवकों ने मारपीट कर रुपये छीन लिए। पीड़ित ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अलीगंज के गांव अमरौली निवासी सूरज वर्मा ने लिखाई रिपोर्ट में बताया कि उसके परिचित जसवंत सिंह ने उससे कहा कि अफीम गांजा खरीदने में रुपये लगा लो बहुत लाभ मिलेगा, लेकिन उसने मना कर दिया। पीड़ित ने बताया कि वह दो लाख रुपये बहन को देने के लिए रखे थे।

आरोप है कि जसवंत सिंह ने दो लाख रुपये लेकर अफीम खरीदने के बाद बेचकर उसे दो घंटे में दो लाख बीस हजार रुपये देने की बात कही, परंतु उसने इनकार कर दिया। तीन दिन पूर्व वह अपनी बहन के घर रुपये पहुंचाने जा रहा था। इसी बीच मऊचंदपुर बाग वाले ईंट भट्ठे के समीप जसवंत सिंह ने दो लोगों के साथ उसे रोक लिया और उसे मारपीट कर उसके पास से दो लाख की नकदी छीन ली।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मोतीपुरा गांव निवासी जसवंत सिंह, रामनगर निवासी अजीत यादव, किटौना गांव निवासी आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## शराबी पति ने महिला को पीटा

**बिशारतगंज, अमृत विचार:** एक शराबी पति ने महिला को चारपाई पर बांधकर पूरी रात मारपीट की। सुबह में पड़ोसियों ने उसे मुक्त कराया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। पीड़िता ने बताया कि उसका पति और सास ससुर उससे मायके से लैपटॉप सोने की चेन घर में प्लास्टर करने को रुपये लाने को कहते है। उसके विरोध पर उसे प्रताड़ित करते हैं। महिला का आरोप है कि शनिवार की शाम करीब 7:00 बजे पति शराब पीकर आया और उसके साथ मारपीट करने लगा जिसमें सास व ससुर ने भी पति का पूरा सहयोग किया और मारपीट कर घायल अवस्था में पीड़िता को रात्रि करीब 10:00 बजे चारपाई से बांधकर डाल दिया, वह पूरी रात पड़ी रही। जानकारी होने पर पड़ोसियों ने उसे छुड़ाया।

# बुजुर्गों को ब्लड प्रेशर से बचने के लिए व्यायाम की सलाह



वृद्ध आश्रम में आयोजित शिविर में बुजुर्गों को किया गया जागरूक ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** केशलता कॉलेज/स्कूल ऑफ नर्सिंग की ओर से विश्व उच्च रक्तचाप सप्ताह के दूसरे दिन काशी धाम वृद्ध आश्रम में शिविर का आयोजन किया गया। नर्सिंग व पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं ने उपस्थित वृद्धजनों को उच्च रक्तचाप के बारे में अवगत कराया। इसके साथ ही उन्हें विभिन्न प्रकार के व्यायाम भी बताए, जिससे रक्तचाप स्थिर रहे। इस दौरान लोगों का नेत्र परीक्षण भी किया गया। अंत में भोजन के पैकेट वितरित किए गए।

प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र खंडेलवाल, प्राचार्य डॉ. प्रतिभा मनोहरम बी, उप प्राचार्य डॉ. अनीता गोटलिव, डॉ. अरविंद जांगिड़, तनु गुप्ता, अनुप्रिया लायल, शुभम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मंदिर की जमीन पर दबंगों ने किया कब्जा, शिकायत

**शीशगढ़, अमृत विचार :** ग्राम बुझिया में स्थित प्राचीन शिव मंदिर के पास खाली पड़ी भूमि पर पड़ोसी गांव के दबंगों ने जोतकर अपने खेत में मिला लिया है। जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए मंदिर के सेवादार व ग्रामीणों के साथ पहुंचकर एसडीएम बहेड़ी से शिकायत की है। सेवादार कंचन लाल ने बताया कि ग्राम बुझिया में प्राचीन शिव मंदिर के नाम ग्राम समाज की भूमि है, जिस पर पड़ोसी गांव भीकमपुर के राजपाल सिंह, ओमपाल सिंह, विजयपाल सिंह और नेपाल सिंह ने जोतकर खेत में मिला लिया है। शिकायत पर यह लोग झगड़ा करने पर उतारू हो गए।

### कस्बे में कई जगह स्टॉल लगाकर पिलाया शरबत

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों को बचाने के लिए फतेहगंज पूर्वी के स्टेशन रोड पर समाजसेवी पूर्व प्रधान सुधीर मिश्रा ने लोगों को शरबत पिलाया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बहगुल नदी के पुल के समीप भाजपा नेता फारूक अहमद, अरुण मिश्रा, सूरजपाल, अजय गुप्ता, प्रशांत मिश्रा उर्फ चिक्की, ऋषभ मिश्रा ,आदि ने शरबत पिलाया , इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग पर ही पूर्व चेयरमैन शब्बीर अहमद, कामराज मिश्रा, उत्तम शंखधार, रामसेवक शर्मा, बली अहमद, मनीष यादव समेत अन्य रहे।

### शिविर में लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**फरीदपुर, अमृत विचार :** स्वास्थ्य शिविर का विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह किया। शिविर में डॉ.परितोष दास अग्रवाल, डॉ. अनुजा अग्रवाल, डॉ. हारून इकबाल, डॉ. जितेंद्र वैष्णव ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दी। इस दौरान पालिका अध्यक्ष शराफत जरीवाला, रंजीत सिंह चौहान, अमित प्रताप सिंह चौहान, रविंद्र सिंह यादव, रविंद्र सिंह चौहान , संजय सिंह समेत अन्य पहुंचे। शिविर में एक सैकड़ा से अधिक लोगों ने पहुंचकर इलाज कराया।

### जलसे में महिलाओं के दीनी तालीम पर दिया जोर

**देवरनियां, अमृत विचार :** नगर पंचायत देवरनियां के कस्बा मुड़िया जागीर में रविवार को मुस्लिम बच्चियों को दीनी तालीम से आरास्ता करने को लेकर महिलाओं का जलसा हुआ। बाहर से आई आलिमाओं ने महिलाओं को उनके हक के साथ दीनी तालीम पर जोर दिया। मदरसा हलीमा सदिया लिबनात में जशने हयाते फातिमा जहरा के तहत आलिमाओं ने दीन पढ़ाओ बेटी बचाओ के बारे में बताया। इसके अलावा दुनियावी भी तालीम हासिल करने पर भी जोर दिया गया। शाहेनूर, नुजहत,खदीजा,अलीशा ने भी महिलाओं से संवाद किया।

### टूरिस्ट मिनी बस चालक पर मुकदमा

**आंवला, अमृत विचार :** टूरिस्ट मिनी बस ने शनिवार को ई रिक्शा को टक्कर मारी थी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 4 लोग घायल हुए है, मृतक के भाई ने बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिरौली के गांव रम्पुरा भोपतनगर निवासी जमील बख्श ने लिखाई रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई अब्दुल रसीद आंवला से सवारी भरकर गांव लौट रहा था। आंवला रामनगर रोड के फुंदननगर गांव के पेट्रोल पम्प के समीप टूरिस्ट मिनी बस ने ई –रिक्शा को टक्कर मार दी। जिससे उसके भाई और गांव की ही खुर्शीदन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गांव की सन्नो, अयान, और दो लोग गम्भीर घायल हो गए थे।

### हादसे में बाइक सवार सफाई कर्मचारी की मौत

**तिलहर, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर एक ढाबे के पास शनिवार देर शाम बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल बाइक चालक नगर निगम के सफाई कर्मी की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं उसके साथी का इलाज चल रहा है। शाहजहांपुर के मोहल्ला गदियाना चुंगी निवासी सफाई कर्मचारी करन कुमार( 27 ) शनिवार को वह अपने दोस्त सदर बाजार थाना के मोहल्ला बहादुरपुरा निवासी राहुल वर्मा के साथ तिलहर ताई के यहां बाइक से आया था। तिलहर से देर शाम वापस अपने घर जा रहा था।

# अंडरग्राउंड केबल में फाल्ट से शीशगढ़ शेरगढ़ के दो सौ गांवों की बिजली गुल

## फाल्ट सुधारने के लिए रात तक जुटे रहे कर्मचारी, लोग गर्मी से हुए परेशान

संवाददाता, शीशगढ़

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच शनिवार रात से रविवार देर रात तक शीशगढ़ और शेरगढ़ के 200 गांवों की बिजली सप्लाई ठप रही। देर रात तक बिजली कर्मचारी मुख्य केबिल में आए फाल्ट को ठीक करने में जुटे रहे, लेकिन सफलता नहीं मिली।

शनिवार शाम 8 बजे रिछा रेलवे क्रासिंग के पास अंडर ग्राउंड की मुख्य केबल में खराबी आ गई, जिससे शीशगढ़ में जाफरपुर उपकेंद्र और शेरगढ़ के उपकेंद्र ठप हो गए। जिसे सुधारने के लिए बिजली कर्मचारी जुटे रहे।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से बिजली लाइनों में फाल्ट होने पर बिजली के लिए परेशान हैं। चौबीस में से 8 घंटे भी बिजली ठीक से नहीं मिल रही है। ऊपर से लो वोल्टेज की समस्या



रविवार देर रात तक केबिल आई फॉल्ट को दूर करने में जुटे कर्मचारी। ● अमृत विचार

- शीशगढ़ के जाफरपुर और शेरगढ़ के उपकेंद्र रहे ठप

से बिजली उपकरण नहीं चल पा रहे हैं। इन्वर्टर बैट्री, मोबाइल सब बंद हो गए हैं। जेई ग्रीस कुमार ने बताया कि रिछा रेलवे क्रासिंग के पास अंडर ग्राउंड मेन केबल खराब होने से जाफरपुर और शेरगढ़ के उपकेंद्रों से पोषित गांवों से सप्लाई बंद है। रात से ही टीम लगी हुई है। उम्मीद है कि दो घंटे में सप्लाई सुचारु रूप से चालू हो जाएगी।

### इन गांवों में रही दिक्कत

लखा, जगत, शीशगढ़, बिसलपुर कुतुबपुर, मदनापुर, जफरपुर बोंची, मलसा मिलक, खेरा, गोंट्या विलसा, सहोरा, रास, कालोनी, रतनपुरा, हल्दी, सेहोरा, रतनपुरा कालोनी समेत दो सौ गांवों की बिजली सप्लाई बाधित है।

### देर रात तक नहीं बहाल हुई सप्लाई

**शेरगढ़, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में लोग बिजली कटौती से परेशान हुए। शनिवार रात शीशगढ़ अंडरग्राउंड लाइन में फाल्ट होने से रविवार देर रात तक बिजली बहाल नहीं हो सकी। शेरगढ़ एवं आसपास के गांव नगरिया कलां, बैरमनगर, सिमरावा, मोहिद्दीनपुर, रजपुरा, बरीपुरा, पिपरिया, रम्पुरा, घाटगांव, पहाड़पुर पिपौली, नगरिया सोबरनी तथा आफलाबाद समेत क्षेत्र के कई गांव के लोग बिजली कटौती की वजह से गर्मी झेलने को मजबूर रहे। जेई विद्युत शेरगढ़ रामदेव वर्मा ने बताया कि तेज हवा चलने के कारण तारों पर पेड़ गिर जाते हैं जिसे सही करने में काफी समय लगता है। गांव बैरमनगर निवासी हबीब खां ने बताया कि बिजली की अघोषित कटौती से लोग परेशान है।

## रामगंगा का पुल बनकर तैयार, उद्घाटन का इंतजार

- 62 करोड़ से हुआ पुल का निर्माण
- 2021 में पुल निर्माण हुआ था स्वीकृत
- 1 जून 2022 को हुआ था भूमिपूजन
- मार्च 2024 में पुल बनकर हुआ तैयार
- 1996 से यहां बन रहा था पैंटून पुल



उद्घाटन से पहले रामगंगा के नवनिर्मित पुल से गुजरती कार। ● अमृत विचार

**मीरगंज, अमृत विचार :** बाबा कैलाश गिरि की मढ़ी के पास रामगंगा पर बने 790 .58 मीटर लंबे पुल की एप्रोच रोड बनकर तैयार हो गई है। अब पुल के उद्घाटन का इंतजार है, जिसके बाद भी पुल से लोगों की आवाजाही शुरू हो गई। इस पुल के निर्माण से मीरगंज से सिरौली, बदायूं एवं अन्य जगह की दूरी घट गई। नाबार्ड की वित्तीय मदद से पुल का निर्माण सेतु निगम के कराया। 62 करोड़ रुपये से यह पुल बनकर तैयार हो गया। पुल से मदनापुर की ओर तीन किमी एवं हाजीपुर की ओर एक किमी एप्रोच रोड का निर्माण चल रहा था, वह भी पूरी हो गई। कपूरपुर के प्रधान हरीश लोधी ने बताया पुल मार्च में ही बनकर तैयार हो गया था। एप्रोच रोड भी बनकर तैयार हो गई है। वर्ष 1996 में हाजीपुर में हुई भीषण नाव दुर्घटना के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने इस घाट पर पैंटून पुल की स्वीकृति कर इसका निर्माण कराया था। पैंटून पुल हर साल 15 जून को हटा दिया जाता है। अब फिर से पैंटून पुल हटाया जा रहा है। बरसात खत्म होने पर 15 अक्टूबर को पैंटून पुल पीडब्ल्यूडी बनाती थी। विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने बताया पुल के संबंध में सेतु निगम के अधिकारी से बात हुई है। इस पुल निर्माण की स्वीकृति को लेकर हमने शासन में पैरवी की थी एक चौथाई धनराशि अवमुक्त कराने के बाद ही दम लिया था।बहुत जल्द इस पुल का उद्घाटन होगा।

# तमंचे के जोर पर बहन के देवर ने किया दुष्कर्म

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार :** फरीदपुर की एक युवती ने नवाबगंज थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी बड़ी बहन का विवाह नवाबगंज में हुआ है। उसके पिता ने 2003 में बहन के देवर को काम करने को एक लाख रुपये दिए थे। बड़ी बहन के बीमार होने के कारण वह पांच माह पूर्व उसके घर गई तो उसके देवर ने उसके साथ तमंचे के बल पर दुष्कर्म किया, उसे धमकी दी कि तेरी बहन बीमार रहती है अगर तूने किसी को बताया तो उसे जहर की गोली देकर जान से मार देंगे और तुझे भी नहीं छोड़ेंगे। आरोप है कि उसका साथ उसके भाईयों ने भी दिया। जब उसके पिता ने आरोपी पर दुष्कर्म करने की बात कही तो उसके परिजनों ने नहीं सुनी उल्टा उसके पिता से मारपीट की। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी व उसके भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

### महिला से फोन पर की अश्लील बातें

**देवरनियां, अमृत विचार :** एक युवक ने महिला को फोन करके शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डाला, उसके विरोध करने पर घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता का आरोप है कि उसे पीलीभीत के थाना अमरिया के गांव मुलाखेरे निवासी जितेन्द्र फोन कर अश्लील बातें कर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाल रहा था । परेशान होकर उसने 1076 पर फोन कर मदद ली। इसके बाद आरोपी अपने तीन साथियों के साथ एक दिन उसके घर पर आ गया । और छेड़खानी कर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात शुरू करने के साथ आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह धामा का कहना है कि आरोपी जल्दी गिरफ्तार होगा।

# भागवत सुनने गई महिला के घर से नकदी, जेवर चोरी

**बहेड़ी, अमृत विचार :** भागवत सुनने गई महिला के घर से चोरों ने नकदी और जेवर चुरा लिया। गांव टियूला निवासी कमलेश 15 जून को शीशगढ़ रोड स्थित सिद्ध बाबा धर्म स्थल पर भागवत सुनने गई थी। घर पर केवल बेटा ही था। लौटने के बाद जब वह संदूक से रुपये निकालने गई तो देखा ताला टूटा हुआ था और मकान बनाने के लिए रखे 80 हजार रुपये और आभूषण गायब थे। घर में बेटे का कुछ पता नहीं था। शाम को बेटा घर आया और बताया कि गांव के ही तीन लोग उसे नशीला पदार्थ खिलाकर घर से सामान चोरी कर ले गए। महिला का आरोप है कि तीनों लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की तो वे उसके बेटे को बिलासपुर अगवा कर ले गए। महिला का कहना है कि 20 जून को उसने सीओ को प्रार्थना पत्र दिया पर कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं हुआ तब जाकर रविवार को एस एसपी घुले सुशील चंद्रभान से मिलकर न्याय की गुहार लगाई।

# दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट कर की लूटपाट

संवाददाता, गुलड़िया

**अमृत विचार :** सिरौली थाना क्षेत्र के गांव भजा गोटिया में दबंगों ने एक घर पर हमला करके दंपती से मारपीट करने के साथ लूटपाट की। ग्रामीणों के जुटने पर आरोपी अपनी स्कूटी और बाइक छोड़कर फरार हो गया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

निवासी राम सिंह ने बताया कि शनिवार की रात को 9 बजे गांव के ही रामस्वरूप, डोरी लाल, अनिल, हरिओम 10 - 15 अज्ञात लोगों के साथ उसके घर पर हमला बोल दिया। ताला तोड़कर घर में घुस गए और गाली देते हुए मारपीट करने लगे। कुछ अज्ञात लोगों ने महिलाओं पर ईंटों से हमला करके घायल कर दिया। परिजनों ने घायल गोमती देवी और सुनीता देवी अस्पताल में भर्ती कराया गया। गांव भजा गोटिया निवासी राम सिंह ने बताया कि मारपीट के

- पीड़ितों का आरोप पुलिस के सामने दबंगों ने की फायरिंग

> लूट का मामला झूठा है, इनका पहले का कोई विवाद चल रहा है । हम मौके पर पहुंचे तो केवल ईंट पत्थर ही पड़े हुए थे प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है। दो बाइक बरामद हुई हैं उन्हें चौकी पर खड़ा कर दिया गया है।
> – **लव सिरोही,** इंस्पेक्टर सिरौली

दौरान वह घर पर नहीं थे, मौके पर जयपाल, मुनीराम थे उन्होंने 112 पर फोन करके पुलिस को बुलाया। पुलिस के आने से पहले आरोपी वहां से फरार हो गए। परिजनों का आरोप है कि पुलिस के सामने ही आरोपी लूटपाट करते रहे और फायर भी किया। राम सिंह ने बताया कि गांव के ही रामस्वरूप, डोरी लाल, अनिल ,हरिओम के साथ विवाद चल रहा था उसी को लेकर उन्होंने कुछ अज्ञात लोगों की मदद से घर पर चढ़ाई कर दी और लूटपाट कर कर ले गए। आरोपी अपनी दो बाइक वहां पर छोड़कर भाग गए ।

## सार-संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ हुआ भागवत कथा का विश्राम



**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज के गांव मुड़िया भीकमपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का कलश विसर्जन यात्रा केसाथ समापन हो गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गांव में भव्य कलश यात्रा निकालने के साथ ही नकटपुर नदी में कलश का विसर्जन किया। इस दौरान कृष्ण पाल गंगवार, मुकेश गंगवार, अमन, अनिल, राहुल, मनोज, शिवम, सुरेन्द्र, शंकर लाल, रोहित, छोटे लाल, अमित आदि के साथ ही बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

### महिला के साथ दुष्कर्म, आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**खुटार, अमृत विचार :** खीरी की रहने वाली एक महिला को रास्ते से पकड़ कर खुटार के भरकलीगंज जंगल में ले जाकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जनपद लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि उसके पति का निधन हो चुका है। 22 जून को वह अपनी बहन के घर खुटार के एक गांव जा रही थी। तभी खुटार–पुवायां मार्ग पर गांव भरकलीगंज निवासी सलमान ने उसे पकड़ लिया।

### रामचरितमानस पाठ के बाद हुआ भंडारा का आयोजन

**बहेड़ी, अमृत विचार :** तहसीलदार आवास परिसर में स्थित शिव मंदिर में रामचरितमानस के पाठ के बाद रविवार शाम को हवन पूजन के बाद हलवा और चने के प्रसाद का वितरण किया गया। पुरोहित की भूमिका में सुभाष शर्मा और एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय ने यजमान की भूमिका निभाई। इस दौरान केसर शुगर मिल के सीईओ शरत मिश्रा, विकास शर्मा , अतुल गर्ग, विवेक गर्ग, राजकमल सिंह, अमित अग्रवाल समेत अन्य ने भाग लिया।

# डॉ. मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस भाजपाइयों ने मनाया, उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

**नवाबगंज में विधायक कार्यालय पर हुआ कार्यक्रम:** डॉ. एमपी आर्य के कार्यालय के साथ ही पालिकाध्यक्ष के आवास पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। विधायक ने कहा कि हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख आशुतोष गंगवार , विनोद गुप्ता, केशव गुप्ता ,राम प्रकाश गंगवार , शोनू राठौर, मयंक माहरोत्रा, नवनीत गंगवार, इरसाद ,राजीव सक्सेना ,संजीव राठौर समेत अन्य मौजूद रहे।

**बहेड़ी में बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि:** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर याद किया गया। माथुर रोड स्थित पालिकाध्यक्ष के कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान पालिका अध्यक्ष रश्मि जायसवाल, उनके पति अजय जायसवाल, नरेश शर्मा, जितेन्द्र सक्सेना, गौरव पाल, महेश शर्मा, केहरी सिंह व राकेश शर्मा समेत तमाम अन्य लोग शामिल हुए।



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाते भाजपाई। ● अमृत विचार

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि



**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को बूथ स्तर पर जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। भाजपा कार्यालय बूथ नंबर 325 पर जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर डॉ. मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी इस मौके पर संजीव शर्मा, सौरभ पाठक,अरुण कश्यप,सुनील पांडेय,मेहंदी हसन,हेतराम मौर्या आदि लोग मौजूद रहे।

### जनसंघ संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

**सेंथल, अमृत विचार :** रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा के भाजपा कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान मुक्तजा मेहंदी, याकूब अली जैदी, हसन जहीर, मंजूर हसन, अनुपम पंडित, नसीम मियां, अजादार हुसैन, आशीष देवल, सेवाराम मौर्य आदि मौजूद रहे।

### युवक की मौत के मामले में बिजली कर्मियों पर रिपोर्ट

**बिशारतगंज,अमृत विचार :** बिशारतगंज थाना क्षेत्र के अतरछेड़ी गांव में बिजली के तार की चपेट में आकर किसान के बेटे की मौत हो गई थी। इस मामले में आठ सप्ताह बाद महानिरीक्षक बरेली जोन के आदेश पर बिशारतगंज पुलिस को विद्युत कर्मियों पर रिपोर्ट दर्ज की।

अतरछेड़ी गांव निवासी अनुज कुमार ने महानिरीक्षक बरेली जोन को दी तहरीर में बताया है कि 27 अप्रैल की सुबह करीब 8:30 बजे वह बेटे ऋषभ के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली से भूसा लेने खेत पर जा रहा था। रास्ते में लटक रही 11000 वोल्टेज लाइन की चपेट में आकर उसके बेटे की मौत हो गई। उसने थाना बिशारतगंज में विद्युत विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने को प्रार्थना पत्र दिया गया किंतु थाना पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके बाद महानिरीक्षक से कार्रवाई की गुहार लगाई ।

# बच्चों के विवाद में युवक को घर में घुसकर पीटा, गंभीर

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी

- पीड़ित पक्ष ने ग्यारह लोगों पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** बच्चों के विवाद में युवक को दबंगों ने घर में घुसकर पीटा, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है । पुलिस ने इस मामले में दस से अधिक लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

फतेहगंज पूर्वी के मोहल्ला लेखपाल कॉलोनी में शनिवार को मुनीष गुप्ता एवं वीरेंद्र गुप्ता के बच्चों में मामूली विवाद को लेकर ईट, पत्थर चले । इसके बाद वीरेंद्र गुप्ता को भगवान दास गुप्ता के परिवार वालों ने घर में घुसकर जान से मारने की नीयत से चाकू कांता, भाला आदि से मारना शुरू कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरीदपुर भेजा , जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन परिजन एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। सोनू गुप्ता ने अतुल, मुनीष ,मुकेश, संजीव, सुनील, राजीव, अनूप एवं अनीता, गीता ,सुशीला ओर भगवानदास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक नामजद लोगों में कई लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है । पुलिस मामले की जांच कर रही है । वहीं पुलिस ने दूसरे पक्ष की ओर से अनुराग की ओर से भी वीरेंद्र के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज की है।

### तस्कर भाई एक किलो अफीम के साथ गिरफ्तार

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने अभियान चलाकर तस्कर भाइयों को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उनके पास से एक किलोग्राम अफीम बरामद हुई। दरोगा सोलेंद्र मलिक और शिवम यादव ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम टिसुआ के समीप बाइक सवार कुंवरसेन और प्रेमपाल निवासी ग्राम सारीपुर को एक किलोग्राम अफीम के साथ पकड़ा। दोनों तस्कर टिसुआ के एक ढाबा के सामने किसी का इंतजार कर रहे थे, दोनों लंबे समय से इस धंधे में लगे हुए है।

### युवक से मारपीट के मामले में दबंगों पर रिपोर्ट

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** युवक से मारपीट के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दबंगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। धौराटांडा के वार्ड नंबर 14 निवासी मोहम्मद जफर का वार्ड के ही इफ्तिखार अहमद, अफरोज, अफजलाल अहमद , मोहम्मद आतिर से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिसे लेकर आरोपियों 17 जून को उसके घर में घुसकर पीटने लगे, उसे बचाने उसकी पत्नी शबीना आई तो उसके साथ छेड़खानी की ।पड़ोसियों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए । पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### योग दिवस पर नहीं खुले कई स्कूल

**देवरनियां, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सुबह छह से आठ बहे तक सभी परिषदीय स्कूलों को खोलने के निर्देश थे। बच्चों को फल और मिठाई वितरित करना था, मगर दमखोदा ब्लाक में कई स्कूल बंद रहे। ग्रामीणों के मुताबिक प्राथमिक विद्यालय कुंडरा, बहादुरगंज,हसनपुर, खजुरीखेड़ा, जोतपुर,तेजनगर, कंपोजिट भैरपुरा,नवादा, मगरी,मुंडिया नबीबख्श,मुंडिया नसीर, मुंडिया जागीर, करनपुर,मिलक,कठर्रा, पुरैनाताल, जूनियर हाईस्कूल बहादुरगंज,कुंडरा आदि बंद रहे। बीईओ प्रेमसुख गंगवार के मुताबिक मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

### वेलनेस सेंटर को बचाने के लिए होगा नाले का निर्माण

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** बिशारतगंज के शिवनगर चंपतपुर गांव में बने हेल्थ वेलनेस सेंटर के परिसर में जलभराव से नवनिर्मित बिल्डिंग की दीवार में दरारें आने लगी है। आयुर्वेदिक चिकित्सालय इंचार्ज प्रभारी संजीव शर्मा ने इसकी शिकायत एसडीएम आंवला से की थी। जिसके बाद रविवार को राजस्व और बिशारतगंज पुलिस ने निरीक्षण कर ग्रामीणों से वार्ता की। लेखपाल परविंदर चौधरी ने बताया कि गांव के कुछ लोगों के पानी का निकास भवन की उतरी दीवार के सहारे से है जिससे समस्या पैदा हुई है बातचीत के बाद तय किया गया है कि वेलनेस सेंटर की उतरी दिशा में नाला का निर्माण करा दिया जाए। इस विषय में ग्राम प्रधान पति नंदराम लोधी ने बताया कि हेल्थ वेलनेस सेंटर की उत्तरी दिशा में ग्राम समाज की खाली भूमि पड़ी है जिस पर नाले का निर्माण प्रस्तावित है। अति शीघ्र ही नाला निर्माण कराकर समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

### न्यायालय के आदेश पर छह लोगों पर रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** कुछ लोगों ने फर्जी तरीके से विधवा की संपत्ति अपने नाम करा ली। पीड़िता ने न्यायालय के आदेश पर छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।सिरौली के गांव मेन गौंटिया मजरा गुरगांवा मुस्तकिल निवासी रामवती ने बताया कि वह वर्तमान में नगला सुमाली जरगवां बुलंदशहर में रह रही है। उसके पति गोवर्धनलाल की वर्ष 2021 में मौत हो चुकी है। वह अपने पति की चल अचल संपत्ति की हकदार है। परंतु कुछ लोगों ने कूटरचित तरीके से उसके पति की संपत्ति अपने नाम करा ली। पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर गांव के ही चंद्रपाल, सोमपाल, प्रहलाद, लभारी गांव निवासी कमलेश, प्रेम सिंह और बाबूराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अंकपत्र /प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 0866094 वर्ष 2020 वास्तव में खो गये हैं। **अमरजीत प्रजापति पुत्र मनीराम प्रजापति निगोही (शाहजहाँपुर)**

**REQUIREMENT**
PARWATI JUNIOR HIGH SCHOOL
Bihar Man Nagla, Bareilly
Required Teachers
- PRE-Primary (F)
- PRT-All Subjects (F)
- Eng. Spoken Teacher (F)
Contact
9897482402, 7037470469

**Required**
Experienced TRAINED
PGT Chemistry, English
Fluent in english
Salary Negotiable
St. Xavier School
Akansha Enclave Near Munshi Nagar, Bareilly
stxc@rediffmail.com

**REQUIRE DOCTOR**
Male B.A.M.S./M.B.B.S. Doctor at least 2 year experience, is required by 49 baded hospital in Puranpur. Interested Candidate may attend interview on 25th June 2024 at 11:00 am.
Contact: 7088187800, 9690733522, 8171181793
Send Rsume on E-mail: sanjaynursing@rediffmail.com
Sanjay Hospital, Near Gomti Gurudwara Puranpur Pilibhit Road, U.P.

**वैधानिक सूचना :–** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



सब का मालिक एक है।
दुआ भी तक़दीर बदल सकती है।
समस्या है तो समाधान भी है।
गुरु अजमेरी जी
स्पेशलिस्ट वशीकरण व मुठकरनी
घर में बरकत, कारोबार में परेशानी, गृहक्लेश सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मन चाहा प्यार पति पत्नि में अनबन, विदेश यात्रा, किया कराया उपरी असर, जादू टोना, बीमारी में दवा का ना लगना कोर्ट कचहरी कर्ज मुक्ति, लक्ष्मी बंधन आदि
नोट : अगर किसी का पति, बेटा बेटी किसी के वश में हो तो हमसे मिलें।
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें या मिलें।
धोका नहीं 100% हर समस्याओं का समाधान 9720278984 बरेली

# कानपुर में वीआईपी रोड पर सींचपाल को कार से कुचलकर मार डाला

## कोहना थाना क्षेत्र में देर रात हुई सनसनीखेज वारदात से हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** रविवार देर रात कोहना थाना क्षेत्र में एक सनसनी खेज वारदात हुई। गाड़ी में टक्कर लगने को लेकर हुए मामूली विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। उत्तर प्रदेश शासन लिखी कार के चालक ने गाड़ी के आगे खड़ा करके रोकने पर तेज रफ्तार में 200 मीटर तक गाड़ी भगा कर सींचपाल को कुचलकर मार डाला।



इस दौरान पीछे चल रहे अन्य वाहन सवार ने लाइव हत्या अपने मोबाइल पर कैद कर ली। जब तक लोग उसे रोकते वह भाग निकला। आसपास के लोग नाजुक हालत में उसे लेकर हैलट अस्पताल पहुंचे जहां कुछ देर में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कोहना पुलिस के अनुसार एफ एम कालोनी निवासी 48 वर्षीय रविन्द्र कुमार तिवारी उर्फ भोला तिवारी कानपुर में सिंचाई में सींचपाल के पद पर कार्यरत थे। उनकी पत्नी मंजू और और बेटे यश ने बताया कि वह रात में कोहना वीआईपी रोड किसी काम से गए थे, इसी दौरान एक नामचीन मिठाई की दुकान के पास पीछे चल रही उत्तर प्रदेश शासन लिखी गाड़ी सवार लोगों से टक्कर मारने पर विवाद हो गया।

### पीछे चल रहे वाहन सवार ने वीडियो बनाया

वारदात को अंजाम देने के दौरान पीछे चल रहे वाहन सवार ने चोरी से वारदात का लाइव वीडियो बना लिया। जिसके बाद वो कार सवार काफी आगे तक घसीटता हुआ कार सवार फरार हो गया। इस वारदात से वीआईपी रोड से निकलने वालों में अफरातफरी और हड़कंप मच गया। सभी इधर उधर भागने लगे। वारदात का रोंगटे खड़े कर देने वाला वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वैसे ही कुछ ही देर में वीआईपी पर भारी पुलिस बल पहुंच गया। पुलिस ने वायरल गाड़ी नम्बर के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने ट्रेकिंग कर पहचान तलाशा तो वो किसी शुभम विमल निवासी पुराना कानपुर नवाबगंज लिखा है।

# नीट पेपर लीक मामले में लखनऊ पुलिस का बिजारखाता में छापा

**रामपुर, अमृत विचार :** नीट पेपर लीक के मामले में लखनऊ से आई पुलिस की टीम ने चौकी क्षेत्र के बिजारखाता में एक युवक की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी। लेकिन पुलिस को कोई सफलता नहीं मिल सकी। शनिवार मध्य रात्रि के बाद पुलिस ने बिजारखाता में नीट पेपर लीक के मामले से जुड़े एक युवक को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी। पुलिस के पहुंचने से कुछ समय पहले ही युवक रिश्तेदारी से फरार हो गया। बताते हैं कि पुलिस को मुरादाबाद के युवक की तलाश थी। पुलिस को उसके बिजारखाता में ठहरने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन के आधार पर एक मकान को घेर लिया। मकान की तलाशी भी ली। लेकिन युवक नहीं मिल सका। पुलिसकर्मियों की मौजूदगी से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

# नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में एक बार फिर रवि अत्री चर्चा में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में एक तरफ जहां जांच एजेंसियां महाराष्ट्र और बिहार में कनेक्शन खंगाल रही हैं, वहीं इस मामले में एक चिर परिचित नाम पुनः सामने आने से हड़कंप मच गया है। जांच एजेंसियों को एक बार फिर रवि अत्री के नाम की सूचना नीट प्रश्नपत्र लीक करने को लेकर मिली है। रवि अत्री को एसटीएफ ने आर-एआरओ तथा सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इस समय रवी अत्री जेल में बंद है।



नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में प्रतिदिन नए खुलासे हो रहे हैं। बिहार के बाद अब इस पेपर लीक के तार उप्र. से भी जुड़ते नजर आ रहे हैं। सिकंदर प्रसाद यादवेंदु, अमित आनंद और संजीव मुखिया के बाद पेपर लीक मामले में एक और नाम जुड़ा है, वह है रवि अत्री। रवि अत्री को यूपी सिपाही भर्ती पेपर लीक का मास्टरमाइंड बताया जाता है। उसे 10 अप्रैल को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रवि अत्री ने राजीव नयन मिश्रा के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक किया था। उप्र. एसटीएफ ने इस मामले में रवि अत्री समेत 18 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। अब नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में भी रवी अत्री का नाम सामने आने के बाद एसटीएफ कार्यालय में भी हड़कंप मचा हुआ है। उधर, मिली जानकारी के अनुसार बिहार पुलिस की आर्थिक आपराधिक इकाई को संदेह है कि रवि अत्री गिरोह ने ही नीट एग्जाम का पेपर लीक किया है।

## सार-संक्षेप

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे अदालत में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी 14 वर्षीया किशोरी घर के बाहर शुक्रवार शाम अपने पड़ोसी के बच्चे को खिला रही थी। कुछ देर बाद वह बालक को देने उसके घर चली गई। जैसे ही वह बाहर निकली, पड़ोस के युवक ने उसे अपने घर में खींच लिया। इस दौरान उसके घर पर परिवार का कोई दूसरा सदस्य मौजूद नहीं था। युवक ने किशोरी से दुष्कर्म किया। पीड़िता ने घर जाकर मामले की जानकारी दी। इस पर आरोपी ने फैसले का दबाव बनाना शुरू कर दिया। शनिवार सुबह गांव में पंचायत हुई। मामला नहीं निपटा तो कोतवाली में तहरीर दी गई। पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार किया है। उसे अदालत में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया है।

### ईंट विक्रेता से मारपीट 60 हजार रुपये छीने

गुन्नौर, अमृत विचार : ईंटों के बकाया रुपयों का तकादा करने पर ईंट विक्रेता से मारपीट कर साठ हजार रुपये छीनने का मामला सामने आया है। जुनावई थाना क्षेत्र के गांव करियामई निवासी पुष्पेंद्र पुत्र सोमवीर ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह ईंटें बेचने का काम करता है। गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी एक व्यक्ति ने ईंट खरीदी थीं। जिसमें उसके छह हजार रुपये बकाया रह गए थे। पुष्पेंद्र का आरोप है कि शनिवार को वह अपने भाई राजेश के साथ गांव शाहपुर में उधारी वसूली के लिए गया। शाहपुर निवासी व्यक्ति ने दोनों भाइयों के साथ मारपीट की और पुष्पेंद्र के जेब में रखे 60 हजार रुपये छीन लिए। इंचार्ज कोतवाल विनीत कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

### मजहब छिपाकर की शादी, अब धर्म परिवर्तन को उत्पीड़न

**संभल, अमृत विचार :** ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के व्यक्ति ने 6 साल पहले धर्म छिपाकर बिहार महिला से शादी कर ली। अब महिला ने पति पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाते हुए मारपीट करने का आरोप लगाया है। बिहार के जिला समस्तीपुर के गांव केशो पट्टी निवासी रामप्रीत यादव की पुत्री रीता ने ऐचोड़ा कंबोह थाने में तहरीर दी। कहा कि छह वर्ष पहले दिल्ली में गांव खैरपुर निवासी छोटू से मुलाकात हुई थी। जिसके बाद रीता ने छोटू के साथ शादी कर ली। दंपति पर तीन बच्चे हैं। आरोप है कि गांव खैरपुर आने के बाद छोटू के दूसरे समुदाय के होने की बात पता चली। पति अब धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बना रहा है। थाना प्रभारी रेनू देवी ने बताया कि किसी बात को लेकर पति पत्नी में विवाद है। किसी संगठन के बहकावे में आकर रीता ने यह आरोप लगाया है।

### घरेलू कलह में युवक ने जहरीली गोलियां गटकीं

**मिलक, अमृत विचार :** पति-पत्नी में चल रहे घरेलू विवाद में पति ने जहरीली गोलियां खा लीं। इसके आधा घंटे बाद उसकी हालत खराब हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्टेशन रोड नई बस्ती निवासी अरविंद की बिलासपुर रोड पर कॉस्मेटिक की दुकान है। किसी बात को लेकर पति-पत्नी में चार दिन से विवाद चल रहा था। रविवार को दोनों में विवाद ज्यादा बढ़ गया। पत्नी की बातों से क्षुब्ध अरविंद जीवन लीला समाप्त करने की जिद पर अड़ गया। अरविंद ने घर में रखी जहरीली गोलियां खा लीं। इसके बाद अरविंद की हालत बिगड़ गई। घबराए परिजन बेहोशी हालत में अरविंद को नगर के सरकारी अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच है।

### लूट के मामले में कोर्ट के आदेश पर दो लोगों पर रिपोर्ट

**हसनपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने तीन हजार की लूट के मामले में कोर्ट के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शिकायत पर पहले पुलिस ने कार्रवाई नहीं की थी। रहरा थाना क्षेत्र के गांव गंगवार निवासी जावेद आलम ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई थी। उसका कहना था कि आठ मई को वह अपने पुत्र शाने आलम के साथ बाइक से उझारी जा रहा था। आरोपी यूनुस व रिफाकत ने उन्हें रोक कर लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। उसकी जेब में रखे कागज व तीन हजार रुपये भी छीन लिए थे। वह पुलिस से शिकायत करने गया तो पुलिस ने भगा दिया था। अब रहरा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर यूनुस व रिफाकत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।


### जर्जर पोल पर विभाग ने खींचे बिजली के तार

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के विभिन्न मोहल्लों में जर्जर विद्युत पोल हादसों को दावत दे रहे हैं। इसके बावजूद नगर की भारत भूषण कालोनी में कई साल से खाली पड़े लोहे के जर्जर पोल पर बिजली के तार खिंचवा दिये। जिसका मोहल्लेवासियों ने विरोध करते हुये काम रूकवा दिया है। सरकार बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, उसके बाद भी जर्जर हो चुके बिजली पोल व तारों को सही करने के बजाय बिजली विभाग महज खानापूर्ति करने में जुटा हुआ है। मोहल्ला भारत भूषण कालोनी में लगभग 10 साल पूर्व लोहे के पोल लगाकर बिजली तार खिंचने थे। विभाग द्वारा पोल खड़ा करने के बाद बिना तार खींचे ही ऐसे ही छोड़ दिया गया। जंक लगने से बिजली के पोल नीचे से गल चुके हैं।

# विधानसभा उपचुनाव मिलकर लड़ेगा इंडिया गठबंधन : शिवपाल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने दावा किया कि संसदीय चुनाव की तरह ही उत्तर प्रदेश विधानसभा की 10 सीटों का उपचुनाव इंडिया गठबंधन मिलकर लड़ेगा। साथ ही सभी 10 सीटों को जीत कर रिकॉर्ड भी बनाएगा। वह आईटीआई चौराहे पर कृष्णा होटल में पत्रकारों से बात कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव की छोड़ी हुई मैनपुरी जिले की करहल विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार की घोषणा जल्द ही कर दी जाएगी। सपा इस सीट पर रिकार्ड मतों से न केवल जीत हासिल करेगी बल्कि विपक्षी दलों की जमानत भी जब्त कर देगी। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन लोकसभा में मजबूत विपक्ष की भूमिका अदा करेगा। अब संसद में भारतीय जनता पार्टी और उनके सहयोगी दल अपनी मनमर्जी नहीं कर पाएंगे। उत्तर प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष से जुड़े हुए सवाल पर कहा कि नेता प्रतिपक्ष का निर्णय पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और वरिष्ठ नेता मिल कर आम सहमति से करेंगे।

# भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती रैली आज से

**अयोध्या, अमृत विचार :** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती रैली आज 24 जून से डोगरा रेजिमेंटल सेंटर, अयोध्या में शुरू होगी। इसमें एआरओ अमेठी के अंतर्गत 13 जिलों (अम्बेडकरनगर, अमेठी, अयोध्या, बस्ती, कौशांबी, कुशीनगर, महराजगंज, प्रयागराज, रायबरेली, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, संत कबीर नगर और सिद्धार्थ नगर) के युवा दो जुलाई फिजिकल फिटनेस टेस्ट देंगे। मुख्यालय भर्ती क्षेत्र, लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित सेना अग्निवीर भर्ती रैली के लिए डोगरा रेजिमेंटल सेंटर, अयोध्या का ग्राउंड तैयार है।

# सीबीआई ने निखिल सोनी को दिल्ली बुलाया

यूजीसी नेट पेपर लीक मामला

संवाददाता, कुशीनगर

**अमृत विचार :** यूजीसी नेट पेपर लीक मामला बेहद सुर्खियों में है। इस मामले में कुशीनगर के परीक्षार्थी निखिल सोनी का नाम अब पुरी तरह से सामने आ चुका है।

शुक्रवार को सीबीआई संस्था की एंटी करप्शन ब्यूरो क्राइम न्यू दिल्ली की की टीम निखिल के सिधुआ बाजार वाले घर पर पहुंची थी शनिवार को निखिल को हिरासत में लेकर कोतवाली पडरौना में कई घंटे तक टीम ने पूछताछ करने के बाद उसके परिजनों को सपोर्ट तो कर दिया था, लेकिन अगले दिन आरोपी निखिल सोनी के खिलाफ नोटिस जारी कर अब उसे पुनः पूछताछ के लिए दिल्ली बुलाया है। पडरौना कोतवाली क्षेत्र के सिधुआ बाजार के रहने वाले व्यापारी बृजेश सोनी का बीस वर्षीय लड़का निखिल सोनी बीते तीन वर्ष से कोटा में रहकर युजीसी नेट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। चर्चा है की इसी बीच उसकी तबीयत खराब होने के बाद वह लखनऊ में आकर अपनी पढ़ाई की तैयारी कर रहा था। इसके बाद वह अपने घर छुट्टी लेकर आया हुआ था। शुक्रवार को इसी मामले में सिधुआ बाजार में पहुंची सीबीआई संस्था की एंटी करप्शन ब्यूरो क्राइम न्यू दिल्ली की टीम में शामिल इंस्पेक्टर धर्मवीर की अगवाई में छः सदस्यों की सीबीआई की टीम व्यापारी बृजेश सोनी के घर पहुंचे और निखिल के बारे में जानकारी लेने की कोशिश की लेकिन निखिल मौके पर नहीं मिला था। टीम ने कोतवाली पडरौना की पुलिस की मदद से अगले दिन शनिवार को निखिल को पूछताछ के लिए अपने अंडर में लेकर कोतवाली लेकर गई थी, और कई घंटो तक निखिल से गहनता से पूछताछ के बाद उसे उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया था। उधर न्यु दिल्ली की सीबीआई से जुड़ी संस्था की एंटी करप्शन टीम के सिधुआ बाजार में आने से क्षेत्र में तमाम तरह की चर्चाएं होने लगी थी, हालांकि बृजेश के घर के अगल-बगल से जुड़े व्यापारी भी कुछ भी बोलने से बचते रहे।



निखिल सोनी।

# पांच माह में 1.75 करोड़ श्रद्धालुओं ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मंदिर का प्रथम तल निर्माणाधीन है। वह जुलाई के अंत तक पूरा हो जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद से राम मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 1.75 करोड़ से अधिक पहुंच गई है। जो इस माह के अंत तक यह संख्या दो करोड़ पार कर जाएगी। ये दावा रविवार को मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि उसके बाद सिर्फ दूसरे तल का निर्माण कार्य ही बाकी रहेगा। दिसंबर 2024 तक उसे भी पूरा कर लिया जाएगा। मंदिर के लोवर प्लिंथ में राम कथाओं से सजे पत्थरों को लगाए जाने का कार्य संतोषजनक मिला। कहा कि मंदिर की सुरक्षा में तैयार किए जा रहे परकोटे को मार्च 2025 तक पूरा करने के लक्ष्य को लेकर कार्य किया जा रहा है।



इससे पहले मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में पहले दिन रविवार को चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्र और कार्यदायी संस्था एलएंडटी के इंजीनियरों के साथ निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। पहली पाली की बैठक में बरसात से कम हुई गर्मी में कम की गति बढ़ाने का निर्देश दिया। इस दौरान श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था को लेकर भी मंथन किया। दूसरी पाली में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा संचालित होने वाले अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय के निर्माण कार्य को लेकर विचार विमर्श हुआ। सरयू तट स्थित संग्रहालय में रामचरितमानस सहित राम मंदिर के प्राचीन अवशेष और रखे गए अन्य धरोहर को प्रदर्शित किया जाएगा। जहां पर आने वाले पर्यटकों के लिए भी तमाम सुविधाएं तैयार की जाएगी।

### संगमरमर के पत्थरों के लिए निकाला टेंडर

परिसर में निर्माणाधीन मंदिर सप्त मंदिर व राम दरबार के लिए संगमरमर के पत्थरों का उपयोग किया जाएगा। एक टेंडर निकाला गया है। इस माह के अंत तक टेंडर की प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा। उसके बाद यह निर्णय लिया जाएगा की मूर्तियों का निर्माण किन शिल्पकारों के द्वारा कराया जाए।

# भरण-पोषण में करोड़ों खर्च पर हिसाब नहीं

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में संचालित स्थाई व अस्थाई गोशालाओं में भरण-पोषण के लिए दी गई धनराशि का 14 जिलों ने हिसाब नहीं दिया है। कुछ जिलों ने प्रारूप में बदलाव करके उपभोग प्रमाण उपलब्ध कराए हैं। निदेशक प्रशासन पशुपालन ने ऐसे मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को चेतावनी देकर 25 जून तक नियमानुसार उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं। पिछले वर्ष गोशालाओं में निराश्रित गोवंशों का भरण-पोषण करने के लिए करोड़ों रुपये बजट जारी हुआ था।

## उत्तराखंड

# 50 किलो प्रतिबंधित मांस पकड़ा

**बाजपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने 50 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका पति मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार महिला से कोतवाली में पूछताछ की जा रही है। रविवार की प्रातः पुलिस को सूचना मिली कि नगरपालिका की सीमा से सटे ग्राम मुड़िया कलां में एक घर के अंदर प्रतिबंधित गोमांस रखा हुआ है। सूचना पर एसआई कैलाश चंद्र नगरकोटी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस टीम के पहुंचते ही आरोपी तस्कर नईम मौके से फरार हो गया जिसके चलते पुलिस ने उसकी पत्नी सन्नो को गिरफ्तार कर लिया।

# चेकपोस्ट प्रभारी समेत चार निलंबित

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** रुद्रप्रयाग में चारधाम यात्रियों से भरे टैंपो ट्रैवलर के हादसे के मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेश पर परिवहन विभाग ने कड़ा एक्शन लिया है। चेकिंग में लापरवाही पर तपोवन चेकपोस्ट प्रभारी समेत चार परिवहन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया।

रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में 15 जून को हुए टेंपो ट्रैवलर खाई में गिर गया था। हादसे में चारधाम यात्रा पर आए 15 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। चारधाम यात्रा पर हुए इस हादसे को शासन ने खासी गंभीरता से लिया। घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए। वहीं परिवहन विभाग ने भी हादसे की जांच की थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना पर खासी नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। आरटीओ पौड़ी ने हादसे की जांच कर दो दिन पहले परिवहन मुख्यालय भेजी थी। अब परिवहन विभाग ने तपोवन चेकपोस्ट प्रभारी यशवीर सिंह बिष्ट, कार्यालय सहायक विवेक उनियाल, परिवहन उप निरीक्षक मेहताब अली व आरक्षी अमर सैनी को प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए को निलंबित कर दिया है। जबकि दो पीआरडी जवानों को उनके मूल विभाग में लौटा दिया गया है।

इधर, उपजिलाधिकारी ने भी मामले की मजिस्ट्रेटी जांच कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी है। रिपोर्ट में परिवहन विभाग के सचल दल की भी लापरवाही मानी है। इस पर सचल दल प्रभारी परिवहन कर अधिकारी वरुणा सैनी व जगदीश चंद्र को आरोप पत्र जारी कर दिया है। वहीं पुलिसकर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए डीजीपी को पत्र भेजा गया है।

### हादसे में एक्शन

- 15 जून को टैंपो ट्रैवलर खाई में गिरने से हुई थी 15 तीर्थयात्रियों की मौत
- दो सचल दल प्रभारियों को दिए आरोप पत्र, पुलिस पर कार्रवाई को डीजी को लिखा

# चेक बाउंस में तीन माह की सजा, 2.50 लाख का जुर्माना

**काशीपुर, अमृत विचार :** तृतीय एसीजे की अदालत ने चेक बाउंस के एक मामले में आरोपी को तीन माह की सजा और ढाई लाख रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। मेन चौराहा स्थित एक प्रतिष्ठान के स्वामी असित अग्रवाल ने अपने अधिवक्ता पवन कुमार के माध्यम से कोर्ट में परिवाद प्रस्तुत किया था कि उससे जून 2021 में बांसियोवाला, जसपुर खुर्द निवासी धर्मेंद्र कुमार ने 2.10 लाख रुपये उधार लिए थे। उसने दो माह में इसे वापस करने का वायदा किया था। दो माह बाद तकादा करने पर उसने 05 अक्तूबर 2021 को 2,10,000 रुपये की राशि का एक चेक दिया, जो खाते में लगाने पर बाउंस हो गया।

# नैनीताल में सुबह बारिश, दोपहर में धूप

- 200 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई, किसानों को होगा फायदा
- 29 जून तक मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट की घोषणा की

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** रविवार को सुबह 11 बजे तक नगर में तेज बारिश (200 एमएम) के बाद मौसम ने करवट बदली। गुनगुनी धूप खिल गयी। इस दौरान काफी संख्या में पहुंचे सैलानियों ने गुनगुनी धूप में सरोवर नगरी की नैसर्गिक सुंदरता का लुत्फ उठाकर विश्व विख्यात नैनी झील में नौकायन की तो वहीं बड़ा बाजार, माल रोड, पंत पार्क व भोटिया मार्केट से जमकर खरीदारी भी की।

वहीं सैलानियों की बड़ी आमद से एक बार फिर से नैनीताल में दिन भर गाड़ियों का लंबा जाम लग रहा, जिससे स्थानीय लोगों सहित सैलानियों को भी फजीहत उठानी पड़ी। वहीं सोमवार से 29 जून तक मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट की घोषणा की है, जिससे और अधिक तेज बारिश होने की संभावना बनी हुई है। वहीं मौसम केंद्र जीआईसी के अनुसार रविवार को नगर में अधिकतम तापमान 23 डिग्री तो वहीं न्यूनतम तापमान 15 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम सुहाना होने के साथ ही यहां पर्यटकों की संख्या भी बढ़ने लगी है। इससे कारोबारी खुस हैं।

### झील के जलस्तर में भी बढ़ोतरी होने लगी

**नैनीताल :** बीते तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से जहां एक ओर नगर वासियों ने राहत की सांस ली है तो वहीं झील के जलस्तर में भी बढ़ोतरी होने लगी है। सूखने के कगार पर पहुंच चुके प्राकृतिक जल स्रोत भी पुनर्जीवित होने लगे हैं वहीं दूसरी ओर प्री-मानसून में ही विभागों की पोल भी खुलने लगी है। जगह-जगह सड़कों पर सीवर ओवरफ्लो होने से सीवर का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा जिससे पैदल चलने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा वहीं सीवर का पानी नालियों के जरिए झील में समाने लगा है।

# बदरीनाथ और यमुनोत्री में चार तीर्थयात्रियों की मौत

- चारधाम यात्रा में अब तक 157 यात्रियों की हो चुकी मौत

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की मौतों का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। रविवार को बदरीनाथ व यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई। चारधाम यात्रा पर अब तक 157 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। यात्रा 10 मई से प्रारंभ हुई थी।

शासन-प्रशासन द्वारा यात्रा को लेकर तमाम व्यवस्थाएं की गई हैं लेकिन भीड़ की वजह से दिक्कतें भी सामने आती रही हैं। चारधाम यात्रा में रजिस्ट्रेशन के बाद ही यात्री व वाहनों के आने की व्यवस्था है। रजिस्ट्रेशन के वक्त भी संबंधित व्यक्ति को स्वास्थ्य परीक्षण आदि का भी उल्लेख करना होता है। वहीं इस संबंध में शासन की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए समय-समय पर मौसम आदि से संबंधित एडवाइजरी जारी की जाती है। इसके बाद भी यात्रा पर आए दिन श्रद्धालुओं की मौत की खबरें आ रही हैं। राज्य आपदा परिचालन केंद्र के मुताबिक केदारनाथ में सबसे ज्यादा 73 यात्रियों की मौत हुई है। वहीं, बदरीनाथ में 38, गंगोत्री में 13 और यमुनोत्री धाम में 29 यात्रियों की मौत हुई है। ज्यादातर मौतें हृदयगति रुकने से हुई हैं।

# चिड़ियाघर में वन्यजीवों की संख्या में लगातार गिरावट

**नैनीताल, अमृत विचार :** नैनीताल चिड़ियाघर में बुजुर्ग जानवरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। उम्र पूरी कर चुके जानवरों के दुनिया को अलविदा कहने के कारण यहां विभिन्न प्रजातियां भी तेजी से कम हुई हैं। नैनीताल को पर्यटकों के लिए और आकर्षक बनाने के लिए यहां 1995 में गोविंद बल्लभ पंत उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान की स्थापना की गई थी। समुद्र की सतह से करीब 2100 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस चिड़ियाघर को उत्तर भारत का एकमात्र हाई एल्टीट्यूट चिड़ियाघर माना जाता है। अब यहां के जानवर भी तेजी से बूढ़े हो रहे हैं।

# किशोरियों के न मिलने पर भड़के लोगों ने कोतवाली घेरी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र से लापता किशोरियों की अब तक बरामदगी न होने पर रविवार को हिंदूवादी संगठनों के लोग भड़क उठे। उन्होंने पुलिस के खिलाफ बहुउद्देशीय भवन में प्रदर्शन कर जय श्रीराम-जय श्रीराम के नारे लगाये। साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद कोतवाली के बाहर सड़क पर धरना दिया।

इस बीच आक्रोशित लोग एसएसपी का पुतला जलाने पर आमादा हो गए। बीच सड़क पर पुलिस की प्रदर्शनकारियों से पुतला छीनने को लेकर नोकझोंक भी हुई। करीब पांच घंटे तक कोतवाली में हंगामा चलता रहा। बाद में एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के नैनीताल से हल्द्वानी पहुंचने के बाद हिंदूवादी संगठन के लोग शांत हुए। लापता किशोरियां 9वीं और 11वीं कक्षा की दो छात्राएं हैं।

आरोप है कि मोहल्ले में रहने वाला समुदाय विशेष का एक 16 वर्षीय किशोर दोनों को उत्तर प्रदेश ले गया है। इसको लेकर बीते शुक्रवार को भी बनभूलपुरा थाने में हंगामा हुआ था। चार दिन बीतने के बाद भी जब किशोरियों का कोई सुराग नहीं लगा तो गौ रक्षक जोगेंद्र सिंह राणा, शिवसेना के रुपेंद्र नागर, भाजयुमो के कार्तिक हर्बोला और हिंदूवादी नेता विपिन पांडे समेत तमाम लोग एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा से मिलने पुलिस बहुउद्देशीय भवन पहुंचे। जब एसएसपी नहीं मिले तो सभी बाहर धरने पर बैठ गए।

एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ नितिन लोहनी समेत तमाम पुलिस अधिकारी उन्हें मनाने की कोशिश करते रहे। एसएसपी फिर भी नहीं पहुंचे तो लोगों ने वहीं बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। कहा कि यदि साढ़े तीन बजे तक एसएसपी नहीं आये तो वह उनका पुतला फूंकेंगे। दोपहर 12 बजे से प्रदर्शन कर रहे लोगों का धैर्य 3 बजकर 10 मिनट पर जवाब दे गया। सभी एक साथ उठे और नारेबाजी करते हुए सड़क पर आ गए। हाथ में एसएसपी का पुतला देख पुलिस भी हरकत में आग गई। हिंदूवादी संगठन के लोग पुतला फूंकना चाहते थे। पुतला जलाने को लेकर पुलिस की प्रदर्शनकारियों के साथ नोकझोंक हुई। अंततः पुलिस ने पुतला छीन लिया। जिसके बाद प्रदर्शनकारी कोतवाली के बाहर सड़क पर बैठ गए। इसके बाद एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा नैनीताल से हल्द्वानी पहुंचे और आश्वासन के बाद शाम 5 बजे प्रदर्शन खत्म हुआ।

### किशोरियों की आखिरी लोकेशन बदायूं मिली

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** किशोरियों को लापता हुए चार दिन बीत चुके हैं और उनके पास सिर्फ 15 सौ रुपये हैं। उनकी आखिरी लोकेशन बदायूं में मिली थी और तब से उनका कुछ पता नहीं हैं। रविवार को हंगामे की बाद एसएसपी ने एक और टीम को तलाश में लगाया। 11वीं में पढ़ने वाली छात्रा के घर में 9वीं की छात्रा किराए पर रहती है, जिसके पिता एक ढाबे में काम करते हैं। इलाके में रहने वाला युवक दोनों को ले गया। गुरुवार की शाम से लापता छात्राएं युवक के साथ सीसीटीवी में दिखाई दीं। वह उन्हें मंगलपड़ाव से मैजिक में बैठाकर लालकुआं ले गया और वहां से बदायूं उत्तर प्रदेश चला गया। यहां तक मोबाइल ऑन था, जिसके जरिये पुलिस लोकेशन ट्रेस कर पाई। अब फोन बंद है। शुक्रवार को बनभूलपुरा थाने में हंगामे के बाद दो टीमों को तलाश में लगाया गया और अब तीसरी टीम भी रवाना कर दी गई है। पुलिस की जांच में सामने आया कि किशोरियों के पास सिर्फ 15 सौ रुपये हैं, जो वह घर से अपने साथ ले गईं थीं।

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पञ्च यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम् ॥

जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय, और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए ।

## संपादकीय

# नक्सलवाद की समस्या

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद एक बड़ी समस्या है। राज्य में नक्सलवादियों की सक्रियता सरकार के नक्सल-विरोधी अभियान से संबंधित नीतियों पर प्रश्नचिह्न है। सुकमा जिले में रविवार को नक्सलियों ने एक ट्रक को आईईडी से उड़ा दिया, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की विशेष इकाई के दो जवान शहीद हो गए। नक्सलियों ने ट्रक को निशाना बनाकर आईईडी धमाका किया। साफ है,नक्सली घात लगाकर आधुनिकतम घातक हथियारों से हमला बोलने में सक्षम व समर्थ हैं। साथ ही नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में नक्सलियों ने अब नकली नोट छापना शुरू कर दिया है। संगठन के बड़े कैडरों ने अपने लड़ाकों को नकली नोट छापने के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया है। पुलिस ने रविवार को तलाशी अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा नकली नोट बनाने की मशीन, नकली नोटों के सैंपल, विस्फोटक और हथियार बरामद किए। तीन दशकों से अधिक समय से इस समस्या से जूझ रहे राज्य में पहली बार नक्सलियों के नकली नोट बरामद किए गए हैं। सुरक्षा बलों के दबाव में और धन की कमी के कारण, नक्सली क्षेत्र के आंतरिक इलाकों के साप्ताहिक बाजारों में विभिन्न वस्तुओं की खरीद के लिए नकली नोटों का उपयोग करने और स्थानीय आदिवासी विक्रेताओं को धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं। आश्चर्य है कि बस्तर में नक्सलियों द्वारा जाली नोट छापे जाने को लेकर एनआईए को भनक तक नहीं है। नक्सली इस कदम से भारतीय अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने की भी कोशिश कर रहे हैं। भारतीय राष्ट्र-राज्य की संवैधानिक व्यवस्था को यह गंभीर चुनौती है। जाहिर है, इनसे न केवल सख्ती से निपटने की जरूरत है, बल्कि खुफिया एजेंसियों को भी सतर्क करने की जरूरत है। क्योंकि राज्य सरकार की जासूसी संस्थाएं असफल रही हैं। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की समस्या वर्ष 2000 के आसपास सामने आई। यहां स्थिति गंभीर व चुनौतीपूर्ण थी। हालांकि खबरें तो यहां तक हैं कि पाकिस्तान और चीन माओवाद को बढ़ावा देने की दृष्टि से हथियार पंहुचाने की पूरी एक श्रृंखला बनाए हुए हैं। नक्सली समस्या को लेकर ढेर सारी चुनौतियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पहले के मुकाबले कमी आई है। शुक्रवार को सुकमा में चार नक्सलियों ने नक्सल ऑपरेशन कार्यालय में आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। इसके बावजूद अपने वर्तमान रूप में नक्सल आंदोलन ने अपनी प्रकृति और उद्देश्य दोनों में बदलाव किया है। इसलिए इन्हें नेस्तनाबूद करने की जिम्मेदारी अब सेना व सुरक्षा बलों को संयुक्त रूप से सौंप देनी चाहिए।

# बढ़ते तापमान का कारण और स्थायी समाधान



गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

**इसके अलावा सरकारों को चाहिए कि पंचमहाभूतों के संरक्षण हेतु एक एकीकृत योजना लागू की जाए एवं इसके अंतर्गत मानवीय कृषि को एक राष्ट्रीय कार्य घोषित किया जाए, ताकि हम सर्वे भवन्तु सुखिन: का संदेश विश्व को देकर इस मानवीय कार्य में सहयोगी हो सके।**

**भारत के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो 1971 में सबसे ज्यादा तापमान 44 .9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जो 2024 में बढ़कर 52 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया है। यानी 53 वर्षों में आठ डिग्री सेल्सियस डिग्री की वृद्धि हो चुकी है। यही कारण है कि हमको अब कुछ विशेष संकट ग्रस्त और संरक्षित पशु पक्षी व पेड़ पौधों आदि का संरक्षण करना पड़ रहा है। उसी तरह हमको अब मानव प्रजातियों को भी संरक्षित करना होगा। इस ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए विश्व के नीति निर्माताओं को ग्रीन हाउस गैसों के अलावा अन्य उपायों पर भी ध्यान देना होगा तभी हम इस वैश्विक समस्या से निजात पा सकते है।**

विकास के नाम पर कृत्रिम धन को संचित करने के लिए , जो मानव जीवन के लिए जरूरी वास्तविक धन है, उसको लूटने की होड़ मची हुई है। हम सहअस्तित्व के सिद्धांत को नकार कर जिस तरह से प्रकृति के संसाधनों को निचोड़ रहे है, इसके कारण ही आज धरती हीट वेव जैसी समस्याओं का सामना कर रही है। अब तो तापमान बढ़ने की बात सिर्फ दिन के समय की नहीं रही, बल्कि अब रातें भी गर्म होने लगी है, भूमिगत जल का तापमान भी बढ़ने लगा है। इससे स्पष्ट है कि हमने पृथ्वी पर जीवन को संकटमय बना दिया है। आज अधिकांश शहरों का तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस से लेकर 6.4 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो चुका है। इतना तापमान भारत में हीट वेव की रेड कैटगरी के अंतर्गत आता है। जो कि मानव के स्वास्थ्य के हिसाब से बहुत अधिक है या नुकसानदायक है। इतना ही नहीं इससे भविष्य में गर्मी के कारण होने वाली मृत्यु में छह गुना इजाफा हो सकता है। अगर तापमान बढ़ने के कारणों पर ध्यान दिया जाए तो वैज्ञानिकों के अनुसार ग्रीन हाउस गैसों ( कार्बन डाई ऑक्साइड, मीथेन आदि ) के अलावा इन निम्न पहलुओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता है।

शहरीकरण के चलते हीट इंडेक्स जैसे कारणों को अनदेखा किया जाना, भूमिगत जल, पेट्रोलियम पदार्थों व कोयला आदि का मनमाना दोहन, नदियों, तालाबों, कुंओं, बावड़ियों में जल स्तर घाट जाना यानी पृथ्वी की सतह पर पानी का कम हो जाना, घरों में एसी के उपयोग होने के कारण स्थानीय तापमान में वृद्धि होना, जंगल कटान के कारण पशु पक्षियों का कम होना, पृथ्वी की चुंबकीय क्षमता में कमी होना एवं पृथ्वी की अंदर की सतह के घूर्णन की गति कम होना व सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी का घटना बढ़ना इत्यादि । भारत के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो 1971 में सबसे ज्यादा तापमान 44.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जो 2024 में बढ़कर 52 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया है। यानी 53 वर्षों में आठ डिग्री सेल्सियस डिग्री की वृद्धि हो चुकी है। यही कारण है कि हमको अब कुछ विशेष संकट ग्रस्त और संरक्षित पशु पक्षी व पेड़ पौधों आदि का संरक्षण करना पड़ रहा है। उसी तरह हमको अब मानव प्रजातियों को भी संरक्षित करना होगा। इस ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए विश्व के नीति निर्माताओं को ग्रीन हाउस गैसों के अलावा अन्य उपायों पर भी ध्यान देना होगा तभी हम इस वैश्विक समस्या से निजात पा सकते है। इसमें सबसे पहला तो यही काम है जो कॉप -28 में निर्णय जीवाश्म ईंधन के उपयोग को लेकर लिए गए उनका पालन व क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो तभी हम इस परेशानी को एक अवसर के रूप में बदल सकते है। स्पष्ट है कि हमको धरती की स्थानीय वहन क्षमता के अनुसार खनिजों का खनन करना होगा। इससे कम समय में काफी सार्थक और उपयोगी परिणाम प्राप्त हो पाएंगे। दूसरा दुनिया में 'सहअस्तित्व के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए पूरे विश्व में एक सामान पर्यावरणीय कानून और नियम लागू किए जाएं। इसके अलावा भारत में पर्यावरणीय सूचकांक की स्थिति को देखते हुए देश में प्राकृतिक वसीयत के लिए एक अध्यादेश लागू हो। तभी हम खुशहाल जीवन जी सकते हैं।

इसके अलावा सरकारों को चाहिए कि पंचमहाभूतों के संरक्षण हेतु एक एकीकृत योजना लागू की जाए एवं इसके अंतर्गत मानवीय कृषि को एक राष्ट्रीय कार्य घोषित किया जाए, ताकि हम सर्वे भवन्तु सुखिनः का संदेश विश्व को देकर इस मानवीय कार्य में सहयोगी हो सके। बढ़ती हुई आर्थिक, सामाजिक असमानता को संतुलित रखने के लिए एक आयोग की स्थापना हो जिसमे सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा दिया जाए एवं अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के तहत वसुधैव कुटुंबकम का सिद्धांत पूरी दुनिया में लागू हो। इसके लिए हमको कुछ बदलाव अपने में करने होंगे तभी हम इन प्राकृतिक आपदाओं से मुक्ति पा सकेंगे। इसीलिए पैसे के मूल्य और चक्र को देखते हुए, विश्व में वस्तु विनिमय प्रणाली को प्रोत्सासहित किया जाए। सर्कुलर इकोनॉमी का सबसे बड़ा फायदा ये है, कि ये स्थानीय स्तर पर काम और कुशल कारीगर तैयार करेगी । यानि भारत सरकार को चाहिए कि जो कौशल विकास के नाम पर जो केंद्र चलाए जा रहे है वो स्थानीय संसाधनों के आधार पर चलाए। जिससे कि प्रशिक्षित लड़के - लड़कियों को स्थानीय स्तर पर काम मिल सके। इससे परोक्ष व अपरोक्ष रोजगार मिलने के साथ साथ उस क्षेत्र की जैव विविधता भी समृद्ध बनी रहेगी एवं पलायन, शहरीकरण, पर्यावरण, झुग्गी झोपड़ी का विस्तार, भी नहीं होगा व कुटीर उद्योग बढ़ने के साथ सामाजिक समरसता बनी रहेगी । इस तरह के प्रयास से किसानों को भी लाभ मिल सकेगा। तभी हम भारत के संविधान व पर्यावरणीय कानूनों के अनुसार एक मजबूत इको साइड कानून की व्यवस्था कर सकेंगे। इसके लिए हमको कुछ नियम बैंको या ऋण देने वाली राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में मजबूत और प्रकृति के नियमों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं व परियोजनाओं को ऋण उपलब्ध हो। इसके लिए प्राकृतिक संतुलन को मानवता के लिए सर्वोच्च कार्य का दर्ज़ा प्राप्त हो। इसके बाद अंत में बात जीवन शैली की आती है। इसमें हमको ऋतु के अनुसार अपने खान पान और पहनावे पर भी ध्यान देना होगा ताकि मानव शरीर का इम्म्यून पावर भी ताप को सहन करने योग्य हो सके।

उपरोक्त उपायों के साथ साथ हमको स्थायी समाधान तलाशना होगा। क्योंकि वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन कम कर देना जलवायु परिवर्तन या रूपांतरण का स्थायी हल नहीं है। न ही इसका स्थायी समाधान देश और दुनिया की किसी सरकार व टेक्नोलॉजी के पास है। इसका स्थायी समाधान सिर्फ दुनिया के किसानों के पास है। क्योंकि किसान ही है जिसका सीधा संबंध मिटटी से होने के कारण, जैव विविधता, जल, पशु-पक्षी आदि से भी होता है। किसान ही है जो जल की नदियों का पुनः धरती से आकाश यानि जल का लंबवत बहाव सुनिश्चित कर सकता है। जिस दिन ये लंबवत जल का प्रवाह फिर से सही मात्रा में होने लगेगा, हम प्रकृति को व्यवस्थित कर संतुलन में ला सकेंगे । यानि बारिश, ताप, दाब, आर्द्रता आदि मानकों को सही अनुपात में ला सकेंगे। कुल मिलाकर हम प्रकृति के चक्रण को व्यवस्थित कर लेंगे । ये जो एकल कहानी ग्रीन हाउस गैसों के बारे में जलवायु परिवर्तन को लेकर बताई जा रही है, ये दुनिया को अव्यवस्थित कर देने लिए काफी है। अगर हम जलवायु परिवर्तन को सुधारने के चक्कर में सिर्फ इन गैसों को कम करने के प्रयास करते रहे तो निश्चित मान कर चलो कि ये प्रक्रिया दुनिया के लिए विनाशकारी सिद्ध होगी। धरती पर दो तरह की नदियों का प्रवाह होता है एक क्षितिज के समानान्तर दिशा में दूसरा क्षितिज के लंबवत दिशा में। हमने पेड़ पौधे व मिटटी में कार्बन की मात्रा कम करके इस लंबवत प्रवाह को प्रभावित किया है जिसके कारण ये तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। अगर प्रकृति की दृष्टि से सोचें तब शायद हमको अच्छे परिणाम विज्ञान के माध्यम से मिल सकेंगे।

## प्रसंगवश

# स्मार्ट वर्क के युग में हार्ड वर्क की उपादेयता



बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

डिजिटल उपकरणों से लैस आधुनिकीकरण, शहरीकरण और पाश्चात्यकरण के इस दौर में स्मार्ट वर्क की संकल्पना का जोर है। अब यह संकल्पना केवल भौतिक जीवन शैली को समृद्ध करने तक सीमित नहीं रह गई है, वरन यह मानवीय संबंधों, व्यवहार तथा भावनाओं पर भी बड़ी तेजी से पकड़ बनाती जा रही है। दूसरे शब्दों में मानवीय मनोविज्ञान तथा व्यवहार को भी बहुत गहरे तक प्रभावित कर रही है। मनुष्य स्वचालित यंत्र की भांति व्यवहार कर रहा है, अपने स्वार्थ व महत्वाकांक्षा को पूर्ण करने हेतु मशीनों की भांति व्यवहार करने लगा है।

एक और विवेक प्रधान, भावना प्रधान मनुष्यों में मशीनी प्रवृत्तियां बढ़ती जा रही है दूसरी ओर कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक के आधार पर ह्यूमनॉइड रोबोट तैयार किया जा रहे हैं, जिससे जीवन शैली में क्रांतिकारी परिवर्तन आ सके। कदाचित मानव की जीवन को आसान बनाने की प्रवृत्ति उसमें कठोर श्रम के प्रति अलगाव उत्पन्न कर रही है। वह केवल मस्तिष्क की गणनाओं व बुद्धिमत्ता का प्रयोग कर जीवन को संचालित करना चाहता है।

केवल मस्तिष्क के अनुसार जीवन को संचालित करने की प्रवृत्ति वास्तविक संबंधों में भी प्रवेश करती जा रही है। यही कारण है आज चौतरफा हिंसा, तनाव, अलगाव विद्वेष आदि की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। भौगोलिक दूरिया जितनी तेजी से घट रही है, मानसिक दूरियां बढ़ती जा रही हैं । सुख सुविधाओं के पालने में पलने वाले छोटे-छोटे बच्चे भी अवसाद ग्रस्त हैं। प्रश्न यह है कि क्या कोरा स्मार्ट वर्क हार्ड वर्क का स्थान ले सकता है ? बेशक डिजिटल क्रांति के विस्तार और विकास के साथ जीवन सरल होता चला जाएगा लेकिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता से युक्त मशीनें कभी भी मानवीय भावनाओं, प्रेम , करुणा , दया और मौलिक सृजन का स्थान नहीं ले सकते।

उदाहरण के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक से निर्मित भगवान राम का चित्र ही लीजिए । यह चित्र भावनाओं के स्तर पर अधूरा सा लगता है क्योंकि इसमें कलाकार का समर्पण, भक्ति और भावना नहीं है जो उसके स्पर्श से चित्र में नैसर्गिक सौंदर्य एवं उत्कृष्टता लाती है , जिससे चित्र अतीत के परिपेक्ष्य में जीवंत हो उठते है। जिस प्रकार चैटजीपीटी माध्यमों से विभिन्न क्षेत्रो मे लेखन और काव्य सृजन की बात प्रचारित की जा रही है, उसमें भी भावनाओं और मौलिकता का अभाव होगा जिससे तमाम शब्दों से अलंकृत और व्याकरण की सटीकता के बावजूद अधूरापन रहेगा। व्यक्ति द्वारा ह्रदय की कोमल भावनाओं की गहराइयों में डूबकर और मस्तिष्क की पूर्ण स्मृतियों और वर्तमान परिदृश्य के आधार पर जो दृश्य खिंचा जाता है वह अनुपम , अतुल्यनीय होता है , मशीनों से ऐसी उम्मीद बेमानी है ।

उदाहरण के लिए हस्तशिल्प को ही लीजिए। आज मशीनों से निर्मित तमाम प्रकार के परिधान बाजार में सस्ती कीमतों में उपलब्ध है , लेकिन क्या यह हाथ की कारीगरी की खूबसूरती व कला सौंदर्य को उकेर सकते हैं । यही कारण है संभ्रांत वर्ग में आज भी इसकी उच्च स्तरीय मांग बनी हुई है।

डिजिटल क्रांति से पेपरलेस का दावा किया गया लेकिन किताबों का विकल्प ई-बुक नहीं हो सकता। जो आनंद पुस्तकों के शब्द सागर में डूबने में है , वह ई-बुक्स में कहां? यह तो पाठक ही भली भांति जानता है । अतः डिजिटल क्रांति समय और श्रम को बचाने का कार्य तीव्रता और सटीकता से करने के मामले में मानवीय श्रम से कहीं बेहतर है, लेकिन भावनात्मक , मौलिक सृजन मानवीय श्रम का स्थान कभी नहीं ले सकती।

इसलिए आवश्यक है मनुष्य मशीनों पर पूर्ण रूप से निर्भर न रहकर अपनी भावनाओं को नव आयाम दे, मौलिकता को बनाए रखते हुए उत्पादकता बढ़ायी जाए। यही मानव जीवन की उपादेयता और सुंदरता है, प्रकृति के साथ समरसता का प्रतीक है । प्रकृति के अंश को प्रकृति के अनुरूप ही व्यवहार करना चाहिए जो मानवीय प्रकृति व संस्कृति को सही दिशा देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी आवश्यक है।

# बाजार बनी दुनिया में क्या है जिसकी बोली न लगे



डॉ . हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

**उदारीकरण के बाद इस देश के एक वर्ग के पास खूब पैसा आया है। अब, उसके बेटे डॉक्टर या प्रोफेसर या इंजीनियर से कम क्यों बनें?**

प्रतियोगिता परीक्षाओं के क्वेश्चन आउट होकर बिकना हमारे बाजार का हिस्सा बन चुका है। वही बाजार, जिसे हम अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र की भाषा में ' बाजारवादी व्यवस्था का सिरमौर' कहते हैं। बाजार खरीदार बनाता है और खरीदार भी अक्सर नए बाजार को खड़ा करते हैं।

फिल्मों में देखते हैं कि जिलों में हाकिमों की पोस्टिंग बिकती है, अखबारों में पढ़ते हैं कि विश्वविद्यालयों में कुलपतियों, कुलसचिवों के पद बिकने के आरोप लग रहे हैं, टीवी में देखते हैं कि एमपी और एमएलए कभी खुदरा तो कभी थोक के भाव में बिक जाया करते हैं, सुनते आए हैं कि मालदार थानों में दारोगा जी की पोस्टिंग की बोलियां लगती हैं, मनचाहा शहर और कॉलेज में पोस्टिंग पाने के लिए प्रोफेसर साहेबानों को अक्सर मोटा माल डाउन करना पड़ता है तो फिर परीक्षाओं के पहले उसके क्वेश्चन पेपर्स क्यों न बिकें?

जब दुनिया बाजार बनने लगती है तो ऐसा क्या है जिसकी बोलियां न लगें? बाजार की अपनी कोई नैतिकता नहीं होती। उसे नियमों और कानूनों से नियंत्रित किया जाता है। लेकिन, जब रेगुलेटर्स ही बिकने के लिए तैयार हों तो नियम और कानून गया भाड़ में। उदारीकरण के बाद इस देश के एक वर्ग के पास खूब पैसा आया है। अब, उसके बेटे डॉक्टर या प्रोफेसर या इंजीनियर से कम क्यों बनें? बचपन से बाप के वैध-अवैध पैसों के बल पर फर्राटे से एसयूवी उड़ाते दोस्तों के साथ पिज्जा खाने जाने की आदत है। तो, उसे भी कमाई वाली नौकरी चाहिए। हर पैसे वाले का बेटा मेधावी ही हो जरूरी नहीं। चाहे जितना कोटा में कोचिंग करवा लो, नीट या जेईई कठिन एक्जाम हैं, नेट में अच्छा स्कोर लाना कठिन है। सीटें सीमित हैं, अभ्यर्थी अपरम्पार हैं। लेकिन पैसा भी एक चीज है जो बहुत कुछ खरीद सकता है। किसी भी कीमत पर अपनी संतान के लिए करियर खरीद लेने की उत्कंठा पाले लोगों का एक अलग, नव धनाढ्य वर्ग डेवलप हुआ है। वैसे भी, इस देश में अब रीति नीति भी यही बनती जा रही है कि अच्छे संस्थानों में और अच्छे कोर्सों में पैसे वालों के ही बेटे पढ़ सकें।

अब, शॉर्ट कट का तकाजा है कि क्वेश्चन पेपर ही आउट करवा लिया जाए। आवश्यकता आविष्कार की जननी है। लो जी, इसका भी मार्केट तैयार हो गया। एक से एक टैलेंटेड लोग लग गए क्वेश्चन आउट कर बेचने के धंधे में। पता नहीं, ये हुनर सीखी कहां से। कोई प्रिंटिंग प्रेस से ही क्वेश्चन उड़ा ले रहा है कोई रास्ते में हथौड़ा मार कर सील तोड़ ले रहा है। लाखों, करोड़ों के वारे न्यारे हो रहे हैं, जोड़ कर देखो तो अरबों का बाजार है यह। दुनिया जब बाजार बन जाती है तो हर शै का अपना बाजार सजता है। क्वेश्चन पेपर्स का भी अपना मार्केट है। सिपाही बहाली के सवालों का इतना रेट, दारोगा बहाली का इतना, मास्टर बहाली का ये रेट, इंजीनियर डॉक्टर का रेट इतना। फिर, रेट इस पर भी निर्भर करता है कि कहीं किसी सेफ जगह में किसी रिसार्ट में या होटल में मटन चिकन पनीर की प्लेटें सामने सजवा कर एक एक क्वेश्चन का आंसर भी रटवा दिया जाएं। फिर, एयरकंडीशंड गाड़ियों में अहले सुबह एक्जाम सेंटर तक पहुंचा देने का जिम्मा भी। बोले तो कंप्लीट पैकेज।

आजकल बाजार में कंप्लीट पैकेज का जमाना है। तो, पैसे वालों को अधिक आराम है। पैसा ही तो लगना है। वह तो देश को लूट कर, सरकार को लूट कर, पब्लिक को लूट कर है ही इतना कि कुछ भी खरीद लें। अब, जब बाजार सजते हैं तो कुछ सीमित आमदनी वाले मिडिल क्लास के होशियार लोग भी लपकते हैं उधर। जमीनें बेच कर, गहने गिरवी रख कर, लोन ले कर इस अंधेरे बाजार में पैसे लगा डालते हैं। डॉक्टर, प्रोफेसर, इंजीनियर बन गया तो क्या कहने। पिछले साल यूपी में खबरें आई थी कि प्रोफेसर बनवाने का बाजार 35-40 लाख तक चला गया था। वह भी तब जब अपने मेरिट से बीए, एमए, नेट, पीएचडी किए रहो। बाजारों के बड़े बड़े खिलाड़ी बड़ी ही सफाई से बचते हैं, बचाए जाते हैं, जांच समितियों के द्वारा, मीडिया के द्वारा, ताकि वे अगली बार अगले गुर्गों के सहारे अपने अगले खेल कर सकें। बाजार बनती दुनिया में पोस्टिंग बिकती है, सेलेक्ट होना बिकता है, एक्जाम सेंटर बिकता है, क्वेश्चन पेपर बिकता है, बहुत कुछ बिकता है। जब खरीदने वाले झोली भर कर मुंह बाए खड़े हैं तो बेचने वाला तो धरती फोड़ के निकल कर आ जाएगा। बाजार का यही नियम है।

## सोशल फोरम

# कृषि विज्ञान के जनक



आलोक खरे
प्रोफेसर, बरेली कालेज बरेली।

दुनिया के अन्य महाद्वीपों के लोग जब वर्षा, बादलों की गड़गड़ाहट के होने पर भयभीत होकर गुफाओं में छुप जाते थे... जब उन्हें एग्रीकल्चर का ककहरा भी मालूम नहीं था.. उससे भी हजारों वर्ष पूर्व ऋषि पाराशर मौसम व कृषि विज्ञान पर आधारित भारतवर्ष के किसानों के मार्गदर्शन के लिए" कृषि पाराशर" नामक ग्रंथ की रचना कर चुके थे।

ऋषि पाराशर ग्रंथ में लिखते हैं जीवन का आधार कृषि है कृषि का आधार वृष्टि अर्थात बारिश है । हर किसान को बारिश के विषय में जरूर जानना चाहिए।

ऋषि पाराशर ने अपने ग्रंथ के द्वितीय खंड वृष्टि खंड में बादलों को 4 भागों में वर्गीकृत किया है। आवरत मेघ, ) सम्रत मेघ , पुष्कर मेघ और द्रोण मेघ । पहले वाला मेघ एक निश्चित स्थान में बारिश करता है। दूसरा मेघ एक समान बारिश करता है। तीसरे मेघ से बहुत कम वर्षा होती है। चौथे मेघ से उत्तम वर्षा होती है। ऋषि पाराशर ने कृषि भूमि को तीन भागों में विभाजित किया अनूप कृषि भूमि ,जांगल कृषि भूमि विकट भूमि। पहली से दूसरी, दूसरी से तीसरी भूमि को कृषि के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया। कृषि खंड में उन्होंने बताया किस महीने में बीजों का संग्रह करना चाहिए बीजों की रक्षा कैसे करनी चाहिए बीजों का रोपण किस विधि से होना चाहिए।

सचमुच अतीत का भारत विश्व गुरु था.. जहां ज्ञान विज्ञान कला कौशल की भरमार थी.. कोई ऐसा क्षेत्र है जहां हमारे ऋषि-मुनियों ने अमूल्य ग्रंथों की रचना ना की हो.. !

दुर्भाग्य से महाभारत के महायुद्ध में हजारों लाखों ऋषि महर्षि , योद्धा मारे गए.. परिणाम स्वरूप गुरुकुल शिक्षा पद्धति और शिक्षा परंपरा विद्या की वैदिक संस्थाएं लुप्त हो गईं। 90 फ़ीसदी से अधिक ज्ञान परंपरा व ग्रंथ लुप्त हो गए। आज जलवायु परिवर्तन के कारण अमेरिका ऑस्ट्रेलिया की भूमि बंजर होती जा रही है। यह भारत के ऋषि महर्षियो का ज्ञान ही था कृषि के क्षेत्र में लाखों करोड़ों वर्ष के पश्चात भी भारत भूमि बंजर नहीं हो पाई ।

**-फेसबुक वॉल से**

# भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रतीक था नालंदा विश्वविद्यालय



प्रो . विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

नालंदा विश्वविद्यालय प्राचीन भारत में शिक्षा का एक प्रसिद्ध केंद्र था, जो वर्तमान बिहार में स्थित है। इसकी स्थापना गुप्त काल के दौरान हुई थी और पाल वंश के शासनकाल के दौरान यह अपने चरम पर पहुंच गया था। विश्वविद्यालय ने दुनिया भर से विद्वानों और छात्रों को आकर्षित किया और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी शिक्षाओं के लिए प्रसिद्ध था। ईसा से 1200 साल पहले। खुदाई में मिले अवशेषों से पता चलता है कि नालंदा में बुद्ध और महावीर के समय से पहले भी इंसानी बसाहट हुआ करती थी।

नालंदा जिसका प्रारंभिक नाम "बड़गांव"और जैन धर्म मे इसे कुण्डलपुर कहा जाता था। यह बौद्ध धर्म के साथ हिंदू और जैन धर्म का भी केंद्र रहा है। शक्रादित्य ने नालंदा में एक बौद्ध मठ का निर्माण कराया था। छठवीं शताब्दी आते-आते, ये एक बहुत बड़े शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित हो गया। गुप्त काल के अवशेषों से पता चलता है कि नालंदा में तब हिंदू, जैन, बुद्ध, तीन धर्मों का प्रभाव था। जो यहां की निर्माण शैली, वास्तुकला और मूर्तियों में दिखाई देता है।

बौद्ध धर्म के ग्रंथ बताते हैं कि महात्मा बुद्ध ने नालंदा में एक उपदेश दिया था। उनके एक शिष्य शारिपुत्र के नाम पर नालंदा म् एक स्तूप भी बना हुआ है। नालंदा का एक संबंध जैन धर्म से भी है। जैन सूत्रों के अनुसार भगवान महावीर ने भी कुछ वर्ष नालंदा में बिताए थे। गुप्त काल के बाद कन्नौज के राजा हर्षवर्धन ने नालंदा को अनुदान दिया। उन्होंने यहां तीन मंदिरों का निर्माण कराया। आठवीं सदी के बाद बंगाल के पाल वंश ने नालंदा की देखरेख की। चीनी यात्री ह्वेनसांग लिखते हैं, "नालंदा में दाखिला लेने वालों में सिर्फ 20 प्रतिशत छात्रों को प्रवेश मिलती थी।" नालंदा के सभी छात्रों ने महायान के साथ-साथ बौद्ध धर्म के अठारह ( हीनयान ) संप्रदायों के ग्रंथों का अध्ययन किया। उनके पाठ्यक्रम में वेद , तर्कशास्त्र, संस्कृत व्याकरण, चिकित्सा, षटदर्शन, व्याकरण, एस्ट्रोनॉमी, गणित जैसे तमाम विषयों की पढ़ाई हुआ करती थी। पढ़ाई का तरीका भी अनूठा हुआ करता था।

ह्वेन सांग के लिखे अनुसार नालंदा में एक वक्त में दस हजार छात्र पढ़ाई करते थे। और उन्हें पढ़ाने के लिए लगभग 1500 शिक्षक हुआ करते थे। इन सबके ऊपर एक चांसलर हुआ करता था। ह्वेनसांग ने नालंदा के एक चांसलर, शिलाभद्र का जिक्र किया है। जो ह्वेन सांग के अनुसार योग शास्त्र के सबसे बड़े शिक्षक थे।

नालंदा के विद्यार्थियों के द्वारा ही एशिया में भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का विस्तृत प्रचार व प्रसार हुआ था। तिब्बत के राजा के निमंत्रण पर भदंत शांतिरक्षित और पद्मसंभव तिब्बत गए थे और वहां उन्होंने संस्कृत, बौद्ध साहित्य और भारतीय संस्कृति का प्रचार करने में अप्रतिम योग्यता दिखाई थी। नालंदा में बौद्ध धर्म के अतिरिक्त हेतुविद्या, शब्दविद्या, चिकित्सा शास्त्र, अथर्ववेद तथा सांख्य से संबंधित विषय भी पढ़ाए जाते थे। युवानच्वांग ने लिखा था कि नालंदा के एक सहस्त्र विद्वान् आचार्यों में से सौ ऐसे थे जो सूत्र और शास्त्र जानते थे, पांच सौ, 3 विषयों में पारंगत थे और बीस, 50 विषयों में। केवल शीलभद्र ही ऐसे थे जिनकी सभी विषयों में समान गति थी।

धर्मस्वामिन के अनुसार बख्तियार खिलजी की मौत के कई साल बाद नालंदा पर एक और आक्रमण हुआ था। जिसके बाद नालंदा लगभग पूरा खाली हो गया। तुर्क आक्रमणों के चलते बौद्ध भिक्षुओं में डर बैठ गया था। जिसके बाद ये इलाका खाली कर दिया गया। नालंदा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का उद्घाटन किया है। प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की विरासत को पुनर्जीवित करने का प्रयास के रुप में देखा जाना चाहिए।

# महत्वपूर्ण होगा स्पीकर का चुनाव



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अठारवीं लोकसभा में किसी दल का स्पष्ट बहुमत नहीं है। भाजपा की अगुवाई में राजग यानी एनडीए की मिली-जुली सरकार है। ऐसे में लोकसभाध्यक्ष यानी स्पीकर का पद बेहद महत्वपूर्ण होगा। भाजपा के कुल 240 सांसद ही हैं,जो पूर्ण बहुमत से 32 कम हैं। भाजपा का इतिहास दल बदल कराकर विपक्षी सरकारें गिराने और अपनी बनाने का रहा है। मध्यप्रदेश विधानसभा के 2018 वाले चुनाव में कांग्रेस सत्ता में आई थी और कमलनाथ के नेतृत्व में सरकार बन भी गई थी;किंतु तोड़ फोड़ करके भाजपा ने अपनी सरकार बना ली। इसके लिए उन्होंने ज्योतिरादित्य सिंधिया को मिलाया था। कोशिश राजस्थान में भी की गई, हालॉकि योजना परवान नहीं चढ़ी। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की महा अघाड़ी सरकार में दल बदल कराया गया और उसे गिराकर शिवसेना के नए बने एकनाथ शिंदे गुट की राजग सरकार बनी। उत्तराखंड में बड़ी संख्या में कॉग्रेसियों को भाजपायी बनाया गया और विजय बहुगुणा को इस्तेमाल किया गया। यहां तक कि नैनीताल हाईकोर्ट के जज जोसेफ ने इसे 'पाप'करार दिया। अपने इस स्वभाव और रीति नीति के चलते यदि स्पीकर भाजपा का बन गया तो छोटे दलों की खैर नहीं,वे चाहे जिस तरफ के हों। वो तोड़े और भाजपा में विलीन किए जाएंगे। ऐसे में 26 जून को होने वाला स्पीकर चयन बहुत महत्व रखता है तथा सांसदों,विशेषकर छोटे दलों को बहुत विवेक लगाना होगा और सूझबूझ से काम करना होगा। सावधानी हटी कि दुर्घटना घटी। अभी फिलहाल भाजपा अपना ही स्पीकर बनाने पर तुली है और विपक्ष का कहना है कि यदि चंद्रबाबू नाइडू की तेदेपा का स्पीकर कैंडीडेट सामने आता है,तो वे समर्थन करेंगे; भाजपाई यदि खड़ा हुआ,तो विरोध होगा और चुनाव लड़ा जायगा। युद्ध की दुंदुभी तो बज चुकी है,प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति पर ही। कांग्रेस सांसद के.सुरेश ज्यादा सीनियर थे। उन्हें बाईपास करके भाजपाई भर्तिहरि महताब को इस पद पर बिठाया गया है। अगले कुछ दिन बेहद महत्वपूर्ण और सावधानी बरतने के हैं।

## सार-संक्षेप

### मोदी ने डॉ. मुखर्जी के सपनों को किया पूराः योगी


डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री।

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर सिविल हॉस्पिटल परिसर हजरतगंज में आयोजित एक कार्यक्रम में योगी ने डॉ. मुखर्जी को भारत माता का महान सपूत, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अखंड भारत का स्वप्नदृष्टा बताया। योगी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर सत्याग्रह के लिए अभियान प्रारंभ किया, इसके लिए उन्हें प्राण भी त्यागना पड़ा। कश्मीर में धारा-370 समाप्त कर एक देश में एक प्रधान, एक विधान, एक निशान की भावनाओं को सम्मान करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की एनडीए सरकार ने किया है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल आदि मौजूद रहे।

### एक्सप्रेस-वे से डबल डेकर बस नीचे गिरी, 40 घायल

**कन्नौज, अमृत विचार :** जौनपुर से 110 यात्रियों लेकर दिल्ली जा रही डबल डेकर बस थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर रविवार की सुबह चालक को झपकी आने से डिवाइडर को तोड़ते हुए कई पलटियां खाकर नीचे खाई में जा गिरी। दुर्घटना में करीब 40 यात्री घायल हो गये। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर 12 यात्रियों को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया। सूचना मिलते ही यूपीडा समेत कई थानों की पुलिस के अलावा एंबुलेंस व पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गये, जिन्होंने राहत व बचाव कार्य में मदद की। थाना ठठिया क्षेत्र के गांव गढ़ापुरवा निवासी सौरभ कुमार (25) आरएस यादव की डबल डेकर बस लेकर जौनपुर से 110 यात्रियों को बैठा कर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से दिल्ली जा रहा था। बस सौरिख थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह 3 :50 पर ग्राम नगला वीरभान के सामने किलोमीटर संख्या 159 पर पहुंची। उसी समय बस चालक सौरभ को झपकी आ गई। इससे बस एक्सप्रेस- वे की डिवाइडर व जाली को तोड़ते हुए कई पलटे खाते हुए नीचे खाई में जा गिरी। एक्सप्रेस-वे पर डबल डेकर बस दुर्घटना में घायल हुए यात्रियों ने बचाव कार्य कर रहे स्थानीय लोगों पर लूटपाट के आरोप लगाये। घायलों ने अस्पताल में बताया कि घटना के बाद आसपास गांव के ग्रामीणों ने बचाव न करते हुए कई सवारियों के मोबाइल व नगदी पार कर दी।

### भदोही में फंदे से लटका मिला महिला का शव

**भदोही,एजेसी :** जिले के औराई थाना इलाके में रविवार को एक महिला का शव फंदे से लटका मिला। औराई थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) सच्चिदानंद पांडेय ने बताया कि खमरिया पुलिस चौकी के पकरी तर मुहल्ले के विकास मौर्या मुंबई में रहते हैं और यहां उनकी पत्नी मीरा देवी (38) अपने दो बेटों साथ रहती हैं। उन्होंने बताया कि विकास 20 जून को मुंबई से वापस घर आया था। थाना प्रभारी ने बताया कि आज सुबह जब मीरा नहीं उठी तो करीब आठ बजे छोटा बेटा उसे जगाने के लिए कमरे में गया जहां उसकी मां नहीं थी, फिर विकास और बेटा बगल के कमरे में गए जहां मीरा का शव फंदे से लटका मिला। सच्चिदानंद पांडेय ने बताया कि आगे की जांच की जा रही है।

### बुलंदशहर का इनामी बदमाश ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार

**बुलंदशहर, एजेंसी :** बुलंदशहर पुलिस ने 25,000 रूपये के इनामी व फरार चल रहे शातिर बदमाश को रविवार को ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार कर लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि जिले के ग्राम दोराऊ थाना डिवाई का निवासी शातिर बदमाश प्रताप का लंबा आपराधिक इतिहास है। उसके विरुद्ध संगीन अपराध करने लगभग आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि उसके आपराधिक इतिहास को देखते हुए पुलिस ने उसे पर 25,000 रूपये का इनाम घोषित कर रखा था। रविवार को गुलावठी पुलिस द्वारा उसे ग्रेटर नोएडा से अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

### बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने पर भाई की हत्या

**बलिया, एजेंसी :** जिले के उभांव थाना क्षेत्र में कथित रूप से बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने पर एक लड़के की हत्या कर दी गयी। पुलिस ने इस मामले में रविवार को एक युवक समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अठगावा गांव में एक स्कूल के पास पवन राजभर (11) नामक लड़के का शव मिला। पुलिस ने बताया कि इस मामले में मृतक के पिता नागेंद्र राजभर की तहरीर पर भदौरा तरछापार गांव निवासी हिमांशु यादव नामक युवक और उसके एक अज्ञात साथी के खिलाफ हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि हिमांशु, पवन की 16 वर्षीया बहन के साथ छेड़खानी करता था जिसका पवन विरोध करता था इसीलिये हिमांशु ने पवन की हत्या कर दी है। पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### गोतस्कर मुजफ्फर का भाई बना हिस्ट्रीशीटर

**प्रयागराज, अमृत विचार :** माफिया अतीक अहमद के बेहद करीबी ब्लाक प्रमुख व गोतस्कर मुजफ्फर के भाई को भी अब पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर बना दिया है। मुजफ्फर के भाई जावेद की भी हिस्ट्रीशीट खोली गई है। इस कार्रवाई के बाद जावेद पर पुलिस की कड़ी निगाह रहेगी। अतीक अहमद के करीबी कौड़िहार ब्लाक प्रमुख व कुख्यात गोतस्कर मुजफ्फर की पहले ही हिस्ट्रीशीट की सूची मे शामिल कर दिया गया था। वही अब उसके भाई जावेद अहमद को भी हिस्ट्रीशीटरों की सूची में शामिल कर दिया गया है।

### ओडीएफ प्लस में शामिल हुए छूटे 274 गांव

**लखनऊ, अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ओडीएफ प्लस में 21 जिलों के 274 गांव शामिल किए गए हैं। जो पहले चरण में अभियान से छूट गए थे। अब इन गांवों को भी मॉडल बनाया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 में ओडीएफ प्लस के तहत गांवों को मॉडल बनाया जाना है। इस क्रम में अप्रैल में वर्ष 2024-25 के लिए 43,256 गांव चयनित हुए थे। जहां, स्वच्छता, जल संरक्षण, जलनिकासी, ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन आदि कार्य किए जाएंगे। जबकि इस अभियान से कई गांव छूट गए थे। जिनका चयन करने के निर्देश केंद्र सरकार ने दिए थे।

# ट्राले के साथ भिड़ंत में पिकअप चालक और क्लीनर जिंदा जले

## कानपुर के बिधनू क्षेत्र में रविवार की सुबह हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, बिधनू/ कानपुर

- शंभुआ रेलवे ओवरब्रिज पर रविवार तड़के हुआ हादसा


मौके • अमृत विचार

**अमृत विचार :** बिधनू थाना क्षेत्र के शंभुआ रेलवे ओवरब्रिज पर रविवार सुबह चार बजे ट्राला और पिकअप में आमने-सामने हुई भिड़ंत के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे में पिकअप के चालक और परिचालक केबिन में फंसने से जिंदा जल गए। ट्राला का चालक फरार हो गया।

घाटमपुर से नौबस्ता (कानपुर) की ओर जा रहे पिकअप की शंभुआ रेलवे पुल पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार ईंट लदे ट्राला से टक्कर हो गई। पिकअप के बोनट में धमाके से साथ आग लगने से चालक व क्लीनर केबिन में फंस गए। दोनों करीब 20 मिनट तक जान बचाने के लिए चिल्लाते रहे लेकिन कोई पास नहीं पहुंच पाया। आग से ट्राला का केबिन भी जल गया। लेकिन उसका चालक भाग निकला। राहगीरों से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घाटमपुर से फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाकर आग बुझाई। लेकिन तब तक पिकअप के चालक- क्लीनर के शव जलकर राख हो चुके थे। विधनू थाना प्रभारी ने बताया मृतक 50 वर्षीय पूरन सिंह लोधी, ग्राम पनवा, तहसील गैरतगंज, जिला रायसेन, मध्य प्रदेश का निवासी था। वह पिकअप का मलिक और चालक था।

दूसरा मृतक इस्माइल भी तहसील गैरतगंज का रहने वाला था। दोनों रायसेन से कानपुर आम लेने निकले थे। पिकअप में रखी 20 हजार नकदी भी जली मिली है। मौके पर पहुंचे घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि सूचना के 10 मिनट में पुलिस पहुंच गई थी। आग विकराल थी जिसे बुझाने तक चालक-क्लीनर जिंदा जल चुके थे।

## बच्ची की हत्या के मामले में चाचा को किया गिरफ्तार

**हरदोई, एजेंसी :** जिले के टड़ियांवा इलाके में आठ वर्षीया एक बच्ची की हत्या के मामले में पुलिस ने उसके चाचा को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने बताया कि 19 जून को एक बच्ची का शव गन्ने के खेत में पत्तियों से ढका मिला था। घटना को लेकर बच्ची के पिता ने गांव के ही एक युवक पर पुरानी रंजिश को लेकर हत्या किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जब जांच शुरू की गई तो बच्ची के चाचा की भूमिका संदिग्ध मिली, जिसके बाद जब उसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया तो उसने जुर्म कबूल कर लिया। सिंह ने बताया कि उसने कबूल किया कि घटना के वक्त वह शराब के नशे में था और बच्ची को अकेला पाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। बच्ची के चीखने-चिल्लाने पर उसका गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

# बरेली के छात्र के आत्महत्या मामले में आठ छात्र पूरी तरह से निष्कासित

कुमारगंज, अयोध्या

- आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का मामला

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज में एक माह पूर्व छात्र की आत्महत्या से जुड़े प्रकरण में छात्र-छात्राओं द्वारा आंदोलन करना भारी पड़ा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्र-छात्राओं पर बड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की है।

अधिष्ठाता छात्रकल्याण डॉ. डीके द्विवेदी ने रविवार को बताया कि अनुशासनहीन आठ छात्रों के खिलाफ निष्कासन की कार्रवाई की गई है। बताया कि अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा पत्र जारी कर आठ छात्रों को उनके छात्रावास से स्थाई रूप से निष्कासित एवं उनका वर्तमान सत्र शून्य करते हुए डिग्री पूर्ण होने के पश्चात दो वर्षों तक इस विश्वविद्यालय में प्रवेश न मिलने की दंडात्मक कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि 13 मई को दोपहर बाद विश्वविद्यालय परिसर के सरयू छात्रावास के रूम नंबर 82 में बरेली के अमानपुर भगवतीपुर गांव निवासी एमएससी के शोध छात्र यशपाल सिंह पुत्र मलखान सिंह का शव फंदे से लटका मिला था। इसके बाद भड़के छात्र साथियों ने धरना- प्रदर्शन शुरू कर दिया था। छात्र आंदोलन के पश्चात विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी की रिपोर्ट पर 21 जून को कृषि विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 310वीं बैठक में अनुशासनहीन छात्रों पर दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

### इन छात्रों के खिलाफ हुई कार्रवाई

छात्र पंकज यादव एमएससी एजी अंतिम वर्ष , हर्षवर्धन सिंह एमएससी द्वितीय वर्ष, कामरान आजम पीएचडी अंतिम वर्ष, विकास चौधरी बीएससी एजी प्रथम वर्ष, सदरा किदवई पीएचडी एग्रोनॉमी, ऋषभ मिश्रा पीएचडी फल विज्ञान, रंजना पीएचडी सामुदायिक विज्ञान सहित आठ छात्र-छात्राओं को दंडित किया गया है।

# जिस महिला को मरा समझ अंतिम संस्कार किया, वह जिंदा मिली

गोरखपुर, एजेंसी

जिले के बांसगांव क्षेत्र में जिस महिला को मरा समझ कर शव का अंतिम संस्कार किया गया वह झांसी में जिंदा मिली। पुलिस ने शनिवार शाम को महिला को उसके पति से मिलवाया।

बांसगांव निवासी के राम सुमेर ने हाल में पुलिस को सूचना दी थी कि उनकी पत्नी फूलमती (40) 15 जून को लापता हो गई है। उसने बताया कि 19 जून को उरुवा बाजार में एक महिला का शव मिला जिसकी पहचान सुमेर ने अपनी पत्नी के रूप में की और उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया।

पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम की जांच में पता चला था कि महिला की गला घोंटकर हत्या की गई थी, इसलिये पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने फूलमती के मोबाइल फोन का पता लगाया तो वह गोरखपुर से 600 किलोमीटर दूर झांसी जिले में सक्रिय मिला और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) में सुल्तानपुर के शुभम नामक व्यक्ति के नंबर पर लगातार बातचीत होना पाया गया।

पूछताछ करने पर शुभम ने पुलिस को बताया कि फूलमती जीवित है और वह उसे गोरखपुर से झांसी लेकर आया है जिसके बाद पुलिस ने शुभम द्वारा बताए गए स्थान पर फूलमती को ढूंढ़ लिया। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जितेंद्र कुमार तोमर ने बताया कि फूलमती का बयान दर्ज करने के बाद उसे उसके पति के साथ वापस भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस बात की जांच की जा रही है कि राम सुमेर, फूलमती, शुभम और उस महिला के बीच संबंध क्या संबंध था जिसका अंतिम संस्कार फूलमती समझ कर किया गया।

## महिला एसआई की शिकायत पर एसएचओ हुए निलंबित

**लखनऊ, अमृत विचारः** आगरा में एक प्रशिक्षु महिला एसआई ने एत्माद्दौला थाने के एसएचओ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला एसआई के आरोपों को प्रथम दृष्टया सही पाते हुए पुलिस आयुक्त ने आरोपित एसएचओ को निलंबित कर दिया है। प्रशिक्षु महिला एसआई ने शनिवार को पुलिस आयुक्त जे रविन्द्र गौड़ से लिखित शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि 17 मार्च को उन्होंने एत्माद्दौला थाने में आमद कराई थी। उनके थाने के इंस्पेक्टर दुर्गेश मिश्रा फोन पर अश्लील कमेंट करते थे और ऑफिस में बैठाकर अमर्यादित बातें करते थे। इंस्पेक्टर आए दिन मुझे आवास पर बुलाने की कहते हैं। थाने के बाहर कमरा न लेने को कहते है। पुलिस आयुक्त ने इंस्पेक्टर के साथ ही एत्माद्दौला थाने के एसएसआई अमित कुमार को भी निलंबित किया है। एसएसआई के खिलाफ भी शिकायत मिली थी।

# टॉवर पर चढ़ रोडवेज चालक ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिवहन निगम के अधिकारियों पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप


टावर पर चढ़ा चालक। (लाल घेरे में)

**अमृत विचार :** रोडवेज बस के एक चालक ने रविवार की सुबह मोबाइल टॉवर पर चढ़ कर खूब हंगामा काटा। परिवहन निगम के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा कर उसने टॉवर से कूदने की धमकी दी।

घंटों मान मनौव्वल किये जाने के साथ ही भ्रष्टाचार के मामले में जांच का आश्वासन मिलने के बाद चालक नीचे उतरा। तब जाकर पुलिस और परिवहन निगम के अधिकारियों ने राहत की सांस ली। चालक ने आरोप लगाया है कि अप्रैल में वेतन काट लिया गया। मारपीट की फर्जी एफआईआर दर्ज करा दी गई। बस में डीजल खपत ज्यादा बताकर ड्यूटी से हटा दिया गया। टॉवर पर चढ़ने वाला चालक राजू सैनी अलीगढ़ क्षेत्र के अतरौली डिपो में संविदा पर तैनात है। रविवार सुबह राजू सैनी पत्नी भावना, बेटी खुशबू, बेटा अमन के साथ कैसरबाग डिपो पहुंचा। रोडवेज के अधिकारियों की अनदेखी और भ्रष्टाचार के विरोध में राजू कैसरबाग डिपो के निकट स्थित मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। सुबह आठ बजे मोबाइल टावर पर चढ़ते ही उसने ऊपर से रोडवेज के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी और नीचे कूद कर जान देने का एलान किया। इस दौरान कुछ लोगों ने मोबाइल से उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# अयोध्या में 20 जगह धंसा रामपथ

अयोध्या कार्यालय


13 किलोमीटर क्षेत्र में जगह-जगह सड़क पर इसी तरह के हो गए है गड्ढे। • अमृत विचार

- जेसीबी और रोलर सड़क पर पैबंद लगाने का काम तेज

**अमृत विचार :** पहली बारिश के बाद अयोध्या की नई तस्वीर सामने आई है। सबसे आकर्षक रामपथ लगभग 20 स्थानों पर धंस गया। सीवर लाइन नंगी हो गई है। कई मोहल्लों में पानी लबालब है। जल निकासी की व्यवस्था नहीं मिली। यातायात के लिए पुलिस लगाई गई है। सड़क पर बैरियर हैं। रोलर और जेसीबी सड़क पर हैं। सफेद गिट्टी से गडढे भरे जा रहे है। पैबंद लगाने का काम तेज है।

अयोध्या में शनिवार रात करीब 10 बजे झमाझम बारिश शुरू हो गई। तेज हवा चली तो लोगों को गर्मी से राहत मिली। कभी तेज तो कभी धीमी बारिश ने राहत तो दी लेकिन इसी के साथ रामनगरी से पुराने शहर फैजाबाद की नई तस्वीर भी देखने को मिली। रामपथ के साथ शहर में डाली सीवर लाइन ने शहर के कई हिस्सों को गड्ढों में तब्दील कर दिया। श्रीराम मंदिर जाने के लिए सबसे आकर्षक रामपथ की दुर्गति सामने आ गई। सहादतगंज हनुमानगढ़ी से रिकाबगंज चौराहे तक लगभग 11 स्थानों पर राम पथ धंस गया। ज्यादातर गड्ढे सहादतगंज से अयोध्या के बीच बांयी पटरी पर देखे गए। रिकाबगंज से अयोध्या के बीच नौ स्थानों पर रामपथ धंसा। बारिश तो रात भर हुई। सुबह जैसे-जैसे पानी रिसकर जमीन में पहुंचता रहा मिट्टी पटाई नीचे बैठती रही। राम पथ के गडढे सामान्य नहीं थे। ऊपर से केवल गोला दिखता था लेकिन अंदर नदी के करार की तरह था।

## वर्ग पहेली-110

**बाएं से दाएं**

1. 1. छोटा-सा मठ 2. छोटा मंदिर या देवालय 3. साधु या संन्यासी की समाधि स्थल के समीप बनी हुई कुटिया, झोपड़ी 4. छोटा घर 5. छोटा मंडप।

4. 1. पदसंज्ञित 2. नामज़द 3. मनोनीत, नामित, निर्दिष्ट।

6. दे. इनाम।

7. 1. सरसों की एक किस्म, तोड़िया 2. स्त्रियों का एक आभूषण।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. मत या विचार रखने वाला 2. किसी मत या संप्रदाय का अनुयायी।

2. 1. अवनति करने वाला या गिराने वाला 2. जिसका पतन या नाश होने वाला हो 3. नीचे की ओर गिराने वाला या ले जाने वाला।

3. 1. सूद, ब्याज 2. दूसरी या अन्य कला 3. लाभ।

4. प्रकाशित करना, रोशन करना।

5. 1. चपत, थप्पड़ 2. मारपीट 3. धोखा, छल।



### वर्ग पहेली -109 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 वि | दे | श |
| 2 अ | | 3 ज़िं | | | |
| नि | | 4 दा | दू | पं | थी |
| बं | | दि | | | |
| 5 ध | 6 व | ली | | 7 ड़ु | |
| | ज | | 8 चौं | क | ना |
| 9 पी | ह | री | | ड़ा | |

## सुडोकू-23

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 5 | | 1 | 6 | | 4 | |
| | 6 | | 8 | 7 | | | | 9 |
| 8 | | 3 | | 2 | | | | 1 |
| | | | | 4 | | 5 | | |
| 1 | | | | | | | | 6 |
| | | 9 | | 3 | | | | |
| 5 | | | | 6 | | 2 | | 7 |
| 6 | | | | 5 | 1 | | 8 | |
| | 4 | | 7 | 9 | | 1 | 6 | |

### सुडोकू - 22 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 |
| 2 | 3 | 4 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 7 | 8 | 6 | 4 |
| 9 | 1 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 | 9 | 1 | 6 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 9 | 1 | 3 | 7 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 5 | 6 | 3 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 8 | 6 | 9 | 5 | 4 | 1 |
| 6 | 8 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 25 जून 01.23 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।

चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 15.54 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष:** आज का दिन पारिवारिक दृष्टि से उत्तम रहेगा तथा सभी के बीच आपसी स्नेह बढ़ेगा। इस दौरान आपकी पुराने मित्रों से भी बातचीत हो सकती है जिससे मन भावुक हो सकता है। परिवार के साथ घूमने का विचार बन सकता है।

**वृष:** आज यदि आप प्राइवेट नौकरी करते हैं तो आपके बॉस आपसे खुश हो सकते हैं व पदोन्नति भी संभव है। यदि अभी-अभी आप कॉलेज में दाखिल हुए हैं तो कुछ सहपाठियों के द्वारा चुनौती मिल सकती है जिससे मन कुंठित रहेगा। धर्म के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा।

**मिथुन:** आज पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे छात्रों को आपने लिए कोई नया ऑफर मिलने की संभावना है, लेकिन किसी भी निर्णय को लेने से पहले उस पर अच्छे से विचार-विमर्श अवश्य कर लें। दांपत्य जीवन में प्रेम भाव में वृद्धि होगी।

**कर्क:** आज यदि आप प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने में लगे हैं तो आपको अपना पैटर्न बदलने की आवश्यकता है। आप अपने लिए नए विषयों का भी चुनाव कर सकते हैं। भोग और विलासिता वाली जीवनशैली के प्रति आप आकर्षित रहेंगे।

**सिंह:** आज यदि आप संगीत, कला या रचनात्मक क्षेत्र में काम करते हैं तो आपको अपने प्रतिद्वंद्वी से कड़ी चुनौती मिल सकती है, लेकिन ऐसे समय में उससे भागने की बजाए डटकर सामना करें। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी।

**कन्या:** आज नौकरी कर रहे लोगों को अपने सहकर्मियों का भरपूर साथ मिलेगा जो उन्हें उनके काम में सहयोग देगा। अध्यापक भी आपसे प्रसन्न होंगे तथा कॉलेज में आपको कोई सम्मान भी मिल सकता है। पिता से परामर्श लेना आपके लिए हितकर होगा।

**तुला:** आज आर्थिक दृष्टि से खर्चों में बढ़ोतरी होगी। यदि आप व्यापार के क्षेत्र में हैं तो आप अपने व्यापार को विस्तार देने के उद्देश्य से खर्चे करेंगे जिससे मानसिक तनाव होने की भी आशंका है। ऐसे में कोई भी बड़ा खर्चा करने से पहले उस पर अपने परिवार के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श अवश्य कर लें।

**वृश्चिक:** आज यदि आपका अपने साथी के साथ किसी बात को लेकर मतभेद या लड़ाई-झगड़ा चल रहा है तो वह समाप्त हो जाएगा। यदि आपके मन में कोई शंका है तो उनसे बात करने के लिए अनुकूल है। इसलिए उनसे खुलकर बात करें।

**धनु:** आज परिवार के सदस्यों का आपके प्रति प्रेम और बढ़ेगा तथा वे आपके लिए कुछ नया करने का प्रयास कर सकते हैं। किसी से बात करते समय अपने शब्दों के चुनाव पर ध्यान दें तथा कटु वचन कहने से बचें।

**मकर:** आज दिन की शुरुआत में आपका जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है तथा दोनों के बीच मतभेद उभरकर आयेंगे। किसी भी प्रकार की द्वेष भावना को मन में न आने दें तथा उनसे खुलकर बात करें।

**कुंभ:** आज मानसिक रूप से आपको सिर दर्द, चिंता व तनाव की समस्या हो सकती है जिससे मन बेचैन रहने की संभावना है। ऐसे में तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें तथा प्रतिदिन योग को अपने जीवन में स्थान दें।

**मीन:** आज आप किसी के साथ प्रेम संबंध में हैं तो किसी तीसरे के द्वारा आपको भ्रमित करने का प्रयास किया जाएगा। हालांकि आप उसके जाल में आसानी से नही आएंगे, लेकिन इससे आपके रिश्ते में दरार पड़ सकती है। इसलिए पहले से ही इसको लेकर सतर्क रहें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जान से प्यारा
सुबह : 11.21
चाइना गेट
रात : 07.20

&pictures
आई
सुबह : 10.45
लव हास्टल
रात : 08.00

SONY PIX
टार्जन
सुबह : 10.57
जॉन रैंबो
रात : 09.00

ZEE CINEMA
चेन्नई वर्सेज चाइना
सुबह : 08.53
रावणासुर
रात : 08.00

colors CINEPLEX
बेमिसाल
सुबह : 11.35
तनु वेड्स मनु
शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म


कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी चिल्ला कर बोली- आज शाम को जल्दी घर आ जाना
पति- क्यों कुछ खास है क्या?
पत्नी- मायके से रिश्तेदार आ रहे हैं
पति- मेरा दिमाग मत खाओ, मैं व्यस्त हूं कौन-कौन आ रहा है?
पत्नी- मेरी दोनों छोटी बहनें आ रही हैं।
पति खुश होकर बोला- तुम्हारे रिश्तेदार मतलब मेरे रिश्तेदार, पक्का समय से आ जाऊंगा।

लड़का शादी के लिए लड़की देखने गया। उसने सोचा क्यों न लड़की से अंग्रेजी में बात करूं?
उसने लड़की से पूछा- इंग्लिश चलेगी न?
लड़की- जी प्याज और नमकीन साथ हो तो देशी भी चलेगी।

# आपदा प्रबंधन जीरो कैजुअल्टी अप्रोच से बढ़ रहा : शाह

## केन्द्रीय गृह मंत्री ने की बाढ़ से निपटने के उपायों की समीक्षा, आधुनिक तकनीक के विस्तार पर की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को उच्चस्तरीय बैठक में बाढ़ प्रबंधन की समुचित तैयारियों और इस समस्या को कम करने के लिए व्यापक तथा दूरगामी नीति बनाने के दीर्घकालिक उपायों की समीक्षा की। शाह ने पिछले साल लिए गए निर्णयों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की। साथ ही सभी एजेंसियों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों और उनके नेटवर्क के विस्तार पर चर्चा हुई।

उन्होंने बादल फटने से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही बाढ़ नियंत्रण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की ओर से उपलब्ध कराए गए चित्रों के विभिन्न एजेंसियों द्वारा अधिकतम इस्तेमाल पर भी बल दिया गया।



नई दिल्ली में बैठक की अध्यक्षता करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

- सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से बाढ़ प्रबंधन परामर्श लागू करने की अपील

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत का आपदा प्रबंधन जीरो कैजुअल्टी अप्रोच के साथ आगे बढ़ रहा है। गृह मंत्री ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बाढ़ प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी परामर्श को समय पर लागू करने की अपील की।

उन्होंने मौसम विभाग और केन्द्रीय जल आयोग को निर्देश दिया कि उन्हें वर्षा और बाढ़ चेतावनी में उपयोग होने वाले सभी उपकरणों की हर साल जांच करनी चाहिए। शाह ने सिक्किम और मणिपुर में हाल ही में आई बाढ़ का विस्तृत अध्ययन कर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि देश के सभी प्रमुख बांधों के फ्लडगेट्स सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं।

केन्द्रीय जल आयोग के बाढ़ निरीक्षण केन्द्र आवश्यकता के अनुरूप और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के होने चाहिए। शाह ने कहा कि जो नदियां बारहमासी नहीं हैं, उनमें मिट्टी का कटाव अधिक होता है और गाद जमना बाढ़ का कारण बन जाता है। उन्होंने निर्देश दिया कि नदियों के जलस्तर के पूर्वानुमान को अपग्रेड कर बाढ़ की समस्या को कम करने के प्रयास हों। बाढ़ की स्थिति में जलजमाव से निपटने के लिए सड़क निर्माण के डिज़ाइन में ही प्राकृतिक जलनिकासी को शामिल किया जाना चाहिए।

### ब्रह्मपुत्र का पानी मोड़कर कृषि, सिंचाई एवं पर्यटन करें विकसित

शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर में 50 बड़े तालाब बनाकर ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को मोड़ने की व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे बाढ़ से निजात मिले और कृषि, सिंचाई एवं पर्यटन विकसित हों। केंद्रीय गृह मंत्री ने इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए समुचित एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए। गृह मंत्री ने इसके लिए फायरलाइन बनाने, सूखे पत्तों को हटाने और स्थानीय निवासियों और वनकर्मियों के साथ मॉक ड्रिल की ज़रूरत पर बल दिया। गृह मंत्री ने एनडीएमए को जंगल में लगने वाली आग से निपटने के लिए मैनुअल तैयार करने को भी कहा। बैठक में भारतीय मौसम विभाग और केन्द्रीय जल आयोग ने विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। सभी विभागों ने मानसून को लेकर हुई तैयारियों और कार्ययोजना के बारे में बताया। दो घंटे चली बैठक में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, राज्यों के गृह सचिव, जल संसाधन, नदी विकास एवं नदी संरक्षण पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालयों के अधिकारी, रेलवे बोर्ड अध्यक्ष, एनडीएमए के सदस्य एवं सचिव, एनडीआरएफ और मौसम विभाग के महानिदेशक, केंद्रीय जल आयोग, एनएचएआई के अध्यक्ष और संबंधित मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

## बस्तर में अब नकली नोट भी छाप रहे नक्सली

**सुकमा (बस्तर)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के नक्सली आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। उन्होंने अब नकली नोट छापना शुरू कर दिया है। इसके लिए संगठन के बड़े कैडर्स ने लड़ाकों को नोट छापने के लिए स्पेशल ट्रेनिंग भी दी है। पुलिस ने रविवार को तलाश अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा नकली नोट बनाए जाने की मशीन, नकली नोट के सैंपल, विस्फोटक और हथियारों को बरामद किया। एसपी किरण चौहान ने बताया कि संयुक्त सुरक्षा बल को विशेष नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु ग्राम मैलासूर, कोराजगुड़ा, दंतेशपुरम व आस-पास के क्षेत्र में भेजा गया। जहां सघन सर्चिंग करने पर अलग-अलग जगहों पर नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए नकली नोट बनाने के उपकरण एवं 50, 100, 200 व 500 रुपये के नकली नोट तथा बंदूक, वायरलेस सेट, मैग्जीन पोच, नक्सली काली वर्दी एवं भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया।

# तमिलनाडु शराब कांड की हो सीबीआई जांच : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी



- बोलीं- कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी को इस मामले पर देना चाहिए बयान

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तमिलनाडु जहरीली शराब मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग करते हुए रविवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को इस पर बयान देना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि 200 से ज्यादा लोग अब भी गंभीर अवस्था में अस्पताल में हैं। कुल 56 लोगों की मौत हो गई है और उनमें से ज्यादातर अनुसूचित जाति से हैं। वह इस घटना की निंदा करती है।

उन्होंने कहा कि मैं हैरान हूं कि कांग्रेस ने इसके खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला। ऐसे राज्य में जहां सरकार की ओर से संचालित तस्माक दुकानों से लाइसेंसी शराब मिलती है, उसके बावजूद कलाकुरची शहर के बीच में केमिकल आधारित अवैध शराब परोसी जाती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहां हैं, राहुल गांधी कहां हैं। वह दक्षिण से सिर्फ इसलिए चुनाव लड़ते हैं क्योंकि उन्हें भरोसा है कि वह जीतेंगे। तमिलनाडु में द्रमुक के साथ मिलकर चुनाव लड़ते हैं और जब जहरीली शराब से दलित मर रहे हैं तो एक बयान नहीं आता।

उन्होंने उस मामले में गांधी और खड़गे से बयान देने की मांग भी की। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई को देने की मांग की।

## एक नजर

### केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में लगाई जमानत की अर्जी

**नई दिल्ली।** धनशोधन के मामले में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा शुक्रवार को उनकी जमानत पर लगाई गई रोक के खिलाफ याचिका दायर की है। केजरीवाल के वकीलों ने सोमवार सुबह सुनवाई की अपील की है। अधीनस्थ अदालत ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दे दी थी, लेकिन उच्च न्यायालय ने अंतरिम रोक लगा दी थी।

### आत्महत्या से पहले बेटी मां व कुत्ते को मारी गोली

**चंडीगढ़।** पंजाब के बरनाला जिले में एक व्यक्ति ने अपनी मां, बेटी और कुत्ते की गोली मारकर हत्या करने के बाद अपनी भी जान ले ली। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार शाम रामराज्य कॉलोनी में व्यक्ति के घर यह घटना हुई। पुलिस ने बताया कि कुलबीर मान सिंह ने रिवॉल्वर से पहले अपनी बेटी निमरत कौर (21) को और अपनी मां बलवंत कौर (85) तथा पालतू कुत्ते को गोली मारी। इसके बाद व्यक्ति ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मान लंबे समय से तनाव में था। मान की बेटी हाल ही में कनाडा से लौटी थी। उसने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# शिक्षा व्यवस्था माफिया के हवाले : प्रियंका गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने 'नीट-यूजी' सहित राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर रविवार को केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इसने पूरी शिक्षा प्रणाली को माफिया और भ्रष्टाचारियों के हवाले कर दिया है। कांग्रेस नेता की इस टिप्पणी के ठीक एक दिन पहले, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा आयोजित करने के लिए जिम्मेदार निकाय एनटीए के कामकाज की समीक्षा और परीक्षा में सुधार की सिफारिशों के लिए समिति गठित की है। केंद्र सरकार ने शनिवार को एजेंसी के महानिदेशक सुबोध सिंह को हटा दिया और नीट-यूजी में अनियमितताओं की जांच सीबीआई को सौंप दी।

प्रियंका ने एक्स पर कहा कि नीट-यूजी का प्रश्नपत्र लीक हुआ, वहीं नीट-पीजी, यूजीसी नेट और सीएसआईआर-नेट रद कर दिए गए। देश की बड़ी परीक्षाओं का यह हाल है। भाजपा राज में समूची शिक्षा का ढांचा माफिया-भ्रष्टाचारियों के हवाले है। लालची-चाटुकार किस्म के अयोग्य लोगों के हाथ में शिक्षा और बच्चों का भविष्य सौंपने की राजनीतिक जिद और अहंकार ने पेपर लीक, परीक्षा रद, कैंपस से पढ़ाई-लिखाई का विलोप और राजनीतिक गुंडागर्दी को हमारी शिक्षा-व्यवस्था की पहचान बना दिया है।

### नीट घोटाले का जिम्मा सरकार के शीर्ष नेतृत्व को लेनी चाहिए : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष ने नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं पर एनटीए की नौकरशाही में फेरबदल पर प्रधानमंत्री मोदी की सरकार पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि इसकी जिम्मेदारी दूसरों पर डालने के बजाय सरकार के शीर्ष नेतृत्व को लेनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि एनटीए को स्वायत्त निकाय बताया गया लेकिन असल में इसे भाजपा/आरएसएस के हितों को पूरा करने के लिए बनाया गया। उन्होंने ये बाते एक्स किए पोस्ट में कही।

## गोहत्या मामला: मध्यप्रदेश के मुरैना में दो आरोपियों के खिलाफ लगाई रासुका

**मुरैना (मध्यप्रदेश)।** मुरैना जिले के गांव से गोमांस बरामद होने के बाद गिरफ्तार किए गए दो लोगों के खिलाफ कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि गोहत्या की शिकायत के बाद पुलिस ने जिले के नूराबाद गांव की बंगाली कॉलोनी स्थित मकान से गोमांस और गाय की खाल जब्त की थी। अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) आदर्श शुक्ला ने बताया कि अनिपाल गुर्जर ने शिकायत दी थी कि उसने कुछ लोगों को गोहत्या करते देखा और जब उसने विरोध किया तो उन लोगों ने उस पर हमला किया। दो महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक नाबालिग को भी पकड़ा गया। एएसपी अरविंद ठाकुर ने बताया कि आरोपी असगर और रेतुआ पर रासुका के तहत मामला दर्ज करके उन्हें जेल भेज दिया गया।

## मणिपुर में फिर गोलीबारी, सुरक्षा बलों को भेजा गया

इंफाल, एजेंसी

- एक घंटे हुई गोलीवार, कोई हताहत नहीं हुआ :पुलिस

मणिपुर में दो संघर्षरत समुदाय के सशस्त्र सदस्यों के बीच फिर से गोलीबारी हुई है। रविवार को पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना उस वक्त हुई जब कुछ सशस्त्र व्यक्तियों ने शनिवार रात करीब साढ़े 10 बजे पड़ोसी कांगपोकपी जिले में पर्वतीय क्षेत्रों से इंफाल पूर्व जिले के थामनापोकपी और लामलाई इलाकों की ओर गोलियां चलानी शुरू कीं।

उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीण स्वयंसेवकों ने जवाबी गोलीबारी की। इलाके में स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए सुरक्षा बलों को भेजा गया गया है। अधिकारी ने बताया कि एक घंटे बाद गोलीबारी थम गई और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इंफाल घाटी में रहने वाले मेइती और पर्वतीय इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय के बीच पिछले साल मई से जारी जातीय हिंसा में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

# बैराज के सभी फाटक हरियाणा ने किए बंद

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य को उसके हिस्से का पानी नहीं मिल रहा, क्योंकि हरियाणा ने हथिनीकुंड बैराज के सभी फाटक बंद कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर अपना अनिश्चितकालीन अनशन जारी रखेंगी।

आतिशी ने कहा कि यमुना नदी पर बने बैराज के गेट बंद होने से राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी हो गई है। राष्ट्रीय राजधानी घोर जल संकट का सामना कर रही है और दिल्ली को जल मुहैया कराए जाने की मांग को लेकर आतिशी अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं। उनका अनशन तीसरे दिन, रविवार को भी जारी है। आप ने कहा कि चिकित्सकों ने आतिशी को उनका अनशन समाप्त करने की सलाह दी है। मंत्री ने दावा किया कि हरियाणा सरकार ने पूछा कि जब उसके पास पर्याप्त आपूर्ति नहीं है तो वह दिल्ली के लिए पानी



कैसे छोड़ेगी। आतिशी ने दावा किया, लेकिन शनिवार जब कई पत्रकार हथिनीकुंड बैराज पर गए, जहां से दिल्ली के लिए पानी छोड़ा जाता है, तो सभी ने फोटो खींचे और वीडियो बनाए, जिसमें साफ दिख रहा है कि बैराज में पानी है, लेकिन जिन गेट से दिल्ली के लिए पानी छोड़ा जाता है, वे बंद हैं।

उन्होंने कहा कि मैं हरियाणा सरकार से विनती करती हूं कि हथिनीकुंड बैराज के गेट खोल दीजिए। दिल्ली वालों का पानी छोड़ दीजिए। दिल्ली वालों को उनके हक का पानी मिलना चाहिए।

### जल संकट पर आप प्रतिनिधि उपराज्यपाल से मिले

**नई दिल्ली।** आप के प्रतिनिधिमंडल ने जल संकट को लेकर रविवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना से मुलाकात की और कहा कि उन्हें आश्वासन दिया गया है कि इस मुद्दे को हरियाणा सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज, आप सांसद संजय सिंह और आप विधायक सोमनाथ भारती 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे जिसने सक्सेना से मुलाकात की। भारद्वाज ने कहा, मानसून 28 जून के आसपास आने की उम्मीद है। शिमला समेत हिमाचल प्रदेश में बारिश शुरू हो चुकी है। यह एक सप्ताह की बात है। हमने उनसे इस एक सप्ताह के लिए दिल्ली को पानी दिलाने का अनुरोध किया है। सक्सेना ने उन्हें इस मामले में हरियाणा सरकार से बात करने का आश्वासन दिया है।

## महिला की हत्या कर ट्रेनों में रखे शव के टुकड़े, 60 वर्षीय व्यक्ति धराया

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** उज्जैन में दुष्कर्म में नाकाम रहने पर महिला की हत्या के बाद उसके शव के टुकड़े अलग-अलग यात्री ट्रेनों में रखने के आरोप में जीआरपी ने रविवार को 60 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

जीआरपी अधिकारी ने बताया कि 37 वर्षीय महिला के हाथ और पैर ऋषिकेश में यात्री ट्रेन में 10 जून को मिले थे, जबकि उसके शरीर के बाकी हिस्से इंदौर में एक अन्य यात्री ट्रेन से नौ जून को मिले थे। जीआरपी की इंदौर इकाई के पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने बताया कि महिला की नृशंस हत्याकांड के आरोप में कमलेश पटेल (60) को उज्जैन से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि रतलाम जिले की महिला पति से झगड़े के बाद 6 जून को घर छोड़कर चली गई थी। परिवार ने 12 जून को बिलपांक पुलिस थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। महिला उज्जैन रेलवे स्टेशन पर बैठी थी। पटेल महिला को घर ले गया और उसे भोजन में नींद की गोली मिलाकर दी। नींद आने पर पटेल ने दुष्कर्म का प्रयास किया, लेकिन नींद खुल गई और महिला ने शोर मचा दिया। पटेल ने रस्सी से गला घोटकर महिला की हत्या कर लाश के टुकड़े ट्रेन में रख दिए ताकि उसकी पहचान न हो सके।

## कारोबार/कृषि

## इलेक्ट्रॉनिक की मांग 2030 तक 5 गुना बढ़कर होगी 240 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक और सब-असेंबली की मांग 2030 तक 5 गुना बढ़कर 240 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। उद्योग मंडल सीआईआई द्वारा रविवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें मदरबोर्ड, लिथियम आयन बैटरी, कैमरा मॉड्यूल आदि जैसे कुछ प्रमुख कलपुर्जे शामिल हैं, जिन्हें बड़े पैमाने पर आयात किया जाता है।

रिपोर्ट में सरकार से आयात पर निर्भरता कम करने के लिए 35-40 प्रतिशत की सीमा में उच्च प्रोत्साहन के साथ संशोधित इलेक्ट्रॉनिक घटक की उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन योजनाएं लाने की सिफारिश की गई है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल 102 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन का समर्थन करने के लिए घटकों और 'सब-असेंबली' की मांग 45.5 अरब डॉलर थी।

# राज्यों को समय से पहले मुआवजा दे सकता है केंद्र

## जीएसटी क्षतिपूर्ति : केंद्र ने 2020-21 और 2021-22 में राज्यों को मुआवजा देने को 2.69 लाख करोड़ का लिया था कर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- तय समय से चार महीने पहले नवंबर 2025 तक चुकाया जा सकता है कर्ज
- बाजार से लिए कर्ज का भुगतान मार्च 2026 तक किया जाना था

केंद्र सरकार माल एवं सेवा कर (जीएसटी) क्षतिपूर्ति के तहत राज्यों को मुआवजा देने को लिए गए कर्ज का समय से पहले भुगतान कर सकती है। एक अधिकारी ने कहा कि केंद्र ने वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 में जीएसटी राजस्व क्षतिपूर्ति के लिए राज्यों को मुआवजा देने को 2.69 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लिया था।

उन्होंने बताया कि कर्ज को तय समय से चार महीने पहले नवंबर, 2025 तक चुकाया जा सकता है। बाजार से लिए गए कर्ज का पूरा भुगतान मार्च, 2026 तक किया जाना था। अधिकारी ने कहा कि अगस्त में जीएसटी परिषद की अगली बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा होने की उम्मीद है। माल और सेवा कर लागू होने के बाद राज्यों के राजस्व की कमी को पूरा करने के लिए मुआवजा उपकर को शुरू में पांच साल के लिए लाया गया था। क्षतिपूर्ति उपकर जून, 2022 में खत्म हो गया, लेकिन लेवी के जरिये जमा की गई राशि का उपयोग केंद्र द्वारा कोविड-19 के दौरान उधार लिए गए 2.69 लाख करोड़ रुपये के ब्याज और मूलधन को चुकाने के लिए किया जा रहा है। जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में शनिवार को कर्नाटक ने क्षतिपूर्ति उपकर लगाने, ऋण राशि के पुनर्भुगतान और आगे की व्यवस्था से जुड़ा मुद्दा उठाया था। अधिकारी ने कहा कि राज्यों को बता दिया गया है कि ऋण राशि का भुगतान जल्दी किया जा सकता है। मार्च, 2026 के बजाय नवंबर, 2025 तक ऐसा हो सकता है। इसलिए नवंबर, 2025 से आगे उपकर राशि का बंटवारा कैसे किया जाएगा, इस सब पर अगली परिषद की बैठक में चर्चा की जाएगी।

### जीएसटी परिषद तीन मंत्री समूहों का करेगी पुनर्गठन

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद को उसके तहत आने वाले तीन मंत्री समूहों (जीओएम) का पुनर्गठन करना होगा। इसका कारण यह है कि 11 राज्यों के नए मंत्री शनिवार को परिषद में शामिल हो गए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्य प्रदेश, मिजोरम, ओडिशा, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना और त्रिपुरा से 11 नए मंत्री शामिल हुए। परिषद में नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ जीएसटी से राजस्व के विश्लेषण, जीएसटी के तहत रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा देने और जीएसटी प्रणाली में सुधार पर तीन मंत्री समूहों का पुनर्गठन किया जाएगा। जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्री समूह का फरवरी में ही पुनर्गठन किया जा चुका है। इसके संयोजक बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हैं, जबकि अन्य तीन के पुनर्गठन की अधिसूचना अभी तक जारी नहीं हुई है। गठित समूह में ओडिशा से वित्त मंत्री को शामिल किया जाना है।

### जीएसटी भुगतान से पहले बिक्री रिटर्न फॉर्म में संशोधन संभव

**नई दिल्ली।** जीएसटी करदाताओं के पास अब मासिक या तिमाही करों के भुगतान से पहले बाहरी आपूर्ति या बिक्री रिटर्न फॉर्म जीएसटीआर-1 में संशोधन का विकल्प होगा। परिषद ने बैठक में करदाताओं को कर अवधि के लिए फॉर्म जीएसटीआर-1 में विवरण संशोधित करने और अतिरिक्त विवरण जोड़ने की सुविधा के लिए फॉर्म जीएसटीआर-1 ए के जरिए नयी वैकल्पिक सुविधा देने की सिफारिश की थी। हालांकि, उक्त कर अवधि के लिए जीएसटीआर-3बी में रिटर्न जमा करने से पहले जीएसटीआर-1ए दाखिल करना होगा। केपीएमजी के अप्रत्यक्ष कर प्रमुख और पार्टनर अभिषेक जैन ने कहा कि जीएसटीआर-1 में दिए विवरण में संशोधन की अनुमति से कर भुगतान से पहले लिपिकीय और अनजाने में होने वाली गलती को सुधारने का एक मौका मिलेगा।

## सऊदी अरब में इस्पात संयंत्र जल्द स्थापित करेगा एस्सार

नई दिल्ली, एजेंसी





- 4.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश शुरू करने के लिए अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रहा एस्सार

एस्सार समूह सऊदी अरब में कम कार्बन उत्सर्जन वाले इस्पात संयंत्र के निर्माण में 4.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश शुरू करने के लिए अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रहा है। समूह के शीर्ष अधिकारी प्रशांत रुइया ने यह जानकारी दी है। यह मंजूरी किसी भी समय मिल सकती है, जिसके बाद समूह सऊदी अरब में रास अल-खैर में बंदरगाह सुविधाओं के साथ 40 लाख टन सालाना क्षमता के इस्पात संयंत्र पर काम शुरू कर देगा।

समूह के निवेश पोर्टफोलियो का प्रबंधन करने वाली एस्सार कैपिटल के निदेशक रुइया ने कहा कि हमें अब भी सभी अंतिम मंजूरियां नहीं मिली हैं। यह संयंत्र सऊदी अरब की घरेलू इस्पात मांग को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब एक बड़े वृद्धि के दौर में है। वहां आज बड़ी मात्रा में इस्पात का आयात किया जाता है। ऐसे में मूल रूप से यह एक घरेलू संयंत्र होगा। तेल से समृद्ध सऊदी अरब की नजर इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण केंद्र बनने पर है। 2030 तक उसका लक्ष्य सालाना तीन लाख कारों के विनिर्माण पर है। एस्सार समूह ऐसी कारों के साथ-साथ अन्य उपभोक्ता सामान उद्योग की ओर से आने वाले इस्पात की मांग का लाभ उठाना चाहता है।

## एफपीआई ने जून में अब तक शेयरों में 12,170 करोड़ रुपये किए निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

आम चुनाव के नतीजों के बाद मजबूत वापसी करते हुए विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जून में अबतक (21 जून तकत्र भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 12,170 करोड़ रुपये निवेश किए हैं।

नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता और सतत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद में एफपीआई का भारतीय शेयर बाजारों के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इससे पहले मई में चुनावी नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच एफपीआई ने शेयरों से 25,586



करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। वहीं मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि की चिंताओं के बीच उन्होंने अप्रैल में शेयरों से 8,700 करोड़ से अधिक की राशि निकाली थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि ताजा निवेश के बाद 2024 में एफपीआई की शेयरों से निकासी (21 जून) 11,194 करोड़ रुपये रही है।

## ई-कॉमर्स निर्यात बढ़ाने को राजस्व विभाग व डीजीएफटी कर रहे काम

**कोलकाता।** देश से ई-कॉमर्स निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) राजस्व विभाग के साथ मिलकर काम कर रहा है। देशभर में निर्दिष्ट ई-कॉमर्स केंद्र स्थापित किए जाएंगे जिससे ऑनलाइन निर्यात को सुसंगत बनाया जा सकेगा।

सूत्रों के अनुसार देश का ई-कॉमर्स निर्यात दो अरब डॉलर है, जबकि चीन का 350 अरब डॉलर है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य एक सहयोगी ई-कॉमर्स पारिस्थितिकी तंत्र की स्थापना करके इस अंतर को पाटना है। विदेश व्यापार महानिदेशक संतोष सारंगी ने कहा कि इस संबंध में बहुत चीजें सुव्यवस्थित करने की जरूरत है। हम राजस्व विभाग के साथ ई-कॉमर्स केंद्र स्थापित करने पर काम कर रहे हैं, ताकि माल की खेप को मंजूरी में तेजी लाई जा सके। इन केंद्रों में समर्पित सीमा शुल्क और जांच जैसी सुविधाएं होंगी, जिससे पहले से मंजूरी प्राप्त पार्सल को हवाई अड्डों पर ग्रीन चैनल से आगे बढ़ाया जा सकेगा और आगे इनकी जांच की जरूरत नहीं होगी।

## बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 458 परियोजनाओं की लागत 5.71 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- 1,817 परियोजनाओं में से 458 की लागत बढ़ी, 831 अन्य देरी से चल रहीं
- मई, 2024 तक इन पर 17,07,190.15 करोड़ हो चुके हैं, खर्च जो लागत का 51.3% है

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 458 परियोजनाओं की लागत इस साल मई तक तय अनुमान से 5.71 लाख करोड़ से ज्यादा बढ़ गई है।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मई, 2024 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,817 परियोजनाओं में से 458 की लागत बढ़ गई है, जबकि 831 अन्य परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इन 1,817 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 27,58,567.23 करोड़ रुपये थी लेकिन अब इसके बढ़कर 33,29,647.99 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 20.70 प्रतिशत यानी 5,71,080.76 करोड़ रुपये बढ़ गई है। मई, 2024 तक इन परियोजनाओं पर 17,07,190.15 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 51.3% है। मंत्रालय ने कहा है कि समयसीमा के हिसाब से देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या 554 पर आ जाएगी। 831 परियोजनाओं में से 245 एक से 12 महीने, 188 13 से 24 महीने की, 271 परियोजनाएं 25 से 60 महीने और 127 परियोजनाएं 60 महीने देरी से चल रही हैं।

## 10 में से 3 कंपनियों का बाजार पूंजी 1.06 लाख करोड़ बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से तीन के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,125.98 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को अधिक फायदा हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 217.13 अंक या 0.28 प्रतिशत चढ़ गया। बीते सप्ताह जहां एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में उछाल आया, वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई।





# टीम कर रही है बेहतर प्रदर्शन : रोहित

## हमारे खिलाड़ी हर परिस्थितियों को बहुत बेहतर ढंग से परख रहे हैं



एंटीगा, एजेंसी

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा खिलाड़ियों ने मैदान पर बल्लेबाजी और गेंदबाजी में बेहतरीन खेल दिखाया जैसे कि उनसे उम्मीद थी। बंगलादेश के खिलाफ जीत के बाद रोहित ने कहा कि मैं काफी लंबे समय से इस पर अपनी राय रखते आया हूं। हमने आज परिस्थितियों को बहुत बेहतर ढंग से परखा। गेंद और बल्ले दोनों के साथ ही हमारी रणनीति सफल हुई। कुल मिलाकर यह बहुत बढ़िया टीम प्रयास था। हमें मैदान में उतर कर उसी तरह का खेल खेलना है, जो हमसे उम्मीद की जाती है। हर बल्लेबाज को अपनी भूमिका होती है। आज सिर्फ एक बल्लेबाज ने ही अर्धशतक लगाया, लेकिन इसके बावजूद हम 196 स्कोर तक पहुंच गए।

मुझे नहीं लगता कि टी-20 में यह मायने रखता है कि आप कितने अर्धशतक या शतक लगा रहे हैं बल्कि यह अधिक जरूरी है कि आप विपक्षी टीम पर दबाव बनाने में कितने सफल हैं। मैंने पिछले मैच के बारे में भी कहा था कि सूर्या के साथ उनकी साझेदारी हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण थी। हमें हार्दिक की क्षमता का पता है। आज उन्होंने इस बात की मिसाल पेश की कि वह बल्ले के साथ क्या कमाल दिखा सकते हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अनिल कुंबले ने भारतीय टीम के प्रदर्शन को लेकर कहा कि इंटेंट के साथ बल्लेबाजी करना अहम है।

भारत आठ बल्लेबाजों के साथ खेल रहा है और आठ नंबर पर बल्लेबाजी विकल्प के रूप में भारत के पास रवींद्र जडेजा हैं। इससे भारत के शीर्षक्रम को छूट के साथ बल्लेबाजी करना का अवसर मिला है।

### शर्मा अपने दमदार प्रतिद्वंद्वी को जल्द बाहर करने की फिराक में

**ग्रोस आइलेट।** आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने आखिरी मैच में सोमवार को आस्ट्रेलिया को हराकर अंतिम चार में प्रवेश के इरादे से उतरेगी जबकि अफगानिस्तान से अप्रत्याशित हार के बाद आस्ट्रेलिया के लिये यह 'करो या मरो' का मुकाबला है। भारतीय टीम लगातार तीसरी जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष रहकर सेमीफाइनल में जाना चाहेगी। वहीं अफगानिस्तान से शनिवार की रात को हारी 2021 की चैम्पियन आस्ट्रेलियाई टीम को हारने पर बाहर होना पड़ सकता है। अफगानिस्तान से हारने के बाद अब आस्ट्रेलिया को जीतने के साथ यह दुआ भी करनी होगी कि राशिद खान की टीम सोमवार की रात बांग्लादेश से मुकाबला हार जाये। आईसीसी टूर्नामेंटों में अक्सर आस्ट्रेलिया से हारने वाली भारतीय टीम अपने दमदार प्रतिद्वंद्वी को टूर्नामेंट से जल्दी बाहर करने की फिराक में होगी। भारत ने सुपर आठ में अफगानिस्तान और बांग्लादेश को हराया है। अफगानिस्तान के खिलाफ विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों ने रन बनाये जबकि शिवम दुबे ने भी अहम पारी खेलकर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। तीसरे नंबर पर उतरे ऋषभ पंत रिवर्स हिट लगाने के चक्कर में अक्सर विकेट गंवा रहे हैं और उन्हें इस कमी से पार पाना होगा।



- विराट कोहली पर होंगी सभी की निगाहें
- टीम शीर्षक्रम के प्रदर्शन का कर रही इंतजार
- भारत आठ बल्लेबाजों के साथ खेल रहा मैच
- पंड्या ने ऑलराउंडर प्रदर्शन कर दिया जवाब

**टीमें : भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया :** मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जाम्पा।

**मैच का समय : रात आठ बजे से।**

## मेरी सबसे कठिन परीक्षा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगी : कुलदीप यादव



**ग्रोस आइलेट, एसेंसी।** कुलदीप यादव टी-20 क्रिकेट में ईंट का जवाब पत्थर से देने पर यकीन करते हैं और इसी आक्रामक तेवर से भारत के इस कलाई के स्पिनर को वेस्टइंडीज में चल रहे टी-20 विश्व कप में अप्रतिम सफलता मिल रही है। उन्होंने कहा कि अब तक हम अच्छा प्रदर्शन कर रहे है, लेकिन अब आस्ट्रेलिया के खिलाफ सोमवार को उन्हें सबसे कठिन परीक्षा से गुजरना है। यह पूछने पर कि बल्लेबाज जब चौके छक्के लगाने की फिराक में होते हैं, वह अपनी रणनीति पर कैसे अडिग रह पाते हैं। जब सामने वाली टीम को प्रति ओवर 10 या 12 रन चाहिये और बल्लेबाज आपकी गेंदों की धुनाई करने को आतुर हों तो सिर्फ लैंग्थ बनाये रखना जरूरी है। पिछले एक साल से अधिक समय से सभी प्रारूपों में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर कुलदीप को अमेरिका में लीग चरण में बाहर रहना पड़ा था। वेस्टइंडीज की स्पिनरों की मददगार पिचों पर वह काफी प्रभावी साबित हो रहे हैं। उन्होंने दो मैचों में पांच विकेट ले लिये हैं जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को मिले तीन विकेट शामिल है।

## खेल डायरी

### नाडा ने बजरंग पूनिया को फिर निलंबित किया

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने रविवार को बजरंग पूनिया को दूसरी बार निलंबित कर दिया। इससे तीन सप्ताह पहले एडीडीपी ने इस आधार पर उनका निलंबन रद्द किया था कि नाडा ने पहलवान को आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी नहीं किया था। नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया को निलंबित कर दिया था चूंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिये मूत्र के नमूने नहीं दिये थे। खेल की विश्व नियामक ईकाई यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भी उन्हें निलंबित किया था।

### श्रीजा ने डब्ल्यूटीटी कंटेंडर में दो स्वर्ण पदक जीते

**लागोस (नाईजीरिया)।** पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला रविवार को फाइनल में चीन की डिंग यिजी को 4-1 से हराकर डब्ल्यूटीटी कंटेंडर एकल खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी। श्रीजा ने अर्चना कामथ के साथ मिलकर महिला युगल में हमवतन दीया चिताले और यशस्विनी घोरपड़े को 3-0 से हराकर दूसरा स्वर्ण भी जीता। इस तरह भारत ने तीन स्वर्ण और एक रजत पदक के साथ अपना अभियान खत्म किया। भारत ने पुरुष युगल वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीता।

### भारतीय टीम ने तीरंदाजी विश्व कप में जीता कांस्य

**अंताल्या (तुर्की)।** धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की भारतीय रिकर्व मिश्रित टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार के यहां मैक्सिको को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी पहला सेट हारने के बाद 0-2 से पिछड़ रही थी लेकिन उसके बाद उसने बेहतरीन वापसी करके मैक्सिको के एलेजांद्रा वालेंसिया और मटियास ग्रांडे को 5-3 (35-38, 40-39, 38-37, 38-38) से हराया। भारत का वर्तमान विश्व कप में यह तीसरा पदक है। उसे अभी दो और पदक मिल सकते हैं।

### रिकर्व तीरंदाजों ने जीते दो कांस्य

**अंताल्या (तुर्की)।** धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की भारतीय मिश्रित रिकर्व टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार के यहां मैक्सिको को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कांस्य पदक जीता। भारत ने इसके साथ ही अपना अभियान चार पदकों के साथ खत्म किया। भारत के पास एक और पदक जीतने का मौका था लेकिन अंकिता भक्त महिला एकल के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की यांग शियाओली से मामूली अंतर से हार गईं। यांग ने फाइनल में जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता लेकिन अंकिता कांस्य पदक के मैच में भी हार गयी।

# जीत के साथ इंग्लैंड सेमीफाइनल में

ब्रिजटाउन, एजेंसी



अमेरिका को 10 विकेट से हराने के बाद जश्न मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी। ● एजेंसी

गत चैम्पियन इंग्लैंड ने रविवार को यहां टी-20 विश्व कप में सुपर आठ के मैच में सह मेजबान अमेरिका को 62 गेंद रहते 10 विकेट से हराकर अपना सेमीफाइनल में स्थान पक्का करने वाली पहली टीम बन गई।

इससे पहले इंग्लैंड के गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से अमेरिका की टीम ने सुपर आठ के अपने आखिरी मैच में 18.5 ओवर में 115 रन पर सिमट गयी। अमेरिका के लिए नितीश कुमार 30 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि कोरी एंडरसन ने 29 रन और हरमीत सिंह ने 21 रन का योगदान दिया।

क्रिस जोर्डन ने 2.5 ओवर में 10 रन देकर चार विकेट झटके। सैम करन और आदिल रशीद ने दो दो जबकि रीस टॉप्ले और लियाम लिविंगस्टोन ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। इससे पहले चैम्पियन इंग्लैंड ने रविवार को यहां टी-20 विश्व कप में सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में अमेरिका के खिलाफ टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया।

## वर्ल्ड मेडिकल एंड हेल्थ खेलों में भारत को रिकॉर्ड 32 पदक

**नयी दिल्ली।** सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) के चार अधिकारियों ने फ्रांस में आयोजित 'वर्ल्ड मेडिकल एंड हेल्थ' खेलों में रिकॉर्ड 32 पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव मलिक, मेजर अनीश जॉर्ज, कैप्टन स्टीफन सेबेस्टियन और कैप्टन डानिया जेम्स (महिला वर्ग में) ने सेंट ट्रोपेज में आयोजित खेलों के 43वें चरण में 19 स्वर्ण, नौ रजत और चार कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। पेशेवर चिकित्सकों के 'ओलंपिक खेल' माने जाने वाले इन खेलों में कैप्टन सेबेस्टियन ने छह स्वर्ण पदक जीते।

# भारत ने किया द. अफ्रीका का सूपड़ा साफ




दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से हराकर सीरीज पर कब्जा करने के बाद भारतीय महिला टीम ट्रॉफी के साथ जश्न मनाती हुई। ● एजेंसी

बेंगलुरु, एजेंसी

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद स्मृति मंधाना की अगुवाई में शानदार बल्लेबाजी से भारतीय महिला टीम ने रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से शिकस्त देकर तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। मंधाना लगातार तीसरे मैच में शतक लगाने से चूक गयी। उन्होंने 83 गेंद में 11 चौके की मदद से 90 रन की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट पर 215 रन पर रोकने के बाद भारत ने 40.4 ओवर में चार विकेट पर 220 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

पिछले दो मैचों में 117 और 136 रन की पारियां खेलने वाली मंधाना ने इस मैच में तीन शानदार साझेदारी कर टीम की जीत में योगदान दिया। उन्होंने पहले विकेट के लिए शेफाली वर्मा (25) के साथ 71 गेंद में 61 जबकि दूसरे विकेट के लिए प्रिया पूनिया (28) के साथ 66 गेंद में 62 रन की साझेदारी की। उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत कौर (42) के साथ तीसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 48 रन की साझेदारी की।

हरमनप्रीत ने 48 गेंद की पारी में दो चौके लगाये। कप्तान लॉरा वोलवार्ट (61) की आक्रामक अर्धशतकीय पारी और शानदार शुरुआत के बावजूद दक्षिण अफ्रीका बड़ा स्कोर खड़ा करने में विफल रहा। लॉरा ने 57 गेंद पर 7 चौकों लगाए और तैजमिन ब्रिट्स (38) के साथ पहले विकेट के लिए 119 गेंद में 102 रन की साझेदारी की। ब्रिट्स ने 66 गेंद की पारी में दो चौके और एक छक्का जड़ा। लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना और शेफाली ने सतर्क शुरुआत की। लय में चल रही मंधाना ने छठे ओवर में नेदिन डि क्लर्क के खिलाफ तीन चौके लगाकर अपने हाथ खोले। अगले ओवर में आयोबोंगा खाका (38 रन पर एक विकेट) के खिलाफ शेफाली ने चौका जड़ा। यह जोड़ी खतरनाक हो रही थी लेकिन 12वें ओवर में तुमी सेखुकुने (43 रन पर एक विकेट) ने शेफाली को आउट कर टीम को पहली सफलता दिलायी। मंधाना ने 18वें ओवर में नोनदुमिसो शेनगेस के खिलाफ चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया।

### तीन मैचों की श्रृंखला

- स्मृति मंधाना शतक से चूकीं, 90 रन की खेली तूफानी पारी
- भारतीय महिला टीम ने सीरीज पर किया 3-0 से कब्जा

### वनडे सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली भारतीय

| खिलाड़ी | बनाम | वर्ष | रन |
|---|---|---|---|
| स्मृति | द. अफ्रीका | 2024 | 342 |
| जया शर्मा | न्यूजीलैंड | 2003 | 309 |
| मिताली | ऑस्ट्रेलिया | 2004 | 289 |
| मिताली | इंग्लैंड | 2010 | 287 |
| पूनम | द. अफ्रीका | 2021 | 263 |

### स्कोर बोर्ड

**दक्षिण अफ्रीका 215/8 (50 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| लॉरा वोलवार्ट का एवं बो अरुंधति | 61 | 57 | 7/0 |
| तैजमिन रन आउट (श्रेयंका/ रिचा) | 38 | 66 | 2/1 |
| मारिजेन कैप का एवं बो पाटिल | 07 | 20 | 0/0 |
| एनेके बॉश का एवं बो अरुंधति | 05 | 09 | 1/0 |
| सुने लूस बो वस्त्राकर | 13 | 23 | 1/0 |
| नेदिन डि क्लर्क बो दीप्ति | 26 | 46 | 2/0 |
| नोनदुमिसो रन आउट (दीप्ति / घोष) | 16 | 29 | 2/0 |
| मेइके डि रिडर नाबाद | 26 | 31 | 2/0 |
| नॉनकुलुलेको म्लाबा बो दीप्ति | 00 | 01 | 0/0 |
| तुमी सेखुकुने नाबाद | 06 | 18 | 0/0 |

अतिरिक्त -17 रन, विकेट पतन : 1-102, 2-104, 3-114, 4-120, 5-143, 6-174, 7-178, 8-178

गेंदबाज : श्रेयंका 10-0-35-1, अरुंधति 10-0-36-2, वस्त्राकर 9-0-54-1, दीप्ति 10-0-27-2, राधा 10-0-46-0, मंधाना 1-0-10-0।

**भारत 220/4 (40.4ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| स्मृति मंधाना कैच खाका बो म्लाबा | 90 | 83 | 11/0 |
| शैफाली वर्मा कैच बॉश बो सेखुखुने | 25 | 39 | 4/0 |
| प्रिया पुनिया कैच बॉश बो खाका | 28 | 40 | 3/1 |
| हरमनप्रीत रन आउट | 42 | 48 | 2/0 |
| जेमिमा रोड्रिग्स नाबाद | 19 | 31 | 1/0 |
| रिचा घोष नाबाद | 06 | 03 | 0/1 |

अतिरिक्त- 10 रन, विकेट पतन : 1-61, 2-123, 3-171, 4-214

गेंदबाज : खाका 9-0-38-1, डि क्लर्क 8-0-45-0, सेखुकुने 8.4-0-43-1, म्लाबा 10-1-55-1, शेनगेस 5-0-37-0।

# ऑस्ट्रेलिया पर अफगान की ऐतिहासिक जीत



ऑस्ट्रेलिया पर जीत की खुशी मनाते अफगानिस्तान के खिलाड़ी। ● एजेंसी

किंग्सटाउन, एजेंसी

### टी-20 वर्ल्ड कप

- अफगानिस्तान ने 21 रनों से दी करारी शिकस्त
- रहमानउल्ला गुरबाज और इब्राहिम ने जड़ा अर्धशतक

रहमानउल्लाह गुरबाज (60) और इब्राहिम जदरान (51) की शानदार बल्लेबाजी की और 148 रनों का लक्ष्य हासिल किया। इसके बाद गेंदबाजी में अफगान के गुलबदीन नईब (चार विकेट) और नवीन उल हक (तीन विकेट) लेकर ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 127 रन पर सिमट गई। गेंदबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने टी-20 विश्वकप के सुपर आठ मुकाबले में बड़ा उलटफेर करते हुए ऑस्ट्रेलिया पर 21 रनों से ऐतिहासिक जीत दर्ज की है।

यह जीत इसलिये ऐतिहासिक है क्योंकि अफगानिस्तान ने क्रिकेट के किसी भी प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया को पहली बार हराया, वो भी विश्वकप जैसे बड़े टूर्नामेंट में। इसी जीत के साथ ही अफगानिस्तान ने सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना बढ़ गई। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगान की गुरबाज और जदरान की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रिकार्ड 118 रनों की साझेदारी की। 16वें ओवर में स्टॉयनिस ने गुरबाज को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। गुरबाज ने 49 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली।

इब्राहिम जदरान ने 48 गेंदों में छह चौके लगाते हुये (51) रनों की पारी खेली। जवाब में उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। इनकी तरफ से सिर्फ मैक्सवेल ने 3 छक्के और 6 चौकों की मदद से 59 रन की पारी खेली। इसके अलावा कप्तान मिशेल मार्श व स्टोइनिस ही ऐसे बल्लेबाज हैं जिन्होंने दहाई का आंगडा छुआ। ऑस्ट्रेलिया पूरी टीम को अफगान के गेंदबाजों ने ताश के पत्तों की तरह बिखेर दिया।

**60** रन गुरबाज ने 4 छक्के व 4 चौके की मदद से बनाए

**51** रन जदरान ने 6 चौकों की मदद से 48 गेंदें खेल कर बनाए

### सुपर-8 अंक तालिका

**ग्रुप-1**

| टीमें | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 2 | 2 | 0 | 4 | 2.425 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.223 |
| अफगानिस्तान | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.650 |
| बंगलादेश | 2 | 0 | 2 | 0 | -2.489 |

**ग्रुप-2**

| टीमें | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| इंग्लैंड | 3 | 2 | 1 | 4 | 1.992 |
| दक्षिण अफ्रीका | 2 | 2 | 1 | 4 | 0.625 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 1 | 1 | 2 | 1.814 |
| अमेरिका | 3 | 0 | 3 | 0 | -3.906 |

### जीत की खुशी में पूरी रात जागने से कोई शिकायत नहीं

**किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)।** ग्लेन मैक्सवेल के ऐतिहासिक दोहरे शतक ने राशिद खान को पिछले साल नवंबर में मुंबई में एकदिवसीय विश्व कप मैच के बाद सोने नहीं दिया था, लेकिन अफगानिस्तान के कप्तान ने टी-20 विश्व कप में रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद खुशी से पूरी रात जागने से कोई शिकायत नहीं है। इस जीत से टीम मुंबई की कड़वी यादों पीछे छोड़ने की कोशिश करेगी।

**यूरो कप** बेल्जियम के राजा फिलीप और रानी मथिल्डे भी मैच देखने पहुंचे

# बेल्जियम ने रोमानिया को दी शिकस्त

कोलोन (जर्मनी), एजेंसी

पहले मैच में स्लोवाकिया से हारने के सदमे से उबरते हुए बेल्जियम ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच में शनिवार को रोमानिया को 2-0 से हरा दिया। यूरी टियेलेमेंस ने दूसरे मिनट में पहला गोल किया जबकि केविन डि ब्रूइने ने दूसरे हाफ में दूसरा गोल दागा। बेल्जियम के राजा फिलीप और रानी मथिल्डे भी मैच देखने पहुंची थी। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम 2022 विश्व कप से ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी।



बेल्जियम के गोलकीपर कोएन कैस्टेल्स (ऊपर बाईं ओर) गोल को रोकते हुए।

### यूएफा यूरो मुकाबलों में सुरक्षा बढ़ायेगा

**फ्रैंकफर्ट।** यूरोपीय चैम्पियनशिप में खेल प्रेमियों को खिलाड़ियों तक पहुंचने से रोकने के लिए मैदान के बाहर किनारे पर सुरक्षा बढ़ायी जायेगी क्योंकि कम से कम छह प्रशंसकों ने स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ सेल्फी लेने की कोशिश की थी। यूएफा (यूरोपीय फुटबॉल संघों के संघ) ने रविवार को कहा कि जर्मनी के 10 स्टेडियमों में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किये जायेंगे, हालांकि इस योजना के संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गयी। पिच पर किसी भी तरह घुसने की कोशिश करना स्टेडियम के नियमों का उल्लंघन होगा जिसके कारण उसे स्टेडियम से बाहर कर दिया जायेगा।

# विंडीज व अफ्रीका के बीच करो या मरो का मुकाबला

नॉर्थ साउंड, एजेंसी

मेजबान वेस्टइंडीज को टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिये दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सोमवार को सुपर आठ चरण का आखिरी मुकाबला हर हालत में जीतना होगा। अब जीत के साथ उसका अंतिम चार में प्रवेश तय हो जायेगा जबकि हारने पर मामला नेट रनरेट पर जायेगा और वह भी तब जबकि अमेरिका दूसरे मैच में इंग्लैंड को हरा दे। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक सभी छह मैच जीते हैं, लेकिन उसे भी जीत जरूरी है। हारने पर उसका अंतिम चार में पहुंचना भी नेट रनरेट पर टिकेगा।

**टीमें : दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

**मैच का समय : सुबह छह बजे से।**


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में कजाकिस्तान नहीं जाएंगे मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

- 3-4 जुलाई को अस्ताना में आयोजित होगा शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन
- मीडिया रिपोर्ट के अनुसार संसद सत्र की वजह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया निर्णय

तीसरी बाद भारत के प्रधानमंत्री का पद संभाल रहे नरेंद्र मोदी अगले महीने कजाकिस्तान में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने नहीं जाएंगे।



मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से दावा किया जा रहा है कि सम्मेलन में उनकी जगह विदेश मंत्री एस जयशंकर शामिल हो सकते हैं। सम्मेलन में मोदी के शामिल नहीं होने से कई तरह के सवाल खड़े होंगे। हालांकि एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार संसद सत्र की वजह से भी प्रधानमंत्री मोदी ने यह निर्णय लिया है।

सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3-4 जुलाई को होने वाले शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के लिए अस्ताना नहीं जाने का फैसला किया है। हालांकि, पहले वह एससीओ सिक्योरिटी समिट के लिए कजाकिस्तान जाने थे। इसके चलते उनकी एडवांस सिक्योरिटी टीम ने अस्ताना जाकर सुरक्षा का जायजा भी लिया था। दरअसल, एससीओ मध्य एशिया में शांति और सभी देशों के बीच सहयोग बनाए रखने के लिए बनाया गया संगठन है। पाकिस्तान, चीन रूस भी इसके सदस्य हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुतिन, जिनपिंग और शहबाज शरीफ इस सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचेंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने इस बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। जायसवाल ने सिर्फ इतना कहा कि इसे लेकर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मोदी ने एससीओ में शामिल नहीं होने का फैसला आगामी संसद सत्र के चलते लिया है।

# कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी मनाई

ओटावा, एजेंसी

- घटना में एअर इंडिया के विमान में सवार 86 बच्चों समेत 329 लोगों की मौत हो गई थी

कनाडा की राजधानी ओटावा और टोरंटो शहर में भारतीय मिशन ने रविवार को 1985 के कनिष्क बम विस्फोट की 39वीं बरसी मनाई। इस घटना में एअर इंडिया के विमान में सवार 86 बच्चों समेत 329 लोगों की मौत हो गई थी। उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी।

वर्मा ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा, दुनिया की किसी भी सरकार को राजनीतिक लाभ के लिए अपने क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के खतरे को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। मानव जीवन राजनीतिक हितों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। सरकारों, सुरक्षा एजेंसियों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को आतंकवादी नेटवर्क को नष्ट करने, उनके वित्तपोषण को रोकने और उनकी विकृत विचारधाराओं का मुकाबला करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। इससे पहले, टोरंटो में स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर लिखा, महावाणिज्य दूत सिद्धार्थ नाथ ने 39 साल पहले इसी दिन एआई 182 में हुए बम विस्फोट में जान गंवाने वाले 329 लोगों की याद में एअर इंडिया 182 स्मारक, हंबर पार्क, एटोबिकोक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# यूएई पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी



अबूधाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर में विदेश मंत्री एस जयशंकर। • एजेंसी

- द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा गाजा की स्थिति पर भी चर्चा की उम्मीद

विदेश मंत्री एस. जयशंकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अपने समकक्ष अब्दुल्ला बिन जायद अल-नाहयान के साथ व्यापक वार्ता करने के लिए रविवार को अरब देश की यात्रा पर पहुंचे हैं। जयशंकर और अल-नाहयान के द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा गाजा की स्थिति पर चर्चा करने की उम्मीद है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर की यात्रा क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रम के साथ ही भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के समग्र परिदृश्य की समीक्षा करने का अवसर उपलब्ध कराएगी। उसने एक संक्षिप्त बयान में कहा, विदेश मंत्री एस. जयशंकर आज संयुक्त अरब अमीरात की आधिकारिक यात्रा करेंगे। इसमें कहा गया है, यात्रा के दौरान विदेश मंत्री संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष के साथ साझेदारी के व्यापक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच संबंध पिछले कुछ वर्षों में बेहतर हुए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगस्त 2015 में संयुक्त अरब अमीरात की ऐतिहासिक यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंच गए हैं। दोनों देशों ने आर्थिक भागीदारी को बढ़ाने के लिए फरवरी 2022 में विस्तृत आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

## एक नजर

### हिमाचल के कई हिस्सों में भूकंप के झटके

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के उत्तर पश्चिम क्षेत्र में आदिवासी लाहौल स्पीति जिले के कई हिस्सों में रविवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। जिला प्रशासन के अनुसार भूकंप से जान माल के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है। मौसम विभाग ने बताया कि भारतीय-तिब्बत सीमा से लगे राज्य के कई हिस्सों में सुबह 10 :56 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3 .4 मापी गई।

### जिया के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध का लगाया आरोप

**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने प्रधानमंत्री शेख हसीना पर पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के खिलाफ व्यक्तिगत राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप लगाते हुए रविवार को दावा किया कि जिया मृत्युशय्या पर हैं, क्योंकि उन्हें आगे का इलाज कराने के लिए विदेश जाने की अनुमति नहीं दी गई है। डेली स्टार की एक खबर में कहा गया है कि जिया (78) को गुलशन स्थित आवास फिरोजा पर अचानक तबीयत खराब होने के बाद शनिवार तड़के साढ़े तीन बजे एंबुलेंस से एवरकेयर अस्पताल ले जाया गया।

### पर्यटक की हत्या के आरोप में 23 गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पुलिस ने स्वात शहर में कुरान की कथित तौर पर बेअदबी करने वाले एक पर्यटक की पीट-पीटकर हत्या करने के सिलसिले में 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। मीडिया में आई खबरों में रविवार को यह जानकारी दी गयी। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले की मदयान तहसील में बृहस्पतिवार को गुस्साई भीड़ ने मुहम्मद इस्माइल (40) की गोली मारकर हत्या कर दी और उसे पूरे कस्बे में घसीटते हुए ले गए तथा बाद में सार्वजनिक रूप से उसे फांसी पर लटका दिया।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 18 भारतीय मछुआरे पकड़े

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और मछली पकड़ने वाली उनकी तीन नौकाओं को जब्त कर लिया है। एक समाचार पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार मछुआरों को शनिवार रात तलाशी अभियान के दौरान डेल्फ्ट द्वीप के पास उत्तरी सागर से गिरफ्तार किया गया। नौसेना के प्रवक्ता ने कहा कि गिरफ्तार मछुआरों को आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए कांकेसंतुरई बंदरगाह ले जाया जाएगा।

# ताइवान के आसमां पर गरजे चीनी फाइटर, तट के समीप पहुंचे पोत

## कब्जे के प्रयास को लेकर अपनी दादागीरी दिखाने से बाज नहीं आ रहा चीन

ताइपे, एजेंसी

- ताइवान की सेना ने द्वीप के करीब 15 चीनी फाइटर प्लेन और छह समुद्री पोत देखे
- चीनी फाइटरों के दुस्साहस को लेकर ताइवान की सेना अलर्ट मोड पर रही



ताइवान पर कब्जे के प्रयास को लेकर चीनी अपनी दादागीरी दिखाने से बाज नहीं आ रहा। ताइवान की सेना ने पिछले 24 घंटों में उसके समुद्र तटों के आसपास छह चीनी समुद्री पोत और आसमान में 15 फाइटर प्लेन उड़ते देखे। चीनी फाइटरों के दुस्साहस को लेकर ताइवान की सेना अलर्ट मोड पर रही। इस तरह की हरकत कर चीन ने एक बार फिर ताइवान को घेरने की कोशिश की।

ताइवानी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रविवार सुबह छह बजे (अंतरराष्ट्रीय समयानुसार शनिवार रात 10 बजे) चीन की हरकत रिकार्ड की गई। चीनी फाइटर प्लेन ताइवान के उत्तरी और दक्षिण पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में घुस गये। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चीनी सशस्त्र बलों ने मई में भी द्वीप के प्रशासन के नये प्रमुख लाई चिंग-ते के पदभार संभालने के दो दिन बाद ताइवान के आसपास व्यापक सैन्य अभ्यास किया था। उनके अपने पूर्ववर्ती की स्वतंत्रता समर्थक नीति को जारी रखने की संभावना है।

चीन ने जून की शुरुआत में कहा था कि चीनी सेना सैनिकों को प्रशिक्षित करना, युद्ध की स्थिति में तैयारी करना और ताइवान की स्वतंत्रता के खिलाफ लड़ना जारी रखेगी, साथ ही पुनर्मिलन को बढ़ावा देगी और किसी भी बाहरी हस्तक्षेप का विरोध करेगी। साथ ही, सेना देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का दृढ़ता से पालन करेगी।

### ताइवान 1949 से स्वतंत्र रूप से शासित

ताइवान 1949 से से स्वतंत्र रूप से शासित है। बीजिंग इस द्वीप को अपना प्रांत मानता है, जबकि ताइवान (स्वयं की निर्वाचित सरकार वाला क्षेत्र) मानता है कि वह एक स्वायत्त देश है। बीजिंग ताइपे के साथ अन्य देशों के किसी भी आधिकारिक संपर्क का विरोध करता है और द्वीप पर चीनी संप्रभुता को निर्विवाद मानता है।

### फिलीपींस बोला- नहीं डरते चीन से, युद्ध हुआ तो पीछे नहीं हटेंगे

**मनीला, एजेंसी।** फिलीपींस के राष्ट्रपति ने रविवार को कहा कि उनका देश चीन के आगे नहीं झुकेगा लेकिन कभी युद्ध हुआ तो पीछे भी नहीं हटेगा। विवादित दक्षिण चीन सागर में चीन की सेना द्वारा फिलीपींस की नौसेना के जवानों को घायल करने और एक झड़प में कम से कम दो सैन्य नौकाओं को क्षतिग्रस्त किये जाने की पृष्ठभूमि में उन्होंने यह कहा। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने अपने शीर्ष अधिकारियों और रक्षा प्रमुख के साथ द्वीपीय प्रांत पलावन के लिए उड़ान भरी। वह उन नौसेना कर्मियों को पदक प्रदान करने के लिए पहुंचे जो चीनी तटरक्षक के हमले का निशाना बने थे। सेना द्वारा सार्वजनिक किए गए टकराव के वीडियो और तस्वीरों में चीनी तट रक्षक के कर्मी फिलीपींस के नौसेना की एक नाव पर प्रहार करते, सायरन बजाते और स्ट्रोब लाइट का उपयोग करते देखे जा सकते हैं। वहीं, चीन की सरकार ने कहा है कि जब फिलीपींस के सैनिकों ने उसकी चेतावनी को नजरअंदाज किया तब उसे कार्रवाई करनी पड़ी।

## विकसित किया कवच का नया संस्करण

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच का नया और अधिक सक्षम एवं प्रभावशाली संस्करण कवच 4.0 विकसित किया है तथा परीक्षण के बाद इसे शीघ्र ही लगाना शुरू किया जाएगा।

सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कवच की प्रगति की समीक्षा की जिसमें अधिकारियों ने कवच के संस्करण 4.0 की प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया। रेल मंत्री को बताया गया कि कवच के सभी तीन अनुमोदित निर्माता संस्करण 4.0 के परीक्षण के उन्नत चरण में हैं।

# इस साल हज यात्रा में 1,300 लोगों की मौत

मक्का (सऊदी अरब), एजेंसी

- रिपोर्ट में कहा कि एकत्रित लोगों में फैल सकती हैं संक्रामक बीमारियां

इस साल सऊदी अरब में भीषण गर्मी के बीच हज यात्रा के दौरान करीब 1,300 लोगों की मौत हुई है। सऊदी अरब के स्वास्थ्य मंत्री ने यह जानकारी दी। हज के दौरान मौतें होना कोई असामान्य बात नहीं है, क्योंकि इस दौरान कई बार 20 लाख से ज्यादा लोग सऊदी अरब की यात्रा करते हैं।

जर्नल ऑफ इन्फेक्शन एंड पब्लिक हेल्थ के अप्रैल संस्करण में प्रकाशित एक लेख के अनुसार, प्रत्येक वर्ष हज के लिए कम आय वाले देशों से लाखों लोग आते हैं जिनमें से कई को हज-पूर्व स्वास्थ्य देखभाल सेवा बहुत कम या बिलकुल भी नहीं मिलती है। इसमें कहा गया है कि एकत्रित लोगों में संक्रामक बीमारियां फैल सकती हैं। हालांकि, इस साल मृतकों की संख्या से पता चलता है कि मौतों में वृद्धि का कारण कुछ और था। जॉर्डन और ट्यूनीशिया समेत कई देशों ने कहा है कि उनके यात्रियों की मौत मक्का पर पड़ने वाली गर्मी के कारण हुई।

# रूस में आतंकी हमला, सात की मौत

मॉस्को, एजेंसी

- सुरक्षाबलों ने दो आतंकी ढेर किए 40 से ज्यादा लोग बंधक

रूस के दागिस्तान में रविवार रात को एक बड़े आतंकी हमले में आतंकियों ने चर्च और पुलिस पोस्ट को निशाना बनाया। हमले में अभी तक सात लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। इसमें एक पादरी और छह पुलिसकर्मी शामिल हैं। रूसी नेशनल गार्ड ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया है। वहीं आतंकियों से मुठभेड़ जारी बताई जा रही है।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक रविवार देर रात आतंकियों ने दागिस्तान और माखचकाला में दो चर्च और एक प्रार्थना घर को निशाना बनाया है। अभी भी आतंकियों ने 40 से ज्यादा लोगों को बंधक बना रखा है, जिनकी रिहाई की कोशिश लगातार की जा रही है। रूसी नेशनल गार्ड ने मोर्चा संभाल लिया है और उसकी तरफ से आतंकियों की गोली का मुहंतोड़ जवाब दिया जा रहा है। जिस प्रार्थना घर और चर्च में हमला हुआ है, वो दोनों ही मुस्लिम बाहुल्य डर्बेंट शहर में स्थित हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि भीषण गोलीबारी के बाद प्रार्थना घर में तो आग लग गई थी। जिन आतंकियों ने इस हमले को अंजाम दिया है, उनकी पहचान नहीं हो पाई है। खबर यह भी है कि कुछ आतंकी एक गाड़ी में सवार होकर फरार हो चुके हैं, उनके लिए अलग से सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है।

## फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की तैनाती को मंजूरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संघीय सरकार ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अर्धसैनिक बल फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की तैनाती को रविवार को मंजूरी दे दी। पीओके में पिछले महीने व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे, जिसमें कई लोगों की मौत हुई थी। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अर्धसैनिक बल फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की छह पलाटून तीन महीने के लिए क्षेत्र में तैनात की जाएंगी। फ्रंटियर कांस्टेबुलरी की तैनाती का यह फैसला, पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद के खिलाफ नए सिरे से प्रतिबद्धता के साथ एक बड़ा अभियान शुरू करने की घोषणा के एक दिन बाद आया है। यह घटनाक्रम विवादित क्षेत्र के प्रधानमंत्री चौधरी अनवारुल हक और गृह मंत्री मोहसिन नकवी के बीच मुलाकात के बाद हुआ।

# कंजर्वेटिव पार्टी का एक और नेता सट्टेबाजी में घिरा

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बोले- आरोपों के बारे में जानकर वे बेहद क्रोधित थे

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को रविवार को एक बार फिर आलोचना का सामना पड़ा क्योंकि उनकी पार्टी के एक और वरिष्ठ पदाधिकारी पर आम चुनाव की तारीख पर सट्टा लगाने का आरोप लगा है। देश में आम चुनाव के लिए चार जुलाई की तारीख तय की गई है। यह



मामला चुनाव की तारीख घोषित किए जाने से पहले इसे लेकर सट्टा लगाने से संबंधित है। इससे पहले भी सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पर आम चुनाव की तारीख को लेकर सट्टा लगाने का मामला सामने आ चुका है, जिसकी जांच जारी है।

भारतीय मूल के ब्रिटिश नेता सुनक ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में सामने आए आरोपों के बारे में जानकर वे बेहद क्रोधित थे जबकि अब पता चला है कि कंजर्वेटिव पार्टी के मुख्य डेटा अधिकारी की भी जुआ-रोधी नियामक द्वारा चुनाव की तारीख की घोषणा से पहले सट्टा लगाने के आरोप में जांच की जा रही है। इस संबंध में द संडे टाइम्स की रिपोर्ट में खुलासा होने के बाद निक मेसन ने किसी भी तरह का गलत कार्य करने से इनकार किया है। यह सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी के लिए एक नया झटका है।

## कोझिकोड बना भारत का पहला 'साहित्य शहर'

**कोझिकोड।** उत्तरी केरल में स्थित कोझिकोड को रविवार को यूनेस्को द्वारा आधिकारिक तौर पर भारत का पहला 'साहित्य शहर' घोषित किया गया। अक्टूबर 2023 में कोझिकोड को 'यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज़ नेटवर्क (यूसीसीएन)' की 'साहित्य' श्रेणी में स्थान मिला था। राज्य के स्थानीय स्वशासन विभाग (एलएसजीडी) मंत्री एम बी राजेश ने रविवार को एक आधिकारिक कार्यक्रम में कोझिकोड की उपलब्धि की घोषणा की जिसके तहत उसे यूसीसीएन की 'साहित्य' श्रेणी में स्थान मिला है। मंत्री ने कहा कि कोझिकोड नगर निगम के कुशल कामकाज ने कोलकाता जैसे समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास वाले शहरों को पछाड़कर यूनेस्को से 'साहित्य के शहर' की उपाधि हासिल कर ली है।

## शादी के बंधन में बंधे सोनाक्षी और जहीर



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता जहीर इकबाल और अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा रविवार को परिवार और करीबी मित्रों की मौजूदगी में शादी के बंधन में बंध गए। सोनाक्षी (37) और जहीर (35) ने अपने परिवारों की मौजूदगी में बांद्रा स्थित अपार्टमेंट में शादी की। नवविवाहित जोड़े ने सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर एक पोस्ट में शादी की खबर साझा की। युगल ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, "आज से सात साल पहले 23 .06 .2017 को हम दोनों ने एक-दूसरे की आंखों में प्यार को उसके खूबसूरत रूप में देखा था और बस तय कर लिया था कि साथ रहेंगे। इस प्यार ने बहुत सारी मुश्किलें पार की हैं और आज यह हम दोनों को इस क्षण तक ले आया है। हमारे दोनों परिवारों और ईश्वर के आशीर्वाद की बदौलत हम यहां तक आ पाए हैं। हम पति-पत्नी बन चुके हैं।" नेटफ्लिक्स सीरीज 'हीरामंडी' में सोनाक्षी की सह-कलाकार रहीं अदिति राव हैदरी अपने मंगेतर अभिनेता सिद्धार्थ के साथ समारोह में शामिल हुईं। सोनाक्षी-जहीर के वैवाहिक कार्यक्रम में हुमा कुरैशी ने भी शिरकत की।

## बॉलीवुड हलचल

### पवन सिंह की बायोपिक का फर्स्ट लुक हुआ रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता-गायक पवन सिंह की रियल और रील लाइफ बनी भोजपुरी फिल्म पावर स्टार का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। भोजपुरी सिनेमा में पहली बार ऐसा हो रहा है कि किसी स्टार के जीवन पर आधारित बायोपिक फिल्म में खुद उसी अभिनेता ने खुद का किरदार जिया है। भोजपुरी सिनेमा में पहली बार है जब फिल्म पवर स्टार खुद पवन सिंह ने केंद्रीय भूमिका निभाई है। इस फिल्म में पवन सिंह और मधु शर्मा की मुख्य भूमिका है। फिल्म पावर स्टार का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फ़िल्म पवन सिंह की लाइफ स्टाइल पर आधारित है, रीयल लाइफ में जैसे पवन सिंह हैं, वैसे ही इस फ़िल्म में भी वे दिखेंगे। मैड्ज मूवीज बैनर के तले बिग स्केल पर बनाई गई भोजपुरी फिल्म पावर स्टार के प्रोड्यूसर मधु शर्मा और समीर आफ़ताब हैं। इस फ़िल्म का निर्देशन फिरोज खान ने किया है। फिल्म पावर स्टार में पवन सिंह, मधु शर्मा, पीयूष सुहाने, मनोज सिंह टाइगर, प्रकाश जैस, युगांत पांडे, संजय वर्मा, अजय पटेल, इंद्रेश त्रिपाठी, उजैर खान, हेमलाल कौशल, सुजीत सार्थक, अभिषेक नजर आएंगे।

### 72 वर्ष के हुए बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता राज बब्बर



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता राज बब्बर आज 72 वर्ष के हो गये। राज बब्बर का जन्म 23 जून 1952 को हुआ। वर्ष 1975 में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद बतौर अभिनेता बनने का सपना लिये वह मुंबई आ गये। मुंबई आने के बाद मुख्य अभिनेता के रूप में अपनी पहचान बनाने के लिये उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। इस दौरान वह निर्माता-निर्देशक प्रकाश मेहरा के ऑफिस में एक छोटे से कमरे में रहकर संघर्ष किया करते थे। राज बब्बर ने अपने सिने करियर की शुरुआत वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म सौ दिन सास के से की। इस फिल्म में उन्होंने अभिनेत्री रीना राय के पति की भूमिका निभाई। फिल्म हालांकि टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी लेकिन अभिनेत्री प्रधान फिल्म होने के कारण उन्हें अधिक नोटिस नहीं किया गया।

### एसएस राजामौली ने कल्कि के ट्रेलर की तारीफ की

**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली ने बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी के ट्रेलर की तारीफ की है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। प्रशंसकों से लेकर मशहूर हस्तियों तक, हर कोई ट्रेलर की सराहना कर रहा है। निर्देशक एसएस राजामौली ने भी ट्रेलर की सराहना की है। निर्देशक एसएस राजामौली ने सोशल मीडिया पर लिखा, यह पावर पैक्ड ट्रेलर है। यह फिल्म एफडीएफएस देखने के लिए सही मूड और टोन सेट करता है। अमिताभ जी, डार्लिंग और दीपिका के किरदारों में बहुत गहराई है। यह वाकई दिलचस्प है।

# आतंकवाद बढ़ने का माध्यम बन रहा इंटरनेट

जम्मू, एजेंसी

- डीजीपी आरआर स्वैन ने कहा- पाकिस्तानी हैंडलर घुसपैठ और हथियारों की तस्करी के लिए इंटरनेट का उपयोग कर रहे

इंटरनेट जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा देने के माध्यम के रूप में उभर रहा है, क्योंकि पाकिस्तानी हैंडलर इस केंद्र शासित प्रदेश में घुसपैठ और हथियारों की तस्करी के लिए इंटरनेट का उपयोग करते हैं। यह बात पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आरआर स्वैन ने कही।



उन्होंने कहा इंटरनेट जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा देने का माध्यम बनता जा रहा है, और 75 प्रतिशत चुनौतियां इससे जुड़ी हैं। हो सकता है कि कुछ अधिकारी इसे 60 से 80 प्रतिशत के बीच में रखें, लेकिन यह बयान देते हुए मैं सच्चाई से दूर नहीं हूं। डीजीपी ने कहा विदेशी व्हाट्सएप और टेलीग्राम ने अपनी सेवाओं और मंचों को बढ़ाकर हमारे लाइसेंस प्राप्त दूरसंचार सेवा प्रदाताओं की संप्रभुता को कमजोर कर दिया है। मैंने इस मुद्दे को उच्चतम स्तर पर उठाया है, क्योंकि यह एक सुरक्षा चुनौती है।

पाकिस्तान के एक हैंडलर ने अपने स्थानीय एजेंटों के माध्यम से इंटरनेट का उपयोग करके हमले की साजिश रची। वे (आतंकवादियों की) घुसपैठ के लिए भौगोलिक स्थान चुनते हैं, हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक गिराते हैं और इंटरनेट का उपयोग करके बिना किसी की नजर में आए इसे कब और कहां से उठाना है, इसकी योजना बनाते हैं। डीजीपी ने कहा कि पहले हमले को अंजाम देने की साजिश एक निजी बैठक या टेलीफोन संपर्क के माध्यम से तैयार की जाती थी।

## शत्रु एजेंट अधिनियम के तहत मददगारों से निपटा जाएगा

जम्मू, एजेंसी

- दावा- कुछ महीनों में जम्मू क्षेत्र से सभी विदेशी आतंकवादियों का सफाया कर दिया जाएगा

डीजीपी ने कहा कि विदेशी आतंकवादियों का समर्थन करने वाले स्थानीय लोगों से शत्रु एजेंट अधिनियम के तहत निपटा जाएगा, जो गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) से कहीं अधिक कठोर है। स्वैन ने दावा किया कि अगले कुछ महीनों में जम्मू क्षेत्र से सभी विदेशी आतंकवादियों का सफाया कर दिया जाएगा।

पुलिस प्रमुख ने यहां एक समारोह में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एनआईए ने रियासी जिले में नौ जून को तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकवादी हमले की जांच अपने हाथ में ले ली है। यहां की पुलिस ने 12 जून को कठुआ जिले में हुई गोलीबारी की घटना के सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है और मामले को राज्य जांच एजेंसी को सौंप दिया गया है। रियासी, डोडा और कठुआ जिलों में 9 से 12 जून के बीच चार आतंकी घटनाओं में शिव खोरी मंदिर से लौट रहे सात तीर्थयात्रियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान सहित दस लोगों की मौत हो गई थी तथा कई अन्य घायल हो गए थे। कठुआ में हुई एक मुठभेड़ में दो पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए।